राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 107
लखनऊ, बुधवार 04 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जन शिकायतों को प्राथमिकता से करें निस्तारित : केशव प्रसाद मौर्य 03

दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण देना समाज की प्राथमिकता : राष्ट्रपति 12


## संक्षिप्त समाचार

### आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की मिली धमकी

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों पर भी नजर रखी जा रही है। अभी तक किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ई-मेल किसने और कहां से भेजा इस बात का पता लगाया जा रहा है। ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन बने सुप्रीम कोर्ट जज

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने जस्टिस मनमोहन के सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में कार्यभार संभालने के दिन से दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस विभू बाखरु को दिल्ली हाई कोर्ट का कार्यकारी चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 नवंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। मनमोहन को 13 मार्च 2008 को दिल्ली हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। जस्टिस मनमोहन 29 सितंबर 2024 से दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे हैं।

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में गत अक्टूबर में निर्माण श्रमिकों पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल लश्कर-ए-तैयबा का एक शीर्ष आतंकवादी यहां सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया।
आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों से उनका आमना-सामना हो गया । दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से सीजेआई हटे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नई बेंच का गठन किया जाएगा। 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे।

## बंगाल में आठ व देशभर में 28 निजी मेडिकल कॉलेजों पर ईडी का छापा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के आठ गैर सरकारी मेडिकल कॉलेजों और देशभर में कुल 28 मेडिकल कॉलेजों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह छापा मारा है। इस कार्रवाई के दौरान मेडिकल कॉलेज मालिकों के घरों और संस्थानों को खंगाला जा रहा है।

ईडी सूत्रों के अनुसार, पूर्व माकपा सांसद लक्ष्मण सेठ के हल्दिया स्थित घर और उनकी स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित मेडिकल और डेंटल कॉलेज में कार्रवाई चल रही। इसके साथ ही बर्धमान, बीरभूम और कोलकाता के तारातला इलाके के मेडिकल कॉलेजों में भी तलाशी अभियान जारी है। यह कार्रवाई एनआरआई कोटा से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही है। आरोप है कि फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर बड़ी रकम लेकर अयोग्य छात्रों को एनआरआई कोटा के तहत दाखिला दिया गया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पहले ही नाराजगी जता चुका है। इसके बाद ईडी ने इस दिशा में सक्रियता दिखाई। बीरभूम में जिस मेडिकल कॉलेज में तलाशी चल रही है, उसके मालिक मलय पीट पर पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। वह अनुव्रत मंडल के करीबी माने जाते हैं और उनके नाम मवेशी तस्करी और भर्ती घोटाले में भी शामिल होने का आरोप है।

## मनरेगा में एरिया इंस्पेक्शन रिपोर्ट में देश भर में उत्तर प्रदेश अव्वल

### मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार पर जोर, एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन से हो रहे निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में मनरेगा योजनाओं की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है। ऐप लॉन्च करने का खास मकसद यह है कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा जिसमें करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है।

एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी जांच भ्रमण के समय मनरेगा के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है। मनरेगा



के अंतर्गत लाखों मजदूर भी कार्यरत हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत कई योजनाएं संचालित हो रही हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वारा एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश के कार्यक्रम अधिकारियों की मेहनत रंग ला रही है, मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके, इसलिए कार्यस्थलों पर निरंतर निगरानी हेतु अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में प्रदेश वर्तमान में सबसे आगे, प्रदेश द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा निरीक्षण कर उपलब्धि हासिल की है।

**कार्यों में गुणवत्ता सुधार, पारदर्शिता के लिए निरीक्षण जरूरी**


इस वर्ष प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य 99,480 को पार करते हुए 1,22,681 से अधिक निरीक्षण किये गये हैं। प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। आन्ध्र प्रदेश दूसरे, बिहार तीसरे स्थान पर है। मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण एवं पारदर्शिता को लेकर निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जांच भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो अपलोड की जाती है। खण्ड विकास अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यस्थलों का तेजी से निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष अब तक 1,22,681 से अधिक निरीक्षण किये जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 99,504 निरीक्षण किये गये थे। वर्ष 2023-24 में 1.50 लाख से ज्यादा निरीक्षण किये गये थे। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा समस्त जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत हो रहे सभी कार्यों की निगरानी एवं पादर्शिता के लिए निरीक्षण का कार्य बेहद अहम है।

# नागरिक अधिकारों के रक्षक हैं नए आपराधिक कानून : मोदी

एजेंसी

**अपने महंगे शौक पूरा करने के लिए काम करते थे आरोपी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया और कहा कि नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम है। ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज करवाना बहुत मुश्किल था लेकिन अब जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता दे दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दिए जाने का अधिकार दिया गया है और आरोपित के खिलाफ कोई भी मामला तभी वापस लिया जाएगा, जब पीड़ित सहमत होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। संविधान और कानूनी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत के बाद देश की नई न्याय संहिता को तैयार किया गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बनी भारत की यह न्याय संहिता भारत की न्यायिक यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

**सुगम्य भारत ने दिव्यांगों को दिया सम्मान**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने सुगम्य भारत अभियान के 9 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए पहुंच, समानता तथा अवसर को और बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने दिव्यांग बहनों और भाइयों के धैर्य और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इसने हम सभी को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ब्लॉग पर लिखा कि आज 3 दिसंबर का महत्वपूर्ण दिन है। पूरा विश्व इस दिन को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाता है। आज का दिन दिव्यांगजनों के साहस, आत्मबल और उपलब्धियों को नमन करने का विशेष अवसर होता है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की संकल्प-शक्ति से 'सुगम्य भारत' ने ना सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटाई, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ये दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर बीते 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय़ हुए हैं। ये निर्णय दिखाते हैं कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम में आज का दिन दिव्यांग भाई-बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है।

### अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग पर हमले में सात लोग गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा पुलिस ने सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में घुसकर हंगामा करने और पड़ोसी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इस मामले में 4 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के सामने धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ धरना दिया और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था का उल्लंघन किया और कार्यालय परिसर में प्रवेश करते हुए हंगामा किया और बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। इसके बाद बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। त्रिपुरा पुलिस के मुताबिक मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीन उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) हिरासत में लिया है। आगे की जांच चल रही है।

## चीन से वार्ता में सीमा पर अमन चैन को प्राथमिकता : विदेश मंत्री

एजेंसी



नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है।

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है। भारत और चीन को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए। किसी भी पक्ष को यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव है। विदेश मंत्री ने सदन को डेप्सांग और डेमचोक के संबंध में 21 अक्टूबर, 2024 को हुए समझौते के बारे में सूचित किया। उहॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में अग्रिम तैनाती हटाने को लेकर अंतिम समझौता होने के बाद से दोनों क्षेत्र सितंबर 2022 से चीनी पक्ष के साथ डब्ल्यूएमसीसी और एसएचएमसी दोनों में हमारी चर्चाओं का केंद्र रहे हैं। विशेष प्रतिनिधियों को सीमा प्रश्न का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशने के अलावा शांति और सौहार्द्र के प्रबंधन की देखरेख भी करनी है। इसके अनुसरण में उन्होंने हाल ही में 18 नवंबर, 2024 को रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री वांग यी के साथ फिर से चर्चा की।

### मिलावटी सामान बेंचने वाले 65 रेस्टोरेंट, दुकान व होटल पर 31 लाख का जुर्माना

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर 30 लाख का जुर्माना दुकानों पर लगाया गया है। यह कार्रवाई विभाग की तरफ से चलाए गए अभियानों में खामी मिलने पर की गई थी। मामले में मिलावटी खाद्य पदार्थ की रोकथाम के लिए विभाग की तरफ से नमूने भी इक्ठा किए गए थे। जिसपर अपर जिलाधिकारी की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने इन दुकानों पर जुर्माने का फैसला दिया है। नवंबर में 65 मामलों में कुल 30.95 लाख रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। यह कार्रवाई न्याय निर्णायक अधिकारी अमित कुमार की अदालत में पूरी की गई। अपर जिलाधिकारी (नगर-पूर्वी) ने आदेश दिया है कि सभी दोषी दुकानदारों को 30 दिनों के भीतर जुर्माना भरना होगा। ऐसा न करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 96 के तहत वसूली प्रमाण पत्र (आरसी) जारी होगा।

## इक्कीस हजार करोड़ के रक्षा सौदों को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्रों बलों के आधुनिकीकरण को आगे बढाने तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 21 हजार 772 करोड़ रूपये के पांच रक्षा सौदों को मंगलवार को जरुरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दे दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस निर्णय को मंजूरी दी गयी। खरीद के इन प्रस्तावों में नौसेना के लिए 31 नए वॉटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति भी शामिल हैं। इन्हें तट के करीब कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, निगरानी, गश्ती और खोज और बचाव संचालन का कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, ये जहाज विशेष रूप से द्वीप क्षेत्रों में और उसके आसपास



समुद्री डकैती रोधी अभियानों में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। खरीद परिषद ने 120 फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्ट की खरीद के लिए भी आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की है। ये जहाज तटीय रक्षा के लिए विमान वाहक, विध्वंसक और फ्रिगेट्स, पनडुब्बियों जैसी इकाइयों को एस्कॉर्ट करने सहित कई भूमिकाएं निभाने में सक्षम हैं। खरीद परिषद ने इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर मंजूरी दी है जिसमें बाहरी एयरबोर्न सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर पॉड्स, अगली पीढ़ी के रडार चेतावनी रिसीवर और सुखोई -30 एमकेआई विमान से संबंधित उपकरण शामिल हैं।

### पुलिस ने प्रेरणास्थल पर आंदोलनरत सात सौ किसान किए गिरफ्तार

नोएडा। अपनी मांगों को लेकर आंदोलरत सात सौ से ज्यादा किसानों को दलित प्रेरणा स्थल से पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया । सभी किसानों को गिरफ्तार कर सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन ले जाया गया। मौके पर 4,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। इस समय मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान किसान जय जवान, जय किसान के नारे लगाते रहे। किसान नेताओं का कहना है कि अब आंदोलन और भी ज्यादा उग्र हो सकता है। पुलिस किसानों को अपने साथ पुलिस लाइन ले गयी, जिसके बाद किसान संगठनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने सिसौली में आपातकालीन बैठक बुलाई है। आंदोलन के दौरान नोएडा पुलिस सभी किसानों को उठाकर ले गई। पुलिस के इस कदम के बाद भारतीय किसान यूनियन में आक्रोश पैदा हो गया है।

## सम्भल हिंसा में दो पीआईएल पर सुनवाई आज

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट में बुधवार को सम्भल हिंसा से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई होने की सम्भावना है। एक मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग को लेकर है और दूसरी घटना में मारे गए और गिरफ्तार लोगों की सूची जारी करने आदि की मांग है।

एक जनहित याचिका चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ के समक्ष और डॉ आनंद प्रकाश तिवारी की जनहित याचिका जस्टिस एमसी त्रिपाठी एवं जस्टिस प्रशांत कुमार की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है। एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की पीआईएल में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 37 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों के नामों को जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष-पुलिस स्टेशन के बाहर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। साथ ही हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के नाम और जिस अपराध के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है, उसकी सूची बनाने का निर्देश दिए जाने की मांग भी की गई है। यदि हिरासत 24 घंटे से अधिक अवधि के लिए है, तो पुलिस नियंत्रण कक्ष-पुलिस स्टेशन के बाहर क्या कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद हुई मौतों की संख्या और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ जानकारी और स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने की मांग भी की गई है। साथ ही यह मांग भी की गई है कि पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की हैं, उन्हें वेबसाइट पर अपलोड करें और उसे आरोपितों व पीड़ितों को तुरंत उपलब्ध कराएं।

**कृष्ण जन्मभूमि केस में मीडिया को संयम बरतने के निर्देश**

**अदालती कार्यवाही की गलत रिपोर्टिंग कोर्ट की अवमानना के समान : हाईकोर्ट**

प्रयागराज। मथुरा में चल रहे कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अदालती कार्यवाही की गैर जिम्मेदाराना व गलत रिपोर्टिंग के बारे में मीडिया को कड़ी चेतावनी दी है। हाईकोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी कोई भी रिपोर्टिंग, जो मामले में कार्यवाही या आदेशों को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है, प्रथम दृष्टया न्यायालय की अवमानना के बराबर हो सकती है। मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-केस की सुनवाई करते हुए जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने अपने आदेश में कहा, यह न्यायालय उम्मीद करता है कि मीडियाकर्मी इस मामले की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करते समय उचित संयम बरतेंगे। इस सम्बंध में न्यायालय के आदेशों की गरिमा और पवित्रता बनाए रखेंगे। एकल जज ने यह आदेश पूरे विवाद के वाद नंबर 18 में वकील द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में मामले की गलत रिपोर्टिंग पर संयम बरतने की मांग की गई।

## मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों व संगठनों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**सीएम ने 19 दिव्यांगों व दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों को दिया राज्य स्तरीय पुरस्कार**

लखनऊ। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में भव्य राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों, उनके हित में कार्यरत संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने योगी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है। समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों 19 दिव्यांगजनों और दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 46 मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

**आरोप**

**समाजवादी पार्टी के मुखिया व कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा**

# संभल में माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के साथ पुलिस और प्रशासन भी जिम्मेदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया और यूपी के कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में संभल हिंसा पर बयान देते हुए इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया।



उन्होंने संभल में माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के साथ पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इन्हें निलंबित किया जाना और हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए, ताकि आगे कोई संविधान के खिलाफइस तरह का काम ना कर सके। अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा, संभल में जो अचानक घटना हुई है, वो एक सोची समझी-साजिश के तहत हुई है और संभल में भाईचारे को गोली मारने का काम हुआ है। दउन्होंने कहा, संभल जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने ढाई घंटे के बाद बताया कि सर्वे पूरा हो चुका है और रिपोर्ट कोर्ट को भेज दी जाएगी। लेकिन, 22 नवंबर को शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने के लिए लोग जामा मस्जिद पहुंचे। मगर, पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड लगा दिया, ताकि लोग नमाज नहीं पढ़ सके। उसके बाद भी लोगों ने संयम बरतते हुए नमाज अदा की और किसी तरह का विरोध प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा, 29 नवंबर को कोर्ट की अगली तारीख तय थी।

**देशभर में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों, जो बार-बार खुदाई की बातें कर रहे हैं, ये खुदाई हमारे देश का सौहार्द, भाईचारा, गंगा-जमुनी तहजीब को खो देगा। ये सोची-समझी साजिश इसलिए बोल रहा हूं, क्योंकि यूपी विधानसभा के उपचुनाव 13 नवंबर को होना था। इन्होंने तारीख 13 नवंबर से बढ़ाकर 20 नवंबर कर दिया। संभल के शाही जामा मस्जिद के खिलाफ19 नवंबर 2024 को सिविल जज सीनियर डिविजन चंदौसी संभल में एक याचिका डाली गई। कोर्ट ने दूसरे पक्ष को सुने बगैर उसी दिन सर्वे के आदेश दे दिए। ये ताज्जुब की बात है। दो घंटे बाद सर्वे की टीम संभल पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गई।**

**खुलासा : संभल हिंसा में चले पाकिस्तानी कारतूस**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा के स्थल से एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यहां पाकिस्तान आर्डिनेंस फैक्टरी के दो कारतूस बरामद किए गए हैं, जिनमें एक 9 एमएम और दूसरा 12 बोर का कारतूस शामिल है। इस खोज ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है और पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर नालियों की तलाशी ली, जहां सर्च ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान आर्डिनेंस फैक्टरी के 9 एमएम के दो मिसफायर और एक खोखा बरामद हुआ। इसके अलावा 12 बोर और 32 बोर के दो- दो खोखे भी मिले हैं। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है और अधिकारी मौके पर जांच कर रहे हैं। पहले अधिकारियों ने हिंसा में मारे गए लोगों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर यह कहा था कि मौत देशी 315 बोर के हथियार से गोली लगने से हुई है, लेकिन अब विदेशी हथियारों के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। इस नई जानकारी से पुलिस की थ्योरी पर सवाल उठ सकते हैं, क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पहले देशी 315 बोर हथियार की गोली से मौत की बात कही गई थी।

# डीएम ने दिव्यांग बच्चों को बांटें स्वेटर, बैग, ऊनी कैप, खिले चेहरे

- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवसः आदर्श मूकबधिर विद्यालय पहुंचीं डीएम, बच्चों से की मुलाकात
- डीएम की पहल पर बलरामपुर फाउंडेशन ने सीएसआर से दिया गीजर और कंबल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अभिव्यक्ति सिर्फ शब्दों से नहीं व्यक्त होती बल्कि सबसे सशक्त और अर्थपूर्ण अभिव्यक्ति तो भावों की होती है। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और मूक बधिर दिव्यांग बच्चों के बीच भावों की अभिव्यक्ति के आदान-प्रदान का ऐसा ही अविस्मरणीय नजारा देखने को मिला। डीएम के भावों का संवाद इन बच्चों को भावुक कर गया। डीएम ने शब्दों के माध्यम से भी संवाद किया जिसे शिक्षक ने संकेतों से बच्चों को समझाया। बच्चों ने इस आत्मीय उत्साह को देखकर डीएम को भी भावुक हो गईं और उन्होंने हाथ उठाकर मुस्कुराते हुए सबका अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया। संकेतों में बच्चों से उनका कुशलक्षेम जानने के बाद डीएम ने सबको उपहार भेंट किया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आदर्श मूक बधिर विद्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मुख्य महाप्रबन्धक बलरामपुर चीनी मिल्स लि., यूनिट-गुलरिया योगेश कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्यालय के लिए बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत प्रोजेक्ट नई उम्मीद के तहत प्रदत गीजर, कम्बल विद्यालय को सौंपा। इसके अलावा डीएम ने विद्यालय में नामांकित मूक बधिर बच्चों को स्वेटर, स्कूल बैग, ऊनी कैप, मोजा, फल एवं अन्य सामग्री सामग्री वितरण का वितरण किया। डीएम के हाथों उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, अध्यक्ष महिला क्लब गुलरिया चीनी मिल बबीता सिंह, एचआर हेड गुलरिया अजीत सिंह, वरिष्ठ उप प्रबंधक प्रशासन अविनेश मिश्रा मौजूद रहे। इससे पूर्व डीएम ने विद्यालय परिसर, छात्रावास, क्लासरूम आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। बताते चलें कि डीएम की पहल पर बलरामपुर फाउंडेशन ने विद्यालय के लिए सीएसआर से मदद को आगे आया।

### मूकबधिर बच्चों ने दिखाया चित्रकला प्रदर्शनी में अपना हुनर

आदर्श मूकबधिर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों की पेंटिंग और उनके हुनर को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर दिव्यांग छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई की। जिनके हौसले बुलंद होते हैं, उनके रास्ते में दिव्यांगता भी बाधा नहीं बन सकती। फिर चाहे कोई भी फील्ड हो, वे अपनी मंजिलें खुद बनाते हैं। दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स देखकर डीएम ने बच्चों के हुनर की मुक्तकंठ से सराहना की।

**दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति से मोहा मनः** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आदर्श मूक बधिर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने दिव्यांग बच्चों ने नीशू, इच्छा, कस्तूरी ने सुस्वागतम् गीत, मानव, शिवालिंग, कृष्णा ने श्री गणेशा देवा, किस, मानव, शिवालिंग, सार्थक, कृष्णा, भानु, अस्तेय मिश्रा ने कोका-कोला, मयंक, अतुल, अनुम, विशाल ने जलवा-जलवा देश भक्ति गीत, छोटू मिश्रा, शिवालिंग, अमित, प्रांजल, सिराज, शिवांश, अस्तेय, कृष्णा मौर्य ने बम-बम भोलें पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। सीमा राना ने सेम टाइम, पल्वी गौतम ने देश रंगीला, दिव्यांग बच्चों ने जय हो, राम आयेंगे, आयो रे शुभ दिन आयो रे, बरसो रे मेघा संदेशे आते हैं पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्र मुग्धकर दिया।

**डीएम ने दिव्यांग बच्चों को दी कान की मशीनः** आयोजित कार्यक्रम के दौरान दम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमारसागर के साथ दिव्यांग बच्चों को कान की मशीन प्रदान किया। यही नहीं डीएम के निर्देश पर मशीन की ट्रेनिंग देकर उसके उपयोग की भी जानकारी दी गई।

## मंदिर कारीडोर निर्माण को लेकर प्रशासनिक अमले ने किया स्थलीय निरीक्षण



- नजूल व जिला पंचायत भूमि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चिन्हित

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर के समेकित पर्यटन विकास के संबंध में नजूल की भूमि व जिला पंचायत की भूमि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर मंगलवार को चिन्हित क्षेत्र की निशानदेही को लेकर एसडीएम, तहसीलदार ने विभागीय अमले के साथ समूचे क्षेत्र का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों लेखपाल जयप्रकाश वर्मा के साथ मंगलवार को शिव कारीडोर के समेकित पर्यटन विकास के संबंध में कार्ययोजना पर विचार किया। साथ ही चिन्हित क्षेत्र की निशानदेही करने के निर्देश दिए ताकि समय से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। भ्रमण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्रपाल गौतम, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के एई संकल्प वर्मा सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसानों के क्षेत्र में टाइगर की मौजूदगी से ग्रामीण कर रहे पलायन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** तहसील गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र वन विभाग की उदासीनता व वनों के अंदर हो रहे वन कटान से टाइगर जंगलों से निकलकर गन्ना के खेतों में छिपे रहे हैं। गन्ने के खेतों में टाइगर छिपे होने से कई किसान मजदूरों को हमला कर निवाला बनाए जाने से मजदूर खेतों को गन्ना छिलाई करने नहीं जा रहे है। मजदूर जिले से बाहर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद, हरिद्वार जनपदों में अपना घर परिवार छोड़कर काम करने के चले जाने से इस जनपद में मजदूरी अधिक बढ़ गई है।

### निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत के मैरिज हाल में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पचायत के अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने किया। मंगलवार को नगर पंचायत के मैरिज हाल में सीतापुर अस्पताल की ओर से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 239 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। इस दौरान अस्पताल डॉक्टर मयंक ओझा ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने बताया कि नेत्र जांच में अधिकतर मरीजों को मोतियाबिंद तथा दूरदृष्टि की बीमारी का प्रकोप देखा गया है। यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है। इसलिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे 89 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर अस्पताल लेकर रवाना हुए। इस मौके पर लिपिक अखिलेश अवस्थी, शैलेंद्र शुक्ला, हर्षित शुक्ला, गयासुद्दीन, गोविंद, महेश राज, अंकित मिश्रा मौजूद रहे।

### महामंडलेश्वर कुमार स्वामी ने अनुयायियों को दिया आशीर्वाद



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)** ब्रह्म ऋषि महामंडलेश्वर, भारत साधु समाज के उपाध्यक्ष, महामंडलेश्वर, वर्ल्ड ह्यूमैनिटी पार्लियामेंट के प्रेसिडेंट कुमार स्वामी मंगलवार को छोटी काशी गोला में अपने एक रिश्तेदार के घर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सिल्वर सिटी अकैडमी के प्रबंधक, निरंकारी सत्संग भवन के अनुयायी हरमोहन सिंह खुराना ने बताया। कि महामंडलेश्वर कुमार स्वामी के साले सुखपाल की 30 नवंबर को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसकी सूचना मिलने पर महामंडलेश्वर कुमार स्वामी नेपाल के काठमांडू में चल रहे समागम को छोड़कर यहां सिनेमा मार्ग स्थित निरंकारी सत्संग भवन पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद अनुयायियों से मिलकर आशीर्वचन दिए।

### पर्यावरण मित्र समूह के कोर कमेटी सदस्यों को किया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी।** धरा को सजाने इसे हरा भरा बनाने के लिए पर्यावरण मित्र समूह के फलीभूत हो रहे प्रयासों को सर्वत्र सराहना मिल रही है, इसी क्रम में कोर कमेटी सदस्य विशाल सेठ एवं राम मोहन गुप्त को अजमानी पब्लिक स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया। अजमानी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने पर्यावरण मित्र समूह के संयोजक विशाल सेठ, मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त को, अपने एनुअल स्पोर्ट्स डे फन इन द सन आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष, अवध क्षेत्र भाजपा के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सी ए हरबंस सिंह अजमानी, विद्यालय की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी, उपाध्यक्ष सी ए सिमरन भल्ला, एडमिनिस्ट्रेटर एडवोकेट जीतेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या डा मंजू पाठक, शिक्षक रेशू उपमन्यु त्रिवेदी सहित विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाएं, भारी संख्या में अभिवावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### समिति अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ संगठन आंदोलित



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** चीनी मिल अधिकारियों, जिला गन्ना अधिकारी से साठ गांठ कर रोकी गई चीनी लोडिंग चालू कराने, बकाया गन्ना भुगतान 15 दिसंबर तक दिलाने, सहकारी गन्ना विकास समिति के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किसानों के शोषण का आरोप लगाते हुए उप गन्ना आयुक्त को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपते हुए जनपद के उच्च अधिकारियों से जांच व स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के बकाया गन्ना भुगतान और बजाज चीनी मिलों व जिला गन्ना अधिकारी की मिलीभगत से आये दिन चीनी लोडिंग रोके जाने और जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में लगभग 18 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को सहकारी गन्ना विकास समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ अच्छा व्यवहार न किये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थानांतरण की मांग को लेकर प्रदेश के गन्ना आयुक्त से मिलने लखनऊ पहुंचे, गन्ना आयुक्त से मुलाकात न होने पर उपगन्ना आयुक्त राजेश धर दिवेदी से मिले और ज्ञापन दिया।

### नंदन महाराज की हिंदू सनातन एकता यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत



**संसारपुर खीरी।** खुटार बालाजी मंदिर के पुजारी अनिल पांडे उर्फ नंदन जी महाराज की हिन्दू जोड़ो यात्रा का छोटी काशी गोला गोकर्ण नाथ धाम में समापन हो गया। अपनी हिंदू सनातन एकता के समापन पर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने धर्म ध्वज राम राजा सरकार को समर्पित को समर्पित किया। नंदन जी महाराज की ये यात्रा प्रसिद्ध मंदिर शिव मंदिर सोनासर नाथ धाम शुरू हुई थी। जो खुटार संसारपुर होते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पहुंची कस्बा संसारपुर में यात्रा का भव्य स्वागत हुआ यात्रा जहां-जहां से यात्रा गुजरी कारवां बढ़ता ही चला गया संसारपुर में ग्राम पंचायत प्रधान पति संसारपुर ,नागेश गुप्ता ,राजेंद्र के ,अलावा आदि अनेक भारी संख्या क्षेत्रवासी शामिल हुए प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद देवल ने महाराज जी को अपने कंधों पर उठा लिया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राजेश सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। हिंदू जोड़ो यात्रा मे नंदन जी महाराज ने कहा, इस पदयात्रा में खट्टे मीठे अनुभव रहे। हर वर्ग के हर समाज के लोग मिले, जगह-जगह स्वागत हुआ, जगह-जगह लोगों में उत्साह था। गोला गोकर्णनाथ धाम पहुंचकर ऐसा लगा जैसे अयोध्या में प्रवेश हुआ हो।

# जीरो पॉवर्टी अभियानः 29,100 परिवारों को गरीबीमुक्त करने का लक्ष्य

- खीरी के धर्मेंद्र, वीरेंद्र और धीरेन्द्र को मिलेगा जीरो पावर्टी का लाभ, खत्म होगी गरीबी की दुश्वारियां
- खीरी में गरीबी से मुक्ति दिलाने को जीरो पावर्टी के तहत किया जा रहा सर्वे, डीएम ने पांच वंचित परिवारों से की मुलाकात

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश में वंचित परिवारों का जीवन स्तर सुधार कर गरीबी को खत्म करने की कवायद सरकार की ओर से तेजी से चलाई रही है। जिले में जीरो पॉवर्टी अभियान का जमीनी स्तर पर जाकर वंचित परिवारो का सत्यापन कार्य का जायजा लेने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल तहसील सदर, ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम पंचायत जंगल नंबर 11 के मजरा बेडहा सोतिया पहुंची, जहां उन्होंने पांच वंचित, जरूरतमंद परिवार क्रमश धर्मेंद्र पुत्र राम तपेश, वीरेंद्र पुत्र शिवनाथ, धीरेंद्र पुत्र सुदर्शन, खरपत्तू पुत्र बुद्ध राम, हसनाथ पुत्र राम अवध के घर पहुंचकर परिवार से बातचीत की। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ पीयूष कुमार सिंह मौजूद रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक-एक कर पांच जरूरतमंद परिवारों के घर पहुंचकर उनके परिवार के बारे में पूरी जानकारी ली। इस दौरान परिवारों से जाना कि उनके घर में कौन-कौन है। डीएम को इन परिवारों की मुखिया द्वारा यह भी बताया गया कि मजदूरी से उनके घर का खर्च चलता है। बातचीत के दौरान डीएम ने हर पहलु को जाना उसके बाद लाभार्थी परिवार को जीरो पॉवर्टी स्कीम का लाभार्थी भी चुना। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिवार की हर परिस्थितियों का जायजा लिया। जैसे घर की स्थिति कैसी है। परिवार का मुखिया भरण पोषण के लिए क्या करता है।बताया जा रहा है कि जल्द ही इन परिवार की समस्याओं का निदान होगा। स्कीम के तहत परिवार को पूरा लाभ मिलेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निचले स्तर पर जीवन यापन करने वाले और वंचित परिवारों का जीवन स्तर सुधारने के लिए जीरो पॉवर्टी स्कीम की शुरूआत की है। इसके तहत जिले के 29,100 परिवारों को (प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 परिवारों) को लाभ मिलेगा।

**जीरो पॉवर्टी अभियान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम-** इस दौरान डीएम ने शासन की मंशानुरूप अति गरीब को चिन्हित कर मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जीरो पॉवर्टी अभियान संचालित है। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। निर्देश दिए कि सभी पंजीकृत गणनाकर्ताओं द्वारा सबसे गरीब परिवारों का चयन तेजी से पूरा किया जाए और पोर्टल पर सभी रिकॉर्ड सही ढंग से दर्ज किए जाए। गणनाकर्ताओं को सबसे गरीब परिवारों की पहचान करने के लिए साइटों पर जाना चाहिए और वहीं से सीधे तस्वीरें और अन्य विवरण अपलोड करना चाहिए। अभियान के दौरान हर ग्राम पंचायत से 25 अति वंचित और गरीब परिवार चिह्नित किए जाएंगे। इन चिह्नित परिवारों को उन सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा, जिनका लाभ अभी तक नहीं इन परिवारों को नहीं मिल पाया है। बताते चले कि जिले की सभी 1164 ग्राम पंचायतो में अभियान के तहत पंचायत सहायक, बीसी सखी, समूह सखी इनॉमिनेटर के रूप में सेवाएं देकर 25-25 जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित करेंगी। वहीं प्रधान, पूर्व प्रधान, प्रधानाध्यापक, गांव के सबसे पुराने दो समूहों के मुखिया वेरीफायर के रूप में काम करेंगे, जो अंतिम रूप से 25 जरूरतमंद को फाइनल करेंगे। मापअप एप में इसकी फीडिंग करेंगे।

# समस्याओं के समधान को सैकड़ों दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

- डीएम को भेजा छः सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



भारतीय दिव्यांग यूनियन ने सदर चौराहा स्थित इंदिरा पार्क पर विरोध प्रदर्शन किया। सुबह से ही सदर चौराहे पर अपनी मांगों के निराकरण को लेकर सैकडों दिव्यांग डटे रहे। दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित छः सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को दिया। जिसमें बताया कि भारतीय दिव्यांग अधिनियम 2016 का पालन सुनिश्चित किए जाने, अधिनियम के तहत पीडित की रिपोर्ट दर्ज करते समय धाराओं को सम्मिलित किए जाने, दिव्यांग शिक्षक विपिन शाह की मनु ला कालेज के प्रबंधक व अन्य के विरुद्ध दर्ज मुकदमें की निष्पक्ष विवेचना कर नामजद आरोपितों को गिरफतार किया जाए तथा उनका अवशेष वेतन सहित मुआवजा दिया जाए। दिव्यांगों को राशन कार्ड अंतोदय श्रेणी का बनाना सुनिश्चित किया जाए जिससे उनका भरण पोषण हो सके। प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना का लाभ दिया जाए, गोला पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास बने काशीराम आवास में खाली पडे आवास को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों को आबंटित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। तहसील गोला में मंडी समिति रेलवे स्टेशन, बस अडडा, तहसील परिसर, चौराहा, सरकारी संस्थानों स्कूल, बैंक आदि के फुटपाथ पर दिव्यांगों को रोजगार करने के लिए अस्थाई खोखा, ठेला लगाने की अनुमति दी जाए। इसी कडी में यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो यूनियन अनिश्चितकालीन धरना विरोध प्रदर्शन के लिए विवश होगी। इस संबंध में यूनियन द्वारा पूर्व में ही जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को लिखित रुप से सूचना दी जा चुकी है। इस मौके पर यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार, शैलेन्द्र कनौजिया, अमित कुमार, मिथलेश कुमार सहित सैकडों दिव्यांग मौजूद रहे।

# स्टूडेंट्स ने आंचलिक विज्ञान केंद्र का किया भ्रमण, चेहरे पर दिखी मुस्कान




**ईसानगर खीरी।** ईसानगर ब्लॉक संसाधन केंद्र के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के करीब 100 छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान एक्सपोजर भ्रमण के तहत आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ का दौरा किया। इस अवसर पर बच्चों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न जानकारियां हासिल कीं। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद राय के नेतृत्व में गठित शिक्षकों और मार्गदर्शकों की टीम में राजेश कुमार यादव, अश्वनी चौधरी, विनय कुमार वर्मा, चंद्रमोहन श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश कटियार, अनिल कटियार, रश्मि जायसवाल, निकहत अजरा, मनीष कुमार, आलोक अवस्थी, ममता रानी और अर्चना चौधरी ने बच्चों को भ्रमण के दौरान विभिन्न गतिविधियों और विज्ञान के पहलुओं से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने प्रेक्षागृह, अंडरवाटर एक्सप्लोरेशन, जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, अंतरिक्ष प्रदर्शनी, तारामंडल ग्रहण विज्ञान, द्रव्य विज्ञान और फन साइंस गैलरी जैसी अनूठी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। बच्चों ने न केवल गहन जानकारी प्राप्त की बल्कि अपने सहपाठियों के साथ अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया। भ्रमण के बाद खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद राय ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को विज्ञान और तकनीक के प्रति रुचि विकसित करना था। उन्होंने कहा, ÷इस तरह के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं। बच्चों के चेहरे पर नई जानकारी और अनुभव प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट दिखाई दी। यह भ्रमण छात्रों के लिए यादगार और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम



**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एड्स दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय एवं रूटिंग वेलनेस संगठन के सयुंक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मिशन शक्ति के द्वारा प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो.शिवाकांत पाण्डेय विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग युवराज दत्त महाविद्यालय एवं अतिरिक्त अधिष्ठिता लखनऊ विवि एवं मुख्य वक्ता डॉ. सृजम्या एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट) यूरोप ने छात्राओं को जागरूक किया। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में पीसीओएस, कैंसर, एड्स जैसी बीमारियों से बचने के सुझाव दिए एवं छात्राओं को परीक्षा के तनाव ने बचने एवं समय प्रबन्धन के भी सुझाव दिए। मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी को शोध कार्य एवं नवाचार में स्वयं को स्थापित करना होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि अच्छी शिक्षा और उत्तम स्वास्थ्य हमारे जीवन की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक छात्रा यदि अच्छे स्वास्थ्य के साथ अध्ययन करे तो निश्चित तौर पर परीक्षा में अधिक अंकों के साथ सफलता प्राप्त करेंगी। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य समिति प्रभारी प्रो. सुशीला देवी ने किया। संयोजन मिशन शक्ति प्रभारी सविता शुक्ला सहप्रभारी शिवांगी सक्सेना ने किया।

# बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति ने किया प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति मंच ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में विशाल एकत्रीकरण करके रैली निकाली।

सभा को पूज्य शिव तीर्थ वेद मंदिर लुधियाना स्वामी, मनीषा नंद जी महाराज मडिया आश्रम, डॉ. डी. एन. मालपानी ने संबोधित किया। पूज्य शिव तीर्थ वेद मंदिर लुधियाना स्वामी ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन में भाग लेना चाहिए। जीआईसी मैदान में मनीषा नंद जी महाराज मडिया आश्रम ने कहा कि यह समय है जब हिंदू समाज को जागरूक होकर अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को लगातार धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. डी. एन. मालपानी ने कहा बांग्लादेश के हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और संपत्तियों पर हमले हो रहे हैं। बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति ने कहा कि यह प्रदर्शन केवल एक विरोध नहीं है, बल्कि बांग्लादेश में पीड़ित हिंदुओं के प्रति एकजुटता दिखाने का प्रयास है। राजकीय इंटर कॉलेज मैदान से हीरालाल चौराहा से रेलवे स्टेशन सामने से संकटा देवी श्री राम चौराहा, श्री राम चौराहा से कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। सभा के पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

## नगर उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न

**सिंगाही खीरी।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो गई। मंगलवार को मसरूर खान व राजीव गुप्ता ने अध्यक्ष पद पर नामांकन भरा। नगर उद्योग व्यापार के चुनाव को लेकर पिछले 1 दिसंबर से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू की गई थी। नामांकन के बाद चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। लोग जीत-हार की गुणा-भाग लगाने में जुट गए हैं। कस्बे के गली मुहल्ले में इन चर्चाओं की गर्माहट साफ दिखाई दे रही है। वहीं जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे कस्बे में तरह-तरह की चर्चा और जीत हार के कयासों ने पूरे नगर में एक रोमांच सा वातावरण बना रखा है। कुशलता के साथ नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराने तहसील पदाधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम के तहसील मंत्री अखिलेश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को मसरूर खान व राजीव गुप्ता अध्यक्ष पद व रतनेश सिंह और अमन साहनी महामंत्री पद व कोषाध्यक्ष पद पर ऋषभ जैन व रवि गुप्ता ने पर्चा दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक जैन ने बताया कि बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इसी दिन शाम सात बजे से चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए जाऐंगे।

# हाइम योग की इकाई योग रंजन का हुआ शुभारंभ

- नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कपिल श्रीवास्तव सहित नगर के सम्मानित समाजसेवियों की रही उपस्थिति, शहर के वरिष्ठ योग शिक्षकों का हुआ सम्मान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




शहर के मोहल्ला बहादुर नगर में हाइम योग की इकाई योग रंजन योगाभ्यास केंद्र का भव्य शुभारंभ हुआ। योगाभ्यास केंद्र का उद्घाटन हरिद्वार स्थित कालीपीठ के प्रधानाचार्य एवं आध्यात्मिक गुरु राजर्षि वेदमूर्ति आचार्य पवन दत्त जी महाराज के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुसत्ता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात नारियल फोड़कर एवं रिबन कटिंग कर आचार्य श्री द्वारा योगाभ्यास केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में हाइम योग की योग यात्रा एवं योग रंजन के उद्देश्य पर नूपुर गुप्ता, योग एवं गीता पर डॉ. उमा कटियार, प्राणायाम जीवन के लिए वरदान विषय पर बनवारी लाल मधुकर एवं हास्य योग पर आनंद अग्निहोत्री द्वारा प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि आचार्य पवन दत्त जी महाराज ने केंद्र के उद्घाटन अवसर पर अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए योग, योगाभ्यास एवं आहार विहार पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए आज के आर्थिक युग में आत्म-संयम, आत्म-संतुष्टि एवं आत्मिक उन्नति के लिए योग के महत्व और उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए योग को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। माहेश्वरी जी कलेक्शन के पंकज तापड़िया एवं शुभम् गुप्ता ने हाइम योग के संघर्ष के दिनों पर चर्चा करते हुए योग रंजन योगाभ्यास केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मनीष मिश्रा ने हाइम योग के प्रकल्प रविवासरीय सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम एवं विद्यालय, महाविद्यालय आदि में योगाभ्यास के महत्व पर चर्चा की। समाजसेवी अंकुर शुक्ला ने हाइम योग की रन फॉर योग कार्यक्रम एवं विभिन्न निःशुल्क योगाभ्यास कार्यक्रम का जिक्र करते हुए सेवाभावी हाइम योग प्रशिक्षकों की टोली को प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात योग रंजन की योग प्रशिक्षक प्रगति बरनवाल, नुपुर गुप्ता एवं राजदीपिका तिवारी द्वारा षट्कर्म (शुद्धि क्रिया) का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. उमा कटियार, बनवारी लाल, डॉ. रामेश्वर माहेश्वरी को वरिष्ठ योग शिक्षक सम्मान एवं आनंद अग्निहोत्री, मनीष मिश्रा, डॉ. डीके वर्मा, विजय श्रीवास्तव को समाजसेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पत्रकार एवं संवाददाता बंधुओं को योग के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुयोग्य योग केंद्र लखनऊ के योगाचार्य सूरज राय द्वारा किया गया। सूरज राय द्वारा योग के क्षेत्र में किए गए सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## सूचना

मैं सिराज अहमद पुत्र वाहिद अली निवासी ग्राम मुंडामाफी पोस्ट ओबरीडीह सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर का निवासी हूं, किसी कारणों से कुछ कागजात में मेरा नाम सिराज अहमद ईदरीशी हो गया था। जिसको बदलकर मैंने सिराज अहमद कर लिया है।आज से हमें सिराज अहमद के नाम से ही जाना-पहचाना जाए।

### राज्य मंत्री असीम अरुण ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सर्वोदय विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर कहा

# युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख, मिलेगी उड़ान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** किसी भी प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा के आगे बढ़ने की राह में संसाधनों की कमी बाधा नहीं बनेगी। केंद्र व प्रदेश सरकार युवाओं का भविष्य संवारने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। आने वाला समय छात्रों के लिए तरक्की के नए द्वार खोलेगा। उनके सपनों को पंख लगेंगे जिससे कि वो ऊंची उड़ान भर सकें।

समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रही सर्वोदय विद्यालयों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। असीम अरुण ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलकूद को मुख्य एक्टिविटी बनाया गया है, यानी जितना पढ़ना जरूरी है उतना ही खुद को फिट रखते हुए शारीरिक और सांस्कृतिक रूप से विकसित करना भी है। सर्वोदय विद्यालयों के बच्चों का मुकाबला किसी अन्य जनपद और राज्य से नहीं बल्कि विश्व के दूसरे देशों के बच्चों से है। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत, ज्वाइंट डायरेक्टर सुनील कुमार बिसेन,आर के सिंह एवं अरुण कुमार पाण्डेय, उपनिदेशक जेराम व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के परिणाम

जैवलिन थ्रो में बालिका वर्ग में जोन 2, मिर्जापुर मड़िहान की विद्या देवी प्रथम स्थान पर और जोन 1, बिजनौर धौलागढ़ की यशवानी द्वितीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में जोन 4, सोनभद्र घोरावल के अवधेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जोन 6, इटावा नगला हीरालाल के अजय पाल दूसरे स्थान पर रहे।200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में जोन 4, रायबरेली की जूली प्रथम स्थान पर और कौशांबी की विनीता तीसरे स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में जोन 6, इटावा कांडानी के योगेश यादव ने पहला स्थान हासिल किया और जोन 4, सोनभद्र दुद्धी के संदीप कुमार दूसरे स्थान पर रहे।400 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में जोन 4, रायबरेली की जूली ने प्रथम स्थान और कौशांबी की विनीता ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में जोन 1, ललितपुर के अंकित यादव पहले और जोन 5, बस्ती भानपुर के विजयभान दूसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में बालिका वर्ग में जोन 2, कौड़िहार प्रयागराज की साक्षी प्रथम और जोन 3, आजमगढ़ मेहनगर की रीना यादव द्वितीय स्थान पर रहीं।

बालक वर्ग में जोन 4, फ्तेहपुर खास मऊ के पवन कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया और जोन 1, झांसी के अरमान आर्या दूसरे स्थान पर रहे।ऊंची कूद में बालिका वर्ग में जोन 2, मिर्जापुर मड़िहान की कुमारी कुसुम ने पहला स्थान और जोन 1, बदायूं की ज्योति ने दूसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में जोन 3, काकोड़ा कौशांबी के सूर्या कुमार पहले और जोन 5, गोरखपुर के अनिकेत दूसरे स्थान पर रहे।बैडमिंटन में बालिका वर्ग में जोन 3, कुशीनगर सिरसिया हेतिमपुर की राजनंदनी कुशवाहा और जोन 1, बदायूं समरेर की तिवारी विजेता रहीं।

#### युवा और बच्चे ही देश को बना सकते हैं विश्व गुरु

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाने का जो संकल्प लिया है उसे देश के युवा और बच्चे ही साकार कर सकते हैं। पहली बार आयोजित हुई सर्वोदय विद्यालयों की राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के बाद अब राज्यस्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रत्येक विद्यालय के 11 और 12 वीं के बच्चों के लिये प्रतियोगी परीक्षा के लिये कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। अधिकांश स्कूलों में यह कोचिंग स्थापित भी हो चुकी हैं। सर्वोदय विद्यालयों के लिये सभी प्रकार के संसाधनों को उपलब्ध कराया जा रहा है। समापन समारोह के अति विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड ने सर्वोदय विद्यालयों में गरीब बच्चों के लिये दी जा रही शिक्षा व खेल सुविधा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बच्चे जिला, मंडल और आज राज्य स्तर पर खेलने आए हैं आने वाले दिनों में यह बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचेगें। विशिष्ट अतिथि प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग डा. हरिओम ने कहा कि खिलाड़ी और आर्टिस्ट कभी भी अपराधी नहीं होते। उनके अंदर टीम का नेतृत्व करने की क्षमता विकसित होती है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ राजधानी में भी हुआ प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ मंगलवार को यूपी के अधिकांश जिलों में हिन्दू रक्षा समिति के आह्वान पर धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा तत्काल रोकने व चिन्मय कृष्ण को कारावास से मुक्त करने की मांग की।

इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। अयोध्या में जन आक्रोश रैली निकालने के बाद हिन्दुओं ने गुलाबबाड़ी मैदान में ?सभा की। सभा को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय व बावन मंदिर अयोध्या के महंत वल्लभ शरण महाराज समेत कई संत महंतों ने संबोधित किया। चंपत राय ने कहा कि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में भारत माता की बाहें काटी गयीं। विभाजन के दौरान दस लाख लोगों की हत्या हुई। लोगों को घर व्यापार समेट कर भारत आना पड़ा। यहां शरणार्थी माने गये। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा रोकने तथा चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करने की मांग उठाई।

बाराबंकी में विरोध सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक समरसता गतिविधि के क्षेत्र संयोजक नरेन्द्र सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दुओं पर हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार हिन्दू समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं चिंताजनक है। वहीं बहराइच में हिंदू रक्षा समिति के तत्वधान में हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के लोगों ने जन आक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। जन आक्रोश रैली से पूर्व गेंद घर मैदान में आयोजित सभा को श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज व श्री सनातन धाम मंदिर हनुमंत पुरम नगरौर के पीठाधीश्वर स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज ने संबोधित किया। सीतापुर में विरोध मार्च निकालते हुए लालबाग (अटल चौक) पर लोगों ने बांग्लादेश की सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

## खबरें एक नजर में

### अदाकारा से मकान मालिक ने की छेड़छाड़, कपड़े फाड़े

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वेब सीरीज और छोटे पर्दों की अभिनेत्री से उसके मकान मालिक ने छेड़छाड़ कर दी। आरोप है कि उसने अभिनेत्री के कपड़े तक फाड़ दिए। विरोध करने पर बोला क्या कर लोगी, पुलिस तो मेरी दोस्त है। सोमवार रात हुई घटना की सूचना युवती ने पुलिस को दी। कृष्णानगर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने बताया कि वह कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है। तीन महीने पहले ही उसने मकान किराए पर लिया था और उसकी छोटी बहन भी साथ में रहती है। युवती ने बताया कि वह छोटे पर्दों पर अभिनय करती है। युवती का आरोप है कि सोमवार रात करीब 10.30 बजे मकान मालिक अपने दोस्तों के साथ नशे में धुत होकर उसके कमरे पर पहुंचा और कमरा खाली कराने के लिए झगड़ने लगा। विरोध करने पर मकान मालिक ने उसके कपड़े फाड़ दिए और छेड़खानी की। युवती ने बताया कि छोटी बहन बीच बचाव करने लगी, तो उस पर ईंट से प्रहार करने की कोशिश की। उसके बाद युवती ने कृष्णानगर कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि मकान मालिक ने भी किरायेदार के खिलाफथाने में तहरीर दी है। उसने सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराए हैं।

### कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत, चालक हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,तेलीबाग के राजीव नगर घोषियाना में अजय कुमार यादव पेशे से अधिवक्ता हैं। वह मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे टीवीएस स्पोर्ट बाइक (यूपी-32 एल ई 8751) से जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार इंडिगो कार यूपी 32 डीएम 2898 ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर टू पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और एक चार वर्ष की बेटी हैं।

### संसद में बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को लेकर बयान दे केंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर जुल्म ज्यादती का हवाला देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार से पड़ोसी मुल्क के हालात और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर संसद में बयान देने की मांग की है। मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्ता पलट होने के बाद वहां नई सरकार में खासकर हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा व जुल्म-ज्यादती आदि तथा उससे वहाँ बिगड़ते हालात अति-दुखद व चिन्ताजनक। इसको लेकर भारत के लोगों में काफी आक्रोश। सरकार इस पर संसद में वक्तव्य दे व उचित कदम भी उठाए।

### खेत में मिले हिंसक जानवरों के पंजे के निशान, वन विभाग टीम पहुंची

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खेत में हिंसक जानवरों के पंजे का निशान देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना काकोरी के हरदोई रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास की है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पंजों के निशान की जांच की जा रही है। किसान अबू समद खान का कहना है कि पेट्रोल पंप के सामने मेरा घर है।खेत की रखवाली करने वाले राम पाल का कहना है कि रात 3 बजे लगा कि खेत में सांड़ आया है। जब सुबह देखा तो खेतों में पंजे दिखाई दिए तो मालिक समद को बताया। रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि पंजे के निशान की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच की जा रही है। ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। वह रात में दिन में अकेले में खेतों में न जाएं। खेत मालिक अबू समद ने बताया कि घर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कैमरों में कोई जानवर नहीं दिखा है। साल 2012 में भी इसी स्थान पर शेर आया था।

### राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक 16 दिसंबर को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक 16 दिसंबर को अपरान्ह 3.30 बजे से कार्यालय परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश टेहरी कोठी महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ के सभाकक्ष में होगी। बैठक में परमिटों के नवीनीकरण एवं हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्रों, प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नवीनीकरण, हस्तान्तरण,परमिट प्राप्त करने हेतु समय बढ़ाये जाने एवं तात्कालिक प्रकरणों पर विचार किया जायेगा। सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण सगीर अहमद अंसारी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पर्यटन मंत्री के निजी सचिव मनोज कुमार का प्रमोशन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के निजी सचिव को सचिवालय प्रशासन ने श्रेणी दो में प्रोन्नति प्रदान किया है।उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन ने निजी सचिव श्रेणी-एक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार प्रथम निजी सचिव श्रेणी-दो पर प्रमोशन कर दिया है। ज्वाइंट सेक्रेटरी सचिवालय प्रशासन अशोक कुमार मिश्र के मुताबिक श्रेणी-एक के पद पर तैनात मनोज कुमार -1 को नियमित चयन के फलस्वरूप निजी सचिव श्रेणी-दो, वेतनमान मैट्रिक्स लेबल-11 (रू.67700-208700) के पद पर प्रोन्नत कर मौलिक रूप से नियुक्त किया गया है। आदेश 01 दिसंबर 2024 से प्रभावी है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पति हुआ फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गुडंबा इलाके में कमरे में महिला का शव मिला है। महिला की नाक से खून निकल रहा था। मौके से पति शव छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मीरा पांडे (27) की शादी सुनील पांडे से हुई थी। वह नंदपुर थोड़ा थानगांव सीतापुर की रहने वाली थी। लखनऊ के मोहम्मदपुर खत्री गुडंबा में अपने पति के साथ रहती थी। सुनील प्राइवेट नौकरी करता था। भाई सतीश चंद्र ने बताया रात करीब 9 बजे पुलिस से सूचना मिली कि मीरा की मौत हो गई है। रात 1 बजे भतीजे रमाशंकर के साथ लखनऊ पहुंचे। कमरे की फर्श पर मीरा का शव पड़ा था।

### नर्सिंग छात्रा के साथ दुष्कर्म, जीजा ने की शादी की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक नर्सिंग छात्रा के साथ उसके जीजा द्वारा बलात्कार की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोपी, जो तीन बच्चों का पिता है, लंबे समय से पीड़िता का शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता लखनऊ में अपनी बहन और जीजा के साथ रह रही थी। आरोप है कि जीजा ने काफी समय तक उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा इस घटना को छिपाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब आरोपी ने उस पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू किया, तो उसने अपनी बहन को इस बारे में बताया। इसके बाद, उसकी बहन ने पुलिस से संपर्क किया और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आपको बता दें कि चिनहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेसिक स्कूलों के बच्चे बोलेंगे फर्राटेदार अंग्रेजी

▸ 14 हजार स्कूलों का होगा कायाकल्प

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** देश में परिषदीय विद्यालयों के कक्षा छह से आठ के विद्यार्थी भी जल्द फर्राटेदार अंग्रेजी बोलेंगे। उन्हें इंग्लिश स्पीकिंग से जुड़े 10 से 15 मिनट के वीडियो उपलब्ध कराए जाएंगे। वह जब चाहेंगे, तब इससे तैयारी कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने डायट प्राचार्य और बीएसए से कहा है कि वह कक्षा-शिक्षण का बेहतर कंटेंट प्रयोग कर, बेहतर उच्चारण व मौखिक संप्रेषण को प्रोत्साहित करें।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि इसके लिए आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान के विशेषज्ञों की ओर से दस-पंद्रह मिनट के वीडियो तैयार किए गए हैं। वीडियो स्कूली बच्चों ने ही बनाया है। वीडियो यूट्यूब पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि बच्चे इसे आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा है कि इन वीडियो से नियमित अभ्यास के लिए बच्चों को प्रेरित करें और अभिभावकों को भी इसकी जानकारी दें ताकि वह बच्चों से घर में भी अभ्यास कराएं।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को आवश्यक व बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के क्रम में चिह्नित जिलों में 14452 स्कूलों में फर्नीचर की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। 8961 विद्यालयों में बाउंड्रीवाल का भी निर्माण होगा। इसके लिए विभाग ने बजट स्वीकृत कर दिया है।कुछ परिषदीय विद्यालयों में अभी भी बच्चों के टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करने के मद्देनजर बेसिक शिक्षा विभाग ने फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की तैयारी शुरू की है। पहले चरण में कक्षा तीन, चार व पांच के छात्रों के लिए डेस्क-बेंच खरीदे जाएंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने संबंधित बीएसए को निर्देश दिया है कि खरीद के लिए जेम पोर्टल से निविदा प्रक्रिया पूरी की जाए।

बिना बाउंड्री वाले 8961 विद्यालयों में बाउंड्रीवाल निर्माण मनरेगा कनवर्जेंस के तहत कराने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए सीडीओ से समन्वय कर बाउंड्रीवाल का निर्माण करायेंगे।पहले चरण में लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, अयोध्या, उन्नाव, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बिजनौर, मुजफ्फनगर समेत 25 जिलों के 14452 विद्यालयों का चयन हुआ है। इन विद्यालयों में पढ़ रहे 763116 छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।

### ट्यूबवेल ऑपरेटर के रिक्त पदों पर तत्काल जारी हो विज्ञापन

**लखनऊ ।** तकनीकी संवर्ग प्रमुख प्रतिनिधि ई. आर बी पटेल की अगुवाई में लखनऊ में पहुंचे ट्यूबवेल आपरेटर अभ्यर्थियों ने सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुलाकात कर रिक्त पदों को तत्काल विज्ञापित करने की मांग की। सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अभ्यर्थियों को पूर्व की भांति एक बार फिर दोहराया कि इसके लिए प्रक्रिया चल रही है, लेकिन उन्होंने कब तक विज्ञापन जारी होगा इसे लेकर कोई ठोस बात नहीं कही। विगत एक वर्ष प्रदेश भर के युवाओं ने एक दर्जन बार सिंचाई मंत्री, प्रमुख अभियंता यांत्रिक सिंचाई, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से लेकर मुख्यमंत्री जनता दरबार में इस सवाल को उठाया है। पिछले 4-5 महीने से तो खुद सिंचाई मंत्री द्वारा जल्द विज्ञापन जारी किए जाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन फिलहाल अभी तक ठोस रूप से कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया, जिससे युवाओं में ऊहापोह की स्थिति है। सिचाई विभाग द्वारा अरसे से अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजने की बात कही जाती रही है।

# बुद्ध से जुड़े स्थलों के बारे में प्रचार-प्रसार कर रहा विभाग : जयवीर

समृद्धि न्यूज

#### मलेशिया के बौद्ध भिक्षुओं को कराया गया बौद्ध तीर्थ स्थलों का भ्रमण

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े कई विश्वविख्यात पर्यटन स्थल हैं। इन स्थलों पर विभिन्न देशों के बौद्ध अनुयायी वर्षपर्यन्त दर्शन के लिए आते रहते हैं। इसी क्रम में 29 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक मलेशिया से आये बौद्ध अनुयायियों के दल ने आनन्द बौद्ध वृक्ष, जेतवन विहार, कच्ची और पक्की कुटी, महेथ, गोल्डन टेम्पल आदि स्थानों का भ्रमण किया।

कपिलवस्तु में पिपरहवा स्तूप, गनवरिया, कपिलवस्तु संग्रहालय, बुद्धाथीम पार्क आदि को भी देखा। पर्यटन विभाग भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों को सजाने संवारने का निरन्तर कार्य कर रहा है। विदेशों में रोड शो एवं प्रचार प्रसार करके बौद्ध भिक्षुओं को यूपी आने के लिए आमंत्रित भी कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी की पावन धरती भगवान बुद्ध की कर्मस्थली रही है। अपने उपदेश के लिए उत्तर प्रदेश चुना था और यहीं पर उनका महापरिनिर्वाण भी हुआ था। यूपी बौद्ध धर्म का एक अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में जाना जाता है। पर्यटन विभाग मिशन के तहत पूरे देश और दुनिया में बौद्ध स्थलों का प्रचार प्रसार कर रहा है। विभिन्न देशों के बौद्ध अनुयायियों, टूर ट्रेवल आपरेटर्स आदि को बुद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। मलेशिया से आये हुए बौद्ध भिक्षुओं ने लखनऊ से श्रावस्ती के लिए प्रस्थान किया। कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, सभागार स्तूप, मेडिटेशन पार्क, श्रीलंका बुद्धिष्ट टेम्पल आदि का भ्रमण किया। सारनाथ में धामेक स्तूप, चौखंडी स्तूप, मूलगंध कुटी विहार, बोधि वृक्ष, संग्रहालय को देखा। साथ ही भगवान शिव की नगरी काशी में विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती का दर्शन किया।

# सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल सीनियर सेकेण्डरी में खेलों का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**मलिहाबाद, लखनऊ।** सिद्धार्थ ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं के साथ जोड़ने के उद्देश्य को लेकर एमडी की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने केस्ट्रेल हाउस, हॉक हाउस, फालकन हाउस, ईगल हाउस के बच्चों ने खेलों में भाग लिया। इसका शुभारंभ एमडी प्रमोद सिंह, मैनेजर वंदना सिंह एसीपी अमोल मुर्कूट, इंस्पेक्टर सतीश चंद्र साहू, मैनेजर शीला सिंह सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, संजय सिंह, मयंक मल्होत्रा ने किया।

इस मौके पर प्रमोद सिंह ने बताया शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है उतना ही खेलों का भी है। खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी योगदान देते हैं। बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फ शिक्षा के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में 10 से 15 मिनट कसरत करनी चाहिए। बच्चों में खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया गया है। जिसमें बच्चों के बीच रिले रेसेस, वॉलीबाल, क्रिकेट, कराटे, रस्सा-कस्सी एवं अन्य कई तरह के खेल मुकाबले करवाए जा रहे है। डायरेक्टर वंदना सिंह ने बताया कि स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स मीट में छात्रों के साथ स्कूल के अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में छात्रों अध्यापकों सहित पंकज सिंह ने अपनी अहम भूमिका अदा की है। स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न खेलों में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले बच्चो को एसीपी अमोल मुर्कूट, एमडी प्रमोद कुमार सिंह, डायरेक्टर वंदना सिंह, प्रधानाचार्य रुचि कोहली द्वारा सम्मानित किया गया।

### मनरेगा कार्मिकों के मानदेय का जल्द होगा भुगतान

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिशा-निर्देशन में ग्राम रोजगार सेवकों एवं मनरेगा कार्मिकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार काम किया जा रहा है। ग्राम रोजगार सेवकों समेत मनरेगा कार्मिकों को मानदेय समय से मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री द्वारा लगातार निर्देशित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों का भुगतान समय से हो, सामग्री मद का भुगतान हो या फिर प्रशासनिक मद का भुगतान हो सभी प्रकार के भुगतान समय से किये जाएं।मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रशासनिक मद में 148 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है, जानकारी दे दें कि मनरेगा योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को प्रशासनिक मद के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केन्द्रीय सहायता की पहली किस्त का दूसरा भाग का भुगतान किया गया है। इस धनराशि के जारी होने से गांवों में योजना के अंतर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों समेत मनरेगा कार्मिकों के बकाये का भुगतान किया जा सकेगा जिससे कार्मिकों की आर्थिक परेशानियां भी दूर हो सकेंगी।

# जन शिकायतों को प्राथमिकता से करें निस्तारित

▸ डिप्टी सीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/देवरिया ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आज देवरिया के विकास भवन स्थित गांधी सभागार में विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं के त्वरित एवं वास्तविक निस्तारण पर विशेष रूप से ध्यान दें तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय व संवाद स्थापित रखते हुए जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाये।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीआरएस से प्राप्त जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। समस्याओं का समयबद्ध व सन्तुष्टिपरक निस्तारण किया जाए और न्यूनतम दस प्रतिशत निस्तारित समस्याओं की जमीनी हकीकत जांची जाये। जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन नियमित अंतराल पर विभिन्न राजस्व प्रकरणों की कार्यवाही की समीक्षा करें। यदि कोई अराजक तत्व पत्थर नसब के बाद पत्थर हटाता है ,तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करें। चकमार्गो से अवैध कब्जे हटाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। अतिक्रमणमुक्त चकमार्गो को मनरेगा से आवागमन योग्य बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने आज दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जनपद में 235 दिव्यांगों को आवास प्रदान किये जा चुके हैं। जनपद में 18,519 दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी हैं। राज्य सरकार दिव्यांगजनों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध हैं। दिव्यांगजनों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। हर घर नल जल योजना की गहन समीक्षा की। बताया गया कि जनपद में 350 से अधिक ग्राम पंचायतों में नल से जल की आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर में नल से जल की आपूर्ति हो। साथ ही उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को अनिवार्य रूप से पूर्व की स्थिति में लाया जाए। धान खरीद की समीक्षा में बताया गया कि अब तक जनपद में 10,804 मीट्रिक टन खरीद की जा चुकी है। खरीद के लिए 114 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीद में बिचौलियों को हतोत्साहित करते हुए उन्हें संपूर्ण क्रय प्रक्रिया से दूर रखा जाए।विद्युत विभाग की समीक्षा में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2023 के पश्चात किसान हित मे नलकूप के बिजली बिल राज्य सरकार ने पूर्णतया माफ कर दिया है।

**बैठक** | खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

# क्रय केन्द्रों पर किसानों को धान विक्रय में न हो कोई कठिनाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आज उनके कार्यालय कक्ष में की गयी। बैठक में सौरम बाबू, आयुक्त खाद्य तथा रसद कामता प्रसाद सिंह अपर आयुक्त राममूर्ति पाण्डेय, अपर आयुक्त वि. सत्यदेव, अपर आयुक्त धीरेन्द्र प्रताप सिंह वरिष्ठ लेखाधिकारी खाद्य तथा रसद तथा निदेशक, डा. आशीष अग्रवाल डायरेक्टर मे. इन्जेन टेक्नोलॉजी कानपुर उपस्थित रहें।

बैठक में सर्वप्रथम मंत्री द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम के डिपो से उचित दर विक्रेताओं की दुकान तक खाद्यान्न प्रेषण में प्रयुक्त किये जाने वाले वाहनों में जीपीएस सिस्टम व वाहनों की ट्रैकिंग की समीक्षा की गयी। निदेशक, डा आशीष अग्रवाल डायरेक्टर मे इन्जेन टेक्नोलॉजी द्वारा जीपीएस सिस्टम व वाहनों की ट्रैकिंग का प्रस्तुतिकरण किया तथा जनपद व मुख्यालय स्तर पर वाहनों की ट्रैकिंग की जानकारी दी गयी। मंत्री ने सम्बन्धित फर्म व विभागीय अधिकरियों को निर्देशित किया गया कि परिवहन ठेकेदारों द्वारा खाद्यान्न उचितदर विक्रेताओं की दुकानों तक प्रेषित कराया जाये तथा इसमें लापरवाही करने वाले परिवहन ठेकेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करायी जाये। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान व मोटे अनाजों की समीक्षा के अन्तर्गत अपर आयुक्त विपणन द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य कॉमन 2300 रूपये प्रति कुं तथा ग्रेड-ए 2320 प्रति कुं निर्धारित किया गया है। धान खरीद हेतु शासन द्वारा प्रस्तावित 4000 क्रय केन्द्रों के सापेक्ष समस्त जनपदों में 4257 क्रय केन्द्र संचालित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 अक्टूबर एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 नवम्बर से धान खरीद आरम्भ है। प्रदेश में अब तक 4156 क्रय केन्द्रों पर 184536 किसानों से 12.86 लाख मी0टन धान की खरीद हुई जो कि लक्ष्य का 18.38 प्रतिशत है तथा किसानों को 2653 करोड़ का भुगतान किया गया है। गतवर्ष इसी अवधि तक 10.12 लाख मीटन धान की खरीद हुई थी।

गतवर्ष से इस वर्ष 2.74 लाख मीटन अधिक खरीद हुई है तथा गतवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 873 करोड़ भुगतान अधिक किया गया है। अबतक धान विक्रय हेतु 5.75 लाख किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। इस वर्ष मोटे अनाजों, श्री अन्न के अन्तर्गत अधिक उत्पादन वाले 33 जनपदों में बाजरा तथा 11 जनपदों में ज्वार की खरीद की जा रही है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में बाजरा का समर्थन मूल्य 2625 प्रति कुं तथा ज्वार 3371 प्रति कुं निर्धारित किया गया है। अबतक 29 जनपदों में 306 क्रय केन्द्रों के माध्यम से 9601 किसानों से 51067 मीटन बाजरा की खरीद की गयी है तथा 126 करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया। ज्वार खरीद के अन्तर्गत 10 जनपदों में अब तक 78 क्रय केन्द्रों के माध्यम से 4039 किसानों से 20137 मीटन ज्वार की खरीद की गयी है, रू0 65 करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया।

### कलिया खेड़ा गांव मृतक किसान के घर पहुंचे कांग्रेसी

**लखनऊ ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को राजधानी लखनऊ के कलिया खेड़ा गांव पहुंचे। यहां मृतक किसान हीरालाल रावत के परिजनों से मुलाकात कर पत्नी ओर बेटों को सांत्वना दी। राय ने यूपी सरकार पर किसान की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा राज्य सरकार मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दे। राय ने कहा कांग्रेस पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ हर तरह से खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नजर बनाए रखें। यहां एक भी मकान गिरने नहीं दिया जाएगा। कलिया खेड़ा गांव में एलडीए ने जमीन का अधिग्रहण किया है। उसका अधिग्रहित जमीन पर कब्जे को लेकर किसानों से संघर्ष जारी है। वहीं अधिग्रहण के दायरे में आए मकानों को गिराने के लिए एलडीए टीम ने मकानों पर लाल क्रॉस के निशान लगाए थे।

# तुलसीपुर कोड़री व भीटी पटखौली में चल रहा मनरेगा कार्य में खेल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार रोकथाम की लाख कोशिशों के बावजूद भी गोण्डा जिले के पंडरी कृपाल विकास खण्ड में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है भ्रष्टाचार की शिकायत तो ग्रामीण करते हैं और आए दिन प्रमुख समाचार पत्रों में भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित होती है। लेकिन विकास खण्ड पड़री कृपाल के जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है।

बता दें कि गोण्डा जिले के पड़री कृपाल ब्लॉक के भीटी पटखौली गाँव में मनरेगा से हो रहे कार्य में एक बड़ा फर्जी वाड़ा सामने आया है जहां पर दो साइड चल रही रही है। मस्टर रोल में 70 मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन




मौके पर मात्र आठ से दस लोग ही दिखाई दे रहे हैं और जो कार्य कराया जा रहा है वह भी ठेके पर कराया जा रहा है। इस तरह से सावंतपुरवा में आता मोहम्मद के घर से रामदीन के खेत तक चकरोड पर मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा है।वही दूसरा कार्य सावंतपुरवा में समीउल्लाह के खेत से मुजलिम के खेत तक मिट्टी पिटाई का कार्य में मास्टर रोल में 70 मजदूरों को दिखाया जा रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। वही एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सिर्फ एक जगह ही कार्य चल रहा है और वह ठेके पर चलाए जा रहा है। और जो भी कार्य यहाँ पर हो रहा है वह सिर्फ कागजों में काम चल रहा है।सूत्र बता रहे है कि कागजों में तो 70 मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन मौके पर आठ से दस मजदूर ही मिलते हैं और वह भी ठेके पर कर रहे थे।

सूत्र बता रहे है कि काम खत्म होने से पहले वहां लोगों को खड़ा करके केवल फ़ोटो खिंचवाने का काम किया जाता है कुछ जगह ऐसी भी है जहां पर कुछ भी काम नहीं हुआ है और मजदूरों के नाम से पैसे लिए जा रहे हैं लेकिन काम मनरेगा से दिखा कर ठेके से कराया जा रहा है।मनरेगा योजना में एमएमएस सिस्टम से घोटाले की पोल खुलती हुई दिखाई दे रही है रोजगार सेवक द्वारा मस्टरोल नंबर में कहां से मजदूरों के फोटो खींचकर उसके स्क्रीन शॉट के फोटो को एमएमएस सिस्टम में अपलोड कर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

### एमएमएस एप के विशेष निर्देश की उड़ रही धज्जियां

एमएमएस एप के विशेष निर्देश के अनुसार रोजगार सेवक द्वारा प्रतिदिन सुबह दस बजे से पहले सभी श्रमिकों की उपस्थिति एवं कार्यस्थल की फोटो एमएमएस एप के माध्यम से लेकर नरेगा सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जाएगी। लेकिन भीटी पटखौली ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक रात को मनरेगा सॉफ्ट पर अपलोड की जाकर विशेष निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। यही नहीं रोजगार सेवक के द्वारा दूसरी पारी का फोटो अपलोड नहीं किया जा रहा है।

# शीतलहर से बचाव के लिए लगेंगे गैस आधारित हीटर

- सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों में होगी पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत
- जनपद में 27 सार्वजनिक स्थानों का हुआ चयन

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जनपद गोंडा में शीतलहर और ठंड से बचाव के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक अनोखी पहल शुरू की है। यह पहल न केवल जनता को राहत दे रही है, बल्कि पर्यावरण और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पहली बार 27 स्थानों पर गैस हीटर लगाए जाएंगे, जिससे ठंड से प्रभावित लोगों को गर्मी का अहसास होगा। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। गैस हीटर का इस्तेमाल सस्ता और सुरक्षित है, और यह परंपरागत अलाव जलाने से होने वाले प्रदूषण और




धुएं को भी कम करता है।

यह गैस हीटर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सभी नगरपालिका और नगर पंचायतों में लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक नगर पंचायत में 2 गैस हीटर लगाए गए हैं। करनैलगंज और मनकापुर नगर पालिका में 4, जबकि नगरपालिका गोण्डा में 5 गैस हीटर लगाए गए हैं। इन गैस हीटरों में एलपीजी का उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक गैस हीटर की रिफिलिंग 25 दिनों तक चलेगी, जिससे यह एक दीर्घकालिक और सुविधाजनक समाधान है। एक गैस हीटर की कीमत 12,500 रुपये है, जो लंबे समय तक चलने के कारण किसी भी अलाव से किफायती है। इस पहल पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, हमारा उद्देश्य शीतलहर से लोगों को बचाना और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना है। एलपीजी आधारित गैस हीटर न केवल ठंड से राहत देते हैं, बल्कि प्रदूषण भी कम करते हैं। यह पहल जिले में नई दिशा दिखाएगी और अन्य स्थानों के लिए एक उदाहरण बनेगी।

# देवीपाटन मंडल में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की समीक्षा और आगामी लक्ष्यों की तैयारी तेज

देवीपाटन मण्डल गोण्डा समृद्धि न्यूज़।

देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने संयुक्त विकास आयुक्त को एक महत्वपूर्ण पत्र भेजकर अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा और नए लक्ष्यों की पूर्ति पर जोर दिया है। इस पत्र में प्रदेश में मॉडल उचित दर दुकानों के निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई है और आगामी योजनाओं के लिए तैयारियों को लेकर निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 2023-24 के प्रथम चरण में प्रत्येक जनपद में 75 मॉडल अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था। इस योजना के तहत प्रदेश में कुल 5,258 मॉडल उचित दर दुकानों का



निर्माण प्रस्तावित है। इनमें से 1,801 दुकानों का निर्माण कार्य फिलहाल प्रगति पर है।

कमिश्नर ने देवीपाटन मंडल में स्वीकृत सभी मॉडल उचित दर दुकानों की स्थिति की तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे हुए हैं या नहीं। 2024-25 के वित्तीय वर्ष में नए अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। मंडल के अधिकारियों को इस कार्य का बारीकी से पर्यवेक्षण और अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सभी निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर दिया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाए। यह कदम प्रदेश में खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने और उचित दर दुकान प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।

# दामाद ने सास को धोखे में रखकर कराया बैनामा, की शिकायत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

एसपी विनीत जयसवाल को वृद्ध महिला ने कार्यालय पहुंच कर प्रार्थना पत्र देकर न्याय पाने की आस लगाई है।मामला थाना क्षेत्र वजीरगंज के ग्राम बंधवा निवासिनी वृद्ध महिला पूनम देवी पत्नी हृदय राम ने आरोप लगाया है। महिला का कहना है।कि मैं घर पर अकेली थी।यह जानकार मेरे ही दामाद शिव शंकर निवासी ग्राम भगोहर थाना वजीरगंज घर आकर मुझसे कहा कि तुम आंखों से नहीं देख रही हो। मेरे साथ चलो आंख वाले डॉक्टर को दिखावा कर दवा दिलवा देंगे। उनकी बातों में आकर वृद्ध महिला सास को ले जाकर तरबगंज तहसील में उसके आराजी का बैनामा करा लिया ।जबकि



महिला का कहना है कि उस समय घर पर अकेली थी।मेरे बेटे और बहु अस्पताल में थे। छोटी बहु की डिलेवरी थी,वह भी डॉक्टर को दिखाने गई थी।इसी का फायदा उठा कर दामाद ने मेरे साथ धोखा किया है।आंखों से मै देख नहीं सकती हूं।इस वजह से मेरी जमीन का बैनामा करा लिया गया है।


पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# परमिट का बहाना हरे भरे फलदार पेड़ को कटवाना

मोतीगंज /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

गोण्डा जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में हरे भरे फल दार आम के पेड़ों पर जमकर आरा चलाया जा रहा है कभी परमिट के सहारे तो कभी लकड़कट्टे चोरी छुपे पेड़ों को काट रहे हैं।जिम्मेदार परमिट होना बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

वही मोतीगंज थाना क्षेत्र छजवा कस्बे के पीछे एक बाग में बारह आम के पेड़ लगे है जो की हरे-भरे और फलदार आम के वृक्ष हैं। जिस पर आरा चलाने के लिए जिले के उद्यान विभाग ने आंख बंद करके रिपोर्ट लगा दी है,और वन विभाग ने भी बिना जांच किए ही आम के हरे भरे फलदार आरा चलाने के लिए साथ पेड़ों का परमिट भी जारी कर दिया है। जिससे कि पर्यावरण संरक्षण पर अब खतरा मडराने लगा है मंगलवार को मोतीगंज थाना क्षेत्र के छजवा कस्बे



के पीछे सात फलदार आम के हरे पेड़ पर लकड़कट्टे ने जुगाड़ लगाकर सात पेड़ों की परमिट बनवाकर प्रति बंधित पेड़ों पर आर चलवा दिया है। सूत्र बता रहे है थाने में साहब से मिल लीजिए परमिट की कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी वही बगैर परमिट के पेड़ों को काटने की बात आम हो गयी है और जब कभी पेड़ के कटने की बात प्रकाश में आती है तो वन विभाग मौके पर पहुंचकर खाना पूर्ति कर जुर्माना की धनराशि वसूलकर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाता है। वन दरोगा की तरफ से गलत रिपोर्ट लगाकर परमिट बनाने का खेल गोण्डा जिले में भरपूर खेला जा रहा है। लेकिन अब यह सोचनीय विषय है की क्या परमिट हरे व स्वास्थ्य पेड़ों के बनाये जाते है।

जबकि नियम सूखे जर्जर पेड़ो की परमिट जारी करने का है लेकिन जिले में परमिट जारी कर हरे फल दार पेड़ो को कटवाने का सिलसिला जोरो पर हैं। जब इस विषय पर वन विभाग के एसडीओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सात पेड़ का परमिट जारी किया गया है उद्यान विभाग से रिपोर्ट आई थी लेकिन जब उनसे पूछा गया यह तो हर और फलदार आम के वृक्ष हैं तो यह कैसे काटा जा रहा है तो उन्होंने सिर्फ गोलमोल ही जवाब दिया का ठीक है किसी को भेज कर दिखाते हैं।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग घरेलू सामान जलकर स्वाहा



विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत उधरना ठकुराइन गांव में विद्युत केबिल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे एक घर में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात ग्राम उधरना निवासी अमरिका के घर विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई । शोरगुल से इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा हुआ गृहस्थी का सामान, अनाज व कुछ नकदी जलकर राख हो गया।पीड़ित परिवार ने संबंधित विभाग को अग्निकांड की सूचना दी है।

# एनसीसी कैडेट्स को दिया तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण

- राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को शहर के महाराज सिंह इण्टर कालेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन के तहत कार्यशाला आयोजित कर एनसीसी कैडेट्स को तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों समेत एनसीसी में पंजीकृत कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में एनसीसी कैडेट्स को तंबाकू के सेवन से होने



वाली बीमारियों और बचाव के बारे में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ परितोष तिवारी ने कहा कि समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने के लिए कार्य करना होगा।

तंबाकू का सेवन न करने के लिए लोगों को प्रेरित और जागरूक करना होगा। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग वर्मा ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है, जिसमें धारा चार के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्मोकिंग करना अपराध है।

पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। बृजेश सिंह ने कहा कि तंबाकू एवं सिगरेट से होने वाले हजारों प्रकार की घातक बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों आदि की बीमारी और असामयिक मृत्यु से संबंधित प्रचार-प्रसार को युक्तिसंगत तरीकों से लागू करने के लिए सरकारी कर्मियों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में डॉ परितोष तिवारी ने महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य, शिक्षक, कर्मचारियों एवं मौजूद एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि हम कभी भी धूम्रपान या तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों या परिचितों को धूम्रपान का या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे और अपने परिसर को तंबाकू मुक्त रखेगे।

# सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो संभल घटना की जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर संभल हिंसा की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग की। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ के निर्देशन में मंगलवार को पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। मंडल उपाध्यक्ष जेपी राव की अगुवाई में सभी ने संभल घटना को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष इंद्रजीत का कहना है कि अज्ञात के नाम पर निर्दोष लोगों को फसाया जा रहा है। ऐसे में शहर में लोग घर से बाहर नहीं



निकल रहे हैं।घटना की सत्यता के लिए सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में संभल हिंसा की जांच करवाई जाए। जिससे कि पता चले कि चार नव युवकों की मौत कैसे और किसकी गोली लगने से हुई है। प्रदर्शन के बाद सभी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष सुहेल, मुकीम चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मकसूद, पवन भारती, भीम आर्मी मंडल उपाध्यक्ष संतोष गुरु जी, सुरेश पासवान, राकेश जाटव समेत अन्य मौजूद रहे।

# कानूनगोपुरा उत्तरी से भाजपा प्रत्याशी उमा श्रीवास्तव ने दाखिल किया पर्चा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा रिक्त पद पर उपचुनाव के लिए वार्ड संख्या 13 कानूनगोपुरा उत्तरी से घोषित प्रत्याशी उमा श्रीवास्तव ने संघारणी मंदिर पर सभी वार्ड वासियों व भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे एवं सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के नेतृत्व में मां संघारण का दर्शन करने के पश्चात भारी जन समर्थन के साथ डिगिहा तिराहा, छावनी चौराहा, घंटाघर से गुरुद्वारा होते हुए कलेक्ट्रेट में जाकर नामांकन कराया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सुवेद वर्मा जिला महामंत्री डॉ डिंपल जैन, हेमा निगम युवा मोर्चा जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित महिला मोर्चा जिला संयोजका रंजीता श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष बीजेपी अमित शर्मा जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, राम कृपाल मिश्र, अखिलेश यादव गोले,समय प्रसाद मिश्रा, शिवम जायसवाल, कल्याण सिंह, संजय जायसवाल, अजीत प्रताप सिंह, मानवेंद्र सिंह, हर्षित श्रीवास्तव सहित तमाम कार्यकर्ता व वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# हिंदू रक्षा समिति के तत्वाधान में निकाली जन आक्रोश रैली

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर लोगों में आक्रोश, सभी ने सरकार से सुरक्षा दिलाए जाने की मांग कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे हमले के विरोध में मंगलवार को जिले में हिंदू संगठनों ने विशाल रैली निकालकर विरोध जताया। रैली में महामंडलेश्वर से लेकर आम आदमी शामिल हुए।

सभी ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से सुरक्षा दिलाए जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार जाने के बाद से लगातार हिंदुओं पर हमला हो रहा है। हाल ही में इस्कॉन मंदिर के सदस्य पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



लगातार हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में जिले के लोगों और हिंदू संगठनों में नाराजगी है। जन आक्रोश रैली गेंदघर मैदान से प्रारंभ होकर छावनी चौराहा, घंटाघर चौक, पीपल तिराहा, नगर पालिका होते हुए धरना स्थल पहुंची जहाँ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी को सौपा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि विभिन्न संचार माध्यमों से विदित है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट ,आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार संपूर्ण हिंदू समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं चिंताजनक है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो तथा चिन्मय कृष्ण दास को तत्काल कारावास से मुक्त जाए। रैली में शामिल लोग भारत हो या बांग्लादेश हम सब हिंदू एक हैं,हर हिंदू की यही पुकार नहीं सहेंगे अत्याचार,हिंदू का इतिहास है हिंदू सबके साथ है,हिंदू नरसंहार बंद करो बंद करो,बंद करो,तुम जितने मंदिर तोड़ोगे उतनी मानवता छोड़ोगे ,मानवता करती आह्वान हिंदू जीवन जग की शान,हिंसा नहीं सहना है कट्टरपंथियों से लड़ना है,अब हिन्दू चुप नहीं रहेगा,हिंदू हिंसा नहीं सहेगा,हर हिन्दू ने ठाना है बांग्लादेश को कट्टरपंथ से बचाना है आदि स्लोगन लिखी हुई तख्तिया हाथ में लेकर चल रहे थे। प्रदर्शन में शामिल पयागपुर से भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं व साधु संतों पर अत्याचार किया जा रहा है।

जिसे वहां की सरकार रोक नहीं पा रही है इसको लेकर हिंदू समाज में जबरदस्त आक्रोश है। प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे सदर विधायक अनुपमा जायसवाल एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी सहित हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों के साथ हजारों की तादाद में बहुसंख्यक वर्ग के लोग शामिल है।

# कोई अभिशाप नहीं है दिव्यांगता : जिलाधिकारी

- दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को देखकर आश्चर्यचकित हुए दर्शक

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

इंदिरा गांधी स्पोर्ट स्टेडियम में जनपद स्तरीय दिव्यांग बच्चों के खेलकूद का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी मोनिका रानी ने किया।

दिव्यांग बच्चों के खेल कार्यक्रम जिसमें 50 मीटर दौड़ नंदिनी त्रिपाठी पयागपुर, नवीन तेजवापुर द्वितीय, गुलाब चन्द्र महसी तृतीय, शालिनी प्रथम पयागपुर द्वितीय, शान्ति नगर तृतीय स्थान , सुलेख मे निधि वर्मा



महसी प्रथम, क़ासिफ जरवल द्वितीय तथा गुलाब चंद महसी तृतीय स्थान पाया तथा 100 मीटर की दौड़ मे पवन कुमार, हुजूरपुर प्रथम, जुनैद बाबा सुन्दर सिंहद्वितीय, अमानत बाबा सुन्दर सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका दौड़ मे माही विशेश्वरगंज प्रथम,नदिनी चित्तौरा द्वितीय, सना फखरपुर तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कुर्सी दौड़, बैडमिंटन खेल और को देख करके उपस्थित अभिभावक तथा शिक्षक आश्चर्यचकित चकित हो गए। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा की दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है यदि उनको अच्छी शिक्षा दी जाए तो यह राष्ट्रीय स्तर पर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे इनकी स्वास्थ्य की देखभाल खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाए यदि कहीं कोई कमी आती है तो अवगत करा दे,उनको तुरंत हर संभव मदद की जाएगी दिव्यांग खेलकूद कार्यक्रम के आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह,जिला समन्वयक राकेश कुमार मिश्रा, एआरपी राजेश कुमार मिश्र, जयवीर सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पाल सिंह महेंद्र सिंह, कुशमेंद्र सिंह, रवि श्रीवास्तव,आशीष कुमार सिंह,सत्य पाल यादव, संचालक संतोष सिंह , संजय सिंह भदौरिया, इज्जरारूल हक, उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर कतर्नियाघाट के लिए रवाना हुआ 95 छात्र-छात्राओं का दल

- कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम ने सीडीओ के साथ दिखायी हरी झण्डी

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के समस्त विकास खण्डों के चिन्हित 55 दिव्यांग बच्चों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्रतिभाशाली 40 बालिकाओं के दल को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी



दिखाकर एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण हेतु कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार हेतु रवाना किया। छात्र-छात्राओं का दल गिरिजापुरी बैराज, थारू हट, इको गार्डेन, जंगल सफारी, गेरूआ नदी में बोटिंग का आनन्द लेने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्लोगन राईटिंग एवं पेंटिंग कर भ्रमण के दौरान देखे गये नज़ारों को कैनवास पर उतारेंगे। वाहनों की रवानगी के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# जिलाधिकारी ने तहसील सलोन का किया निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील सलोन का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील के सभी पटलों के अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कमी मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार को कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। कहा कि जनता से जुड़ी हुई समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। फाइलों को एक पटल पर ज्यादा दिनों तक ना रोका जाए। जिससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। राजस्व के मामलों में दोनों पक्षों की बातें सुनी जाए और मौका मुआयना करने के उपरांत ही निर्णय लिया जाए। एसडीएम सलोन को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अभिलेखों को रिकार्ड कक्ष में सुव्यवस्थित रखा जाए। जिससे की आवश्यकता पड़ने पर उनका पुनः सत्यापन हो सके। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और उनका गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का पूरा प्रयास किया जाए। तहसील न्यायालय से संबंधित वादों का शीघ्र निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीण बाजारों में शीघ्र लगेंगी सोलर स्ट्रीट लाइटें



**पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत लगेंगी लाइटें, योजना को धरातल पर लागू कराने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

रायबरेली। पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत ग्रामीण बाजारों में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन हेतु बाजारों के चयन से संबंधित आवश्यक बैठक का आयोजन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम ने परियोजना निदेशक यूपीनेडा से इस योजना से संबंधित अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। परियोजना निदेशक ने बताया कि पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत जनपद के विधानसभा क्षेत्र में समस्त विकास खंडों से एक या दो मुख्य बाजारो में प्राथमिकता पर मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के चयनित ग्रामों में ग्रामीण बाजारों का चयन करते हुए 139 अदद सोलर लाइट अधिष्ठापित की जाएगी। परियोजना निदेशक ने बताया कि अभी तक 204 ग्रामीण बाजारों का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारियों सहित डीपीआरओ को निर्देशित किया कि योजना को धरातल पर शीघ्र लागू कराया जाए। जिससे की योजना का लाभ जन सामान्य को मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब व्यवसायी से हुई लूट की घटना का खुलासा



**घटना को अंजाम देने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार**

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

रायबरेली। शराब व्यवसायी से हुई लूट के मामले में रायबरेली पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अंदर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी के मुताबिक लूट करने वाले अभियुक्तों में से एक अभियुक्त ने बंटवारे के पैसे से नई मोटरसाइकिल खरीदी उसी ने उनके मनसूबे पर पानी फेर दिया। जिसकी जानकारी पुलिस को लग गई और यह सभी पकड़े गए।

पुलिस अधीक्षक ने बताया मामला एक दिसंबर थाना गुरबख्श गंज के ग्राम सेईठा के पास रायबरेली लालगंज हाईवे के पास का है। शराब व्यवसाय राजकुमार जायसवाल मोटरसाइकिल से अलग-अलग शराब की दुकान से एकत्रित रुपयो को लेकर देर शाम घर जा रहे थे तभी तीन लोगों ने मोटरसाइकिल से ओवरटेक करके उनके सामने मोटरसाइकिल लगा दी। इसके बाद इन लोगों ने तमंचे के बल पर कैश वाला बैग लेकर सभी भाग गए। एसओजी, सर्विलांस पुलिस व गुरबख्श गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर इस रुप के पीछे लग गई। इसके बाद इन्हें लूट के रुपए, अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ थाना खीरों क्षेत्र के दीमापुर मोड़ पर गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले राकेश थाना ग्राम सुल्तानपुर जाला थाना लालगंज, गौरव उर्फ़ गोलू पुत्र राजकिशोर निवासी ठकुराईन खेड़ा पो. शगुनी थाना खीरों जनपद रायबरेली, शिवा पुत्र बचोले निवासी ग्राम जैनापुर थाना खीरों को गिरफ्तार किया गया है। संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके इन सभी को जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि इस घटना का मुख्य साजिशकर्ता राकेश कुमार है जो पीड़ित राजकुमार जायसवाल शराब व्यवसाय के यहां मधुकरपुर देसी शराब के ठेके पर पिछले सात आठ साल से सेल्समैन का काम करता था। इसके ऊपर बैंक का काफी लोन बकाया था। रुपए के लालच में आकर इसने घटना को अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर अंजाम दिया। पुलिस द्वारा इस घटना में तीन लाख 62 हजार रुपये, नई पल्सर मोटरसाइकिल अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस व एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद की है।

## जिलाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर का औचक निरीक्षण

**जिलाधिकारी** हर्षिता माथुर ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर सलोन का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने चल रही कक्षाओं का अवलोकन किया। तदोपरांत पठन-पाठन, पुस्तकालय, छात्रावास, खानपान, प्रयोगशाला व सुरक्षा आदि संबंधी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद कर



उनका उत्साहवर्धन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर का भ्रमण कर गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य कार्यालय में समस्त स्टाफ से छात्रों को संस्थान द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्टाफ की उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल-कूद मैदान सहित पूरे परिसर में साफ सफाई नियमित रूप से कराई जाए।

## घरेलू विवाद में जेठ ने बहू की पिटाई, घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीमटीकर गांव में पति-पत्नी के घरेलू विवाद में जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी की पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया। घायल नीलम वर्मा का अपने पति से मंगलवार की सुबह किसी बात को लेकर विवाद हो गया, वहीं विवाद बढ़ता देख मौके पर पहुंचे घायल महिला के जेठ पिंकू ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# साइंस सिटी का भ्रमण कर तकनीकी दुनिया में खोए बच्चे

- अमावां ब्लॉक के बच्चों ने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत की एक्सपोजर विजिट
- विज्ञान की हकीकत से रूबरू हुए परिषदीय विद्यालयों के बच्चे

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

सवाना के जंगलों, पहाड़ों के घने जंगलों में हलचल मचाने वाले जंगली जानवरों को देखने से लेकर लायन सफारी का आनंद अमावां ब्लॉक के बच्चों ने साइंस सिटी में लिया। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता में विजयी रहे बच्चों को लखनऊ की एक्सपोजर विजिट करने जानी। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले क्लॉस 6 से 8 तक बच्चों को मंगलवार को आंचलिक केंद्र का भ्रमण कराया गया। एक्पोजर विजिट की बसों को हरी झंडी दिखाते हुए राम मिलन यादव ने बताया कि लखनऊ में बच्चों की कराई गई एक्सपोजर विजिट के



माध्यम से बच्चों को नवीन चीजों से रूबरू कराया गया। उन्होंने बताया कि एक्सपोजर विजिट में क्विज प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रथम 100 बच्चों को आंचलिक विज्ञान नगरी भेजा गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट के लिए बच्चों को साइंस सिटी का भ्रमण कराया गया। उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों ने करीब 9 गैलरी देखकर विज्ञान की हकीकत से रूबरू हुए। एमआरपी सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि साइंस सिटी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां पर विज्ञान की संपूर्ण जानकारी मौजूद है। यहां पर फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी इन तीनों ही विषयों की जानकारी बच्चों ने खेल-खेल में बड़ी ही आसानी से सीखीं। थ्रीडी शो और करके सीखने का अनुभव बच्चों के लिए कुछ अलग ही रहा। मौके पर एआरपी डॉ. एसएस श्रीवास्तव, अब्दुल मन्नान, जेपी रावत, माया, सरिता, शशि किरन, हीरालाल, परितोष पाल, अशोक यादव, सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि लोग भ्रमण के दौरान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### साइकिलसवार को बचाने में बाइकसवार चाची-भतीजा घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जा गिरी, जिसमें बाइक सवार भतीजा एवं चाची घायल हो गए। घटना मंगलवार दोपहर 1:00 बजे की है। जब बछरावां थाना क्षेत्र की ग्राम हरदोई गांव के पास सड़क पर बाइक के सामने अचानक साइकिल सवार आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। जिसमे एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। विदित हो कि खांडे खेड़ा मजरे ऊचौरी थाना शिवगढ़ निवासी युवक संदीप कुमार पुत्र अशर्फीलाल उम्र 30 वर्ष अपनी चाची रेखा पत्नी रामसेवक उम्र 45 वर्ष के साथ रानीखेड़ा थाना क्षेत्र हरचंदपुर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी हरदोई गांव के पास वह दुर्घटना का शिकार हो गए। जिसमें दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया, घायल महिला रेखा की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेज रफ्तार होने के चलते पीछे से आ रही बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी जिससे हादसे में आगे चल रहे बाइक पर सवार पति और पत्नी दोनों घायल हो गए, जिसमें पति की हालत गंभीर बताई गई है। घटना दिनांक 2 दिसंबर सोमवार रात 8:30 बजे की है, जब बांदा बहराइच मार्ग पर दो बाइके आगे पीछे चल रही थी इसी बीच अज्ञात वाहन सामने से अचानक आ गया और उसे बचाने के चक्कर में पीछे की बाइक से आगे की बाइक टकरा गई। हादसे में आगे चल रही बाइक पर सवार मुखिया पुत्र शालिग्राम उम्र 31 वर्ष एवं उनकी पत्नी गीता उम्र 29 वर्ष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही पीछे चल रहे बाइक सवार दो युवक बाल बाल बच गए उन्हें चोट नहीं आई है वहीं घायल पति और पत्नी को आसपास के लोगों के द्वारा अपने निजी वाहन से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया परंतु पति मुखिया की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ग्राम चौपाल में डीएम ने ग्रामीणों से की वार्ता

**बलरामपुर।** विकास खंड पचपेड़वा के ग्राम भौरीसाल में ग्राम चौपाल एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी एवं डीएम पवन अग्रवाल की



अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, राम कृपाल शुक्ल उपस्थित रहें। इस अवसर पर थारू जनजाति छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसका सभी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। इस दौरान महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा ग्रामीणों को निशुल्क कंबल वितरण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की एवं ग्राम में कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच का फीडबैक प्राप्त किया। डीएम ने ग्राम को मूलभूत सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम में सभी पात्रों को वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन, सोलर लाइट के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर महंत देवीपाटन मंदिर एवं डीएम ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित सहभोज कार्यक्रम में शामिल हुए एवं थारू जनजाति के स्वादिष्ट व्यंजनों को चखते हुए प्रशंसा की। इस दौरान डीएम ने ग्राम भौरीसाल में चल रहे चकबंदी कार्य की प्रगति की समीक्षा की एवं चकबंदी अधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्तिअधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### टैलेंट सर्च इम्तिहान में कामयाबी हासिल करने वाले बच्चों को मदरसा दारूल उलूम सरकारे आसी के संस्थापक ने किया सम्मानित

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** दारुल उलूम सरकारे आसी सादुल्लानगर बलरामपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मदरसे के दो बच्चों ने कामयाबी का झंडा लहराया है जिसमें आसमा राज खान ने इस इम्तिहान में पांचवां स्थान हासिल किया जो काबिले तारीफ है तथा आयशा ने उन्नीसवीं स्थान प्राप्त किया। इसके लिए प्रबन्धक ने बच्चों को इनाम दिया तथा सभी स्टाफ को बधाई दी। मदरसा सरकारे आसी के प्रबन्धक जनाब सैयद मोहिब्बुल हक ने इस परीक्षा के लिए तहरीम खान कलासेज के संस्थापक अध्यापक शमसुल्लाह खान साहब को परीक्षा कराने के लिए धन्यवाद दिया। संस्था के प्रधानाचार्य निजामुद्दीन साहब ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यदि ईमानदारी और लगन के साथ इल्म हासिल किया जाए तो आप किसी भी क्षेत्र में अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। मास्टर अकलीम हाशमी साहब ने अध्यापकों और बच्चों को संस्था का नाम रौशन करने पर बधाई दी और कहा की भविष्य में भी आप इसी तरह लगन और मेहनत से कामयाबी हासिल करते रहे। इसी क्रम में अध्यापक खान मोहम्मद, विनय कुमार मिश्र, दिलदार हुसैन सिद्दीकी,मास्टर मोहम्मद मोनिस हाशमी साहब ने बच्चों को इल्म की अहमियत और समाज में फैले अंधकार को दूर करने का जरिया बताया और कहा कि शिक्षित होकर ही समाज को एक नई दिशा की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

## पान मसाला खाकर थूकने से मना करने को लेकर हुआ विवाद, आधा दर्जन घायल

**चार की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर**

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव में मंगलवार की सुबह मसाला खाकर थूकने से मना करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक की आ गई, वहीं इस मारपीट में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी बछरावा पहुंचाया गया है। बताते चले की प्रथम पक्ष से घायल दिनेश कुमार पुत्र कंधई उम्र 29 वर्ष एवं उनकी पत्नी विद्या उम्र 26 वर्ष, अंजू पत्नी सुरेश कुमार उम्र 28 वर्ष एवं द्वितीय पक्ष से विजय कुमार पुत्र चेतराम उम्र 22 वर्ष, राजकुमार पुत्र चेतराम उम्र 24 वर्ष एवं पुष्पा पत्नी विजय उम्र 20 वर्ष घायल हुए हैं। वहीं प्रथम पक्ष से दिनेश कुमार की मानी जाए तो विजय कुमार पुत्र चेतराम मेरे घर के पास स्थित मंदिर मे मसाला खाकर थूक रहा था, तीन-चार दिन पहले मैंने उसको मना किया और उसकी मां से शिकायत भी की परंतु वह माना नहीं, लेकिन मंगलवार सुबह जब वह फिर से मंदिर के पास थूकने लगा तो मैंने उसको मना किया तभी वह मारपीट पर आमादा हो गया और उनके पारिवारिक जनों ने लाठी डंडे लेकर मेरे परिवार के ऊपर हमला कर दिया, जिसमें मेरी पत्नी और मेरे परिवार की अन्य एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वही द्वितीय पक्ष विजय कुमार की मानी जाए तो उनका कहना है कि इन लोगों के पास पैसे का रुतबा है इसलिए आए दिन विवाद करते रहते हैं। वहीं द्वितीय पक्ष से विजय की अम्मा ने बताया कि उनकी बहू पुष्पा जो की गर्भवती थी, मारपीट में दिनेश एवं उनके पारिवारिक जनों ने उसके गर्भ पर भी प्रहार किया है। इस मारपीट के मामले में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# तो क्या अब शिक्षा छोड़कर बच्चे लगाएंगे ट्रैक्टर में धक्का

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

एक तरफ जहां सरकार शिक्षा के ऊपर अरबो रुपए खर्च करती है तो वहीं कुछ तस्वीरें ऐसी आ जाती हैं जो सरकार के सारे किए कारए पर पानी फेर जाती है। मामला महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के पारा कला के कंपोजिट विद्यालय का जहां से एक तस्वीर वायरल हो रही है और उस तस्वीर में देखा जा सकता है कि ट्रैक्टर ट्राली पर शटरिंग लदी हुई है और उस ट्राली में नन्हे मुन्ने बच्चे धक्का मारते हुए नजर आ रहे हैं ।आखिर कोई भी अध्यापक इस तरह का कार्य बच्चों से कैसे करवा सकता है की चलती हुई सड़क पर नन्हे मुन्ने बच्चों को दुर्घटना के लिए सड़क पर धक्का मारने के लिए छोड़ दिया जाता



है और वह बच्चे ट्रैक्टर ट्राली में धक्का मारते हुए नजर आते हैं। एक तरफ जहां छोटे-छोटे बच्चे अपना बस्ता भी नहीं उठा पाते तो वही अध्यापक द्वारा यह कहा जाता है कि आप ट्रैक्टर ट्राली में धक्का मार दीजिए जिससे यह स्टार्ट हो जाए और यह अपने स्थान तक पहुंच जाए यह तस्वीर योगी सरकार और मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा के प्रति योजनाओं में पलीता लगाने का कार्य कर रही है। आखिर कोई भी अध्यापक इतने छोटे-छोटे बच्चों से ट्रैक्टर ट्राली में धक्का कैसे मरवा सकता है लेकिन वो अध्यापक हैं धक्का भी मरवाएंगे बच्चों से काम भी करवाएंगे और उसके बाद बता देंगे की स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा था जिसके तहत बच्चों से काम कराया गया। लेकिन स्वच्छता पकवाड़ा अगर चल रहा था तो साफ सफाई करवाते कि आप ट्रैक्टर में धक्का लगवाने का कार्य क्यों हो रहा

> इस विषय में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी, महराजगंज को फोटो भेज कर अवगत करा दीजिए कार्रवाई की जाएगी।

है। यह बात इस समय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। और पारा कला ग्राम पंचायत का यह कंपोजिट विद्यालय जहां कुछ निर्माण कार्य चल रहा था और इस निर्माण कार्य के तहत ट्रैक्टर ट्राली शटरिंग को लोड करने के लिए आई हुई थी लेकिन जब ट्रैक्टर ट्राली स्टार्ट नहीं हुई तो अध्यापक द्वारा कहा गया कि आप सभी बच्चे इस ट्रैक्टर ट्राली में धक्का मारे अगर कोई घटना सड़क पर घट जाती है कोई बच्चा दुर्घटना का शिकार हो जाता तो इसका जिम्मेदार कौन होता।

# भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने सहकारी विकास समिति का किया उद्घाटन

श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

भारत सरकार केंद्रीय सेक्टर योजना कार्यदाई संस्था राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम एवं सीबीबीओ अभिनव विकास समिति के सहयोग से संवर्धित एवं विकसित किसान उत्पादक संगठन शाहपुर ईटई में समिति का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष संदीप कुमार बर्मा ने फीता काट कर उदघाटन किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार किसानों का आय दुगुना करने का जो संकल्प लिया था उसी कड़ी में हर ब्लाक स्तर पर एफ सहकारी समिति लिमिटेड बनाकर किसानों तक प्रमाणित बीज देने का कार्य किया है, किसानों को अधिकतर बीज के नाम पर गेहूं बेंच देते हैं कुछ लोग जिससे किसानों के मेहनत के फलस्वरूप अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता जिससे किसान की उपज कम हो जाती है और उपज को बेचने के लिए बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता है किंतु किसान उत्पादक संगठन शाहपुर ईटई के शुभारंभ से अब



इस क्षेत्र के किसानों को अच्छी खाद, बीज, दवा तो मिलेगी ही साथ ही उनका उपज भी एम एस पी दर पर खरीदा जाएगा। इस उद्घाटन में क्षेत्र के तमाम किसान, व्यवसाई और तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति के सचिव पराग यादव ने बताया कि सरकार लगातार किसानों के हित को देखते हुए किसानों के लिए एक से एक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में लगी हुई है उसी क्रम में ब्लाक स्तर पर एफ पी ओ का गठन करके समूचे क्षेत्र के किसानों को सौगात देने का कार्य सरकार ने किया है। सी, बी, बी, ओ, के जिला कॉर्डिनेटर राघवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि किसानों के उत्थान में सबसे बड़ी बाधा बीज और उपज का उचित मूल्य का न मिलना है। किसान को अच्छी बीज नहीं मिल पाती, बीज के नाम पर उन्हें मिश्रित बीज दुकानों से दे दिया जाता हैं जिससे किसान के उत्पादन पर कुप्रभाव पड़ता है और किसान को घाटा सहन करना पड़ता है। दुसरी बात किसान अपने उपज का उचित मूल्य नहीं पाता। किंतु अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकी किसानों को प्रमाणित बीज और उसके उपज का उचित मूल्य किसान उत्पादक संगठन एवम औद्यानिक विपणन सहकारी समिति शाहपुर ईटई से मिल सकता है, किसान अपना फ़सल लगाने के लिए बीज भी ले जाए और उपज को अपने एफ पी ओ को बेंच कर तुरंत भूगतान ले सकता है। इस मौके पर जीवन लाल यादव, अमित यादव, सीईओ मित्रसेन सपा नेता राम दयाल यादव समेत दर्जनों गणमान्य किसान उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसो. के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल को दिया ज्ञापन

**बलरामपुर।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह के दिशानिर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य



मंत्री अनुप्रिया पटेल से मिलकर सिड्युल के को समाप्त कराने, होलसेल मेडिकल पर भी फार्मासिस्ट की अनिवार्यता, नेशनल हेल्थ पॉलिसी 2017 के बिंदु 11.4 के तहत सीएचओ भर्ती के लिए फार्मासिस्ट को ब्रिज कोर्स के लिए अहर्य किए जाने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए जाने सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया, केंद्रीय स्वस्थ मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आश्वासन दिया कि फार्मासिस्ट के सभी मुद्दों पर अमल किया जायेगा, इस अवसर पर साथ में उपस्थित रहे मोहित कुमार मंडल उपाध्यक्ष आगरा, सुभाष रायकवार बुलेंदखणड आई.टी.सेल अध्यक्ष, धीरज शर्मा, विनीत पुरोहित, नयन शर्मा, पंकज मिश्रा, वीरेन्द्र पुरोहित, धनंजय दुवे, सुरेंद्र पटेल, उत्कर्ष मिश्रा, सतेंद्र राजपूत, सत्यम झा, अनुराग सेन, विनय सेन, यश मालवीय आदि फार्मासिस्ट साथी उपस्थित रहे ।

## बैंक/डाकघर/जनसेवा केंद्र व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा के लिए चलाया गया चेकिंग अभियान

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा बैंकों/डाकघर/जनसेवा केन्द्र व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षार्थ जनपद बलरामपुर के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी को बैंकों/डाकघर की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में आज दिनांक 03.12.2024 को जनपद बलरामपुर के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको/डाकघर के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर





सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म आदि को किया चेक। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हिंदू संगठन में आक्रोश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

जनपद बलरामपुर में विगत दिनों बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के समय हुए हिंदुओं के नरसंहार हिंदुओं की हत्याएं पर हिंदू रक्षा समिति बलरामपुर के बैनर तले विभिन्न हिन्दू संगठनों ने कलेक्ट्रेट बलरामपुर में एकत्र होकर हाथों में भगवा ध्वज व बांग्लादेशी हिंदुओं की हत्या बंद करो बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न बंद करो भारत माता की जय जय राम जैसे उद्घोष लगाते रहे जिसमें सभी लोंगो ने धरना प्रदर्शन कर सदर एसडीएम ज्ञापन सौपा उक्त रैली एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गई जिसमें संबोधन के क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक जितेंद्र जी ने संबोधित करते हुए





कहा कि आज पूरे विश्व की अलग-अलग सभ्यताएं सनातन संस्कृति को ही लक्ष्य करके नष्ट करने का प्रयास कर रही है परंतु अहिंसा में विश्वास रखने वाला हिंदू समाज अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी करेगा बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याएं एक अंतरराष्ट्रीय सुनियोजित षडयंत्र का भाग है जो कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याएं कराकर भारत को भी लक्ष्य करना चाहती हैं,इसलिए भारत के हिंदुओं को अपना अस्तित्व सुरक्षित रखने के लिए हर परिस्थिति हेतु तैयार रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार तत्काल रुकना चाहिए। सभा के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के द्वारा संबोधित सूत्रीय ज्ञापन सदर एसडीएम बलरामपुर को हिंदू रक्षा समिति बलरामपुर द्वारा ज्ञापन दिया गया उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, सेवाभारती, सीमा जागरण मंच, एकल विद्यालय अभियान के पदाधिकारियों सहित संघ के विभाग संघ चालक सौम्य अग्रवाल, विभाग कार्यवाह अमित गुप्ता, जिला संघचालक अभिमन्यु जिलाकार्यवाह किरीट मणि, विहिप के विभाग मंत्री सुबीर, सदर विधायक पलटूराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विभाग मार्ग प्रमुख नीलमणि शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्र, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, डॉ राकेश चंद्रा, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष देव मिश्रा, सेवाभारती विभाग अध्यक्ष बीडी जायसवाल, सेवा भारती जिलाध्यक्ष रुपेश मिश्रा,रवि मिश्रा,गौरव मिश्रा,डीपी सिंह व एकल विद्यालय अभियान की आचार्या व कई हजारों की संख्या में भीड़ रही।

## जनसंख्या का गणित

देश में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना तार्किक दृष्टि से गले नहीं उतरता। लेकिन इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जताई थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जताई गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 फीसदी की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं। वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफ से विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन इसे भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।


# एक हैं, तो सुरक्षित हैं के मर्म को समझा हिंदू समाज ने

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं।

इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, ÷एक हैं तो सुरक्षित हैं÷। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई।

इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना ( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ।



**पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक शृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया।**

पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक शृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया।

कहानी स्पष्ट थी-भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए बटेंगे तो कटेंगे नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बंटेंगे तो कटेंगे के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ बंटेंगे तो कटेंगे के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा?

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने सत्ता की लालसा में पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनाव में मिली बड़ी जीत को एकता तथा एक हैं तो सुरक्षित हैं नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दर्शाता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनाव में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है। यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने एक हैं तो सुरक्षित हैं के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया।

## जनसंख्या पर भाजपायी विमर्श को बढ़ाते भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की गुजारिश की है और उसे जनसंख्या विज्ञान के 2.1 के फार्मूले से जोड़कर चाहे सियासी अर्थों को छिपाने की कोशिश की हो, लेकिन सच्चाई यह है कि इस बयान के पीछे उनके संगठन के वे ही पुराने गहन राजनैतिक मकसद मौजूद हैं जिसके लिये वह जानी जाती है- ध्रुवीकरण। उनका बयान ऊपरी खुले तौर पर चाहे संघ की राजनीतिक विंग भारतीय जनता पार्टी द्वारा अब तक की सोच के विपरीत दिखाई देता हो, जो देश के सामने अक्सर बढ़ती आबादी को लेकर चिंता जताती आई है, परन्तु भागवत के बयान को भाजपा के लिये एक दिशानिर्देश की तरह भी देखा जा रहा है।

बहुत सम्भव है कि केन्द्र सरकार भागवत के बयान के अनुकूल कोई ऐसी जनसंख्या नीति लेकर आये जिससे हिन्दुओं की आबादी को बढ़ाया जा सके। संघ और भाजपा जनसंख्या सम्बन्धी वास्तविक तथ्यों व आंकड़ों को दरकिनार कर यह प्रचारित करती आई है कि देश में हिन्दुओं की आबादी घट रही है और मुस्लिमों की बढ़ रही है। देश में इस्लामोफोबिया बढ़ाने के लिये जनसंख्या को गलत तरीके से पेश करना संघ-भाजपा की पुरानी नीति है। अनेक महत्वपूर्ण मौकों पर भागवत हों या इन दो संगठनों से जुड़े लोग, इसका डर दिखाते रहे हैं। नागपुर में एक संगठन के सम्मेलन में दिये भाषण में भागवत ने कहा कि-2.1 की कम प्रजनन दर वाला समाज अपने आप नष्ट हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे कम जनसंख्या वाला समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट न हो। बिना संकट के भी ऐसे समाज के नष्ट होने की बात उन्होंने सम्भवतरू इसलिये कही होगी ताकि लोग इस बात को तार्किक व वैज्ञानिक आधारों वाला कोई निष्कर्ष समझें और उन पर यह तोहमत न लगे कि वे लोगों को डरा रहे हैं या हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं।

उन्होंने कई भाषाओं और समाज के नष्ट होने की बात करते हुए लोगों को चेताया कि प्रजनन दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिये। इस वृद्धि दर को बनाये रखने के लिये लोगों को दो से ज्यादा (यानी तीन) बच्चे पैदा करने चाहिये। उन्होंने याद दिलाया कि देश में 1998 और 2002 में जो जनसंख्या सम्बन्धी नीतियां तय की गयी थीं उनमें भी 2.1 की दर को बनाये रखने की बात कही गयी थी। हालांकि उन्होंने अमूमन कम याददाश्त वाली जनता के सामने स्पष्ट नहीं किया कि ये दोनों नीतियां भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस शासित कार्यकाल में लाई गयी थीं। चूंकि उनमें अनेक ऐसे राजनीतिक दलों का समावेश था जो इस मामले में दूसरी राय रखते थे, यह नीति कभी भी प्रभावशाली ढंग से लागू नहीं हो पाई थी। अटल बिहारी वाजपेयी वाली यह सरकार 2004 में जाती रही तथा उसके बाद आई यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार (पीएम डॉ. मनमोहन सिंह- दो कार्यकाल) ने इस अनर्गल विषय को तूल देने या बढ़ती आबादी को लेकर रोना-धोना करने की बजाय अधिकतम आबादी को काम देने की नीति पर कार्य किया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी इस पर कोई काम करने की बजाय सियासी मुद्दा बनाकर समाज के भीतर उसे जिन्दा रखा। अपने पहले कार्यकाल (2014-19) के दौरान मोदी आबादी को लेकर एक सकारात्मक रवैया अख्तियार करते नजर आये। उन्होंने अधिक जनसंख्या को, खासकर युवाओं की बहुलता के कारण भारत के लिये एक सौगात बताया। यह एक तरह से चीन की तरह की रणनीति अपनाने जैसा था जिसने बड़ी आबादी को अपनी ताकत बना दिया है। चूंकि पहले-पहल के मोदी भारत को चीन और अमेरिका के मुकाबले में लाने के दावे करते रहे, इसलिये कुछ समय तक तो उनकी पार्टी ने भी देश की आबादी बढ़ने का दुखड़ा सुनाना बन्द कर दिया जो इसका ठीकरा अक्सर मुस्लिम समुदाय पर फोड़ते थे। यह कारगर साबित इसलिये नहीं हुआ क्योंकि भाजपा और संघ के लोग हमेशा से जो बात सुनते आये थे और जिस पर भरोसा करते रहे, मोदी उसके विपरीत बोल रहे थे। साथ ही, जैसे-जैसे मोदी की नीतियां दगा देने लगीं, मोदी, भाजपा और संघ को अल्पसंख्यकों के विरूद्ध बहुसंख्यकों की लामबन्दी की जरूरत अधिक पड़ने लगी।

## विचार

# लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान



की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'।नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय

**भारतीय नौसेना दिवस, 04 दिसंबर पर विशेष)**

**भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया।**

नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिंद महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है।



# राशिफल

**मेष:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मीन :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

# संसद को ठप्प कौन कर रहा है?

**राजेंद्र शर्मा**

या संसद का शीतकालीन सत्र उसी रास्ते जा रहा है, जिस रास्ते पिछले कई सत्र गए हैं। कुल तीन हफ्तों के सत्र में पहले हफ्ते संसद के लगातार ठप्प होने के बाद, दूसरे हफ्ते की भी शुरूआत उसके ठप्प रहने का सिलसिला जारी रहने से हो गयी है। संसद के इस तरह ठप्प होने में एक खास बात है, जिसकी संसद के ठप्प होने पर आम तौर पर सत्तापक्ष से लेकर मुख्यधारा के मीडिया तक द्वारा जतायी जाने वाली चिंताओं में, शायद ही कभी चर्चा की जाती है। यह खास बात यह है कि संसद के ठप्प होने से सरकारी काम-काज बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होता है, बिल्कुल नहीं रुकता है। इसे एक छोटे से उदाहरण से समझा जा सकता है।

वक्फ संशोधन विधेयक को संसद के पिछले सत्र में भारी विरोध के बाद, संयुक्त संसदीय समिति को विचार के लिए भेजे जाने के बाद से, संयुक्त संसदीय समिति में दूर-दूर तक कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई थी। इसके लिए सबसे ज्यादा भाजपा और उसके सहयोगी जिम्मेदार थे, जिनके आचरण से यह साफ हो गया था कि प्रस्ताव भले ही अभी कानून में संशोधन का ही हो, संघ-भाजपा की नीयत वक्फ बोर्ड को खत्म



करने की ही है। इसे तब और भी साफ कर दिया गया, जब महाराष्ट्र के विधानसभाई चुनाव में जीत की शाम को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने वक्फबोर्ड को, आंबेडकर के संविधान के खिलाफ करार दे दिया।

फिर भी जैसाकि मोदी-पूर्व के दौर में हुआ करता था, जब बहुपक्षीय विचार-छानबीन के मंच के रूप में संसदीय समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका हुआ करती थी और संयुक्त संसदीय समितियों के काम को बहुत गंभीरता से लिया जाता था, सर्वसम्मति के करीब नजर न आने को देखते हुए, उक्त संयुक्त संसदीय समिति को अपने काम के लिए और समय दिए जाने का सुझाव आया था। इसके पीछे सोच यह थी कि और विचार-विमर्श तथा अध्ययन के जरिए, मतभेदों को कम कर के, सर्वसम्मति के ज्यादा नजदीक पहुंचा जा सकेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री के उक्त भाषण से सत्ताधारी भाजपा की दिशा साफहो गयी और वक्फ संशोधन विधेयक को शीतकालीन सत्र की कार्यसूची में प्रमुखता से रख दिया गया।

इसके बाद भी, चूंकि इस मामले में भाजपा के लिए अपनी मर्जी चलाना आसान नहीं था और विपक्ष के एकजुट विरोध के अलावा इस मामले में उसके सामने जनता दल यूनाइटेड तथा तेलुगू देशम्ड्ड जैसे अपने सहयोगी दलों को साधने की भी चुनौती थी, जो भाजपा की तरह सीधे-सीधे मुस्लिमविरोध की कतारों में खड़े नहीं होना चाहते हैं, उसे शीतकालीन सत्र में सरकारी कामकाज की प्राथमिकताओं में थोड़ा पीछे खिसकाना पड़ा। इसके बावजूद, भाजपा ने संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश किए जाने के लिए, शीत सत्र के आखिर तक का विस्तार ही स्वीकार किया है। अंततरू उसे अपने मंसूबों में कामयाबी मिले या नहीं मिले, पर फिलहाल भाजपा इसकी कोशिश करने जा रही है कि संबंधित रिपोर्ट इसी सत्र के अंत तक संसद में पेश कर दी जाए, जिससे भाजपा इस मामले में अपना एजेंडा आगे बढ़ा सके। इस मुद्दे को जोर-शोर से आगे बढ़ाए जाने की एक वजह यह भी हो सकता है कि संघ-भाजपा के मोदी राज को इसका एहसास हो गया हो कि उत्तराखंड जैसे इक्का-दुक्का राज्यों में उसकी सरकारों के तथाकथित समान नागरिक कानून या संहिता को आगे बढ़ाने के बावजूद, देश के पैमाने पर ऐसा कानून बनाना इसके बावजूद आसान नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी चतुराई से इसे समान नागरिक कानून की जगह, सेकुलर नागरिक कानून कहना शुरू कर दिया है। ऐसे में देश के पैमाने पर अपने मुस्लिमविरोधी एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए, वक्फ कानून उनके लिए एक उपयोगी साधन हो सकता है। बहरहाल, हम संसद के ठप्प होने और किए जाने के मसले पर लौटें। आखिर, संसद को ठप्प कर कौन रहा है? इस सवाल के निश्चित उत्तर के लिए हम कानून के एक लोकप्रिय सिद्धांत या धारणा का सहारा ले सकते हैं। यह सिद्धांत यह कहता है कि अपराधी का पता लगाने का आसान तरीका है, इसका पता लगाना कि संबंधित अपराध से लाभ किसका होगा? संसद के ठप्प होने से किस का लाभ हो रहा है? इस सवाल का एक ही जवाब हो सकता हैकृइसमें सरकार का ही फायदा है? क्यों? क्योंकि सारे शोर-शराबे के बीच भी, सरकार न सिर्फ सामान्य सरकारी काम-काज पूरा कर लेती है बल्कि उसने बिना चर्चा के ही विधेयकों पर संसद से मोहर लगवाने को, नया नॉर्मल ही बना दिया है। जब संसद में किसी वास्तविक बहस के बिना ही सरकार का काम हो रहा हो, तो बहस-मुबाहिसे के अर्थ में संसद चलवाने में सरकार की दिलचस्पी क्यों होगी? यह कोई संयोग ही नहीं है कि नरेंद्र मोदी के राज में पिछली संसद ने बदनामी के कहे जा सकने वाले एक नहीं कई-कई रिकार्ड बनाए थे। इनमें तीन रिकार्ड सबसे खास थे। सबसे ज्यादा, करीब डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को एक साथ संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए जाने का रिकार्ड। लोकसभा के एक पूर्ण कार्यकाल में सबसे कम बैठकों का रिकार्ड। बिना किसी वास्तविक चर्चा के विधेयक पारित कराए जाने और विधेयकों पर चर्चा में औसतन सबसे कम समय लगाए जाने का रिकार्ड। वास्तव में यह संसदीय व्यवस्था के साथ सलूक की नरेंद्र मोदी की आम शैली ही है। गुजरात में अपने शासन के 13 साल में मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने आम तौर पर यह सुनिश्चित किया था कि विपक्ष को विधानसभा में चर्चा के जरिए सरकार को जवाबदेह बनाने का कोई मौका ही नहीं मिले और खासतौर पर विधानसभा की बैठकों की संख्या कम से कम रहे। उसी गुजरात मॉडल को अब संसद के स्तर पर लागू किया जा रहा है। पूछा जा सकता है कि लेकिन, संसद को क्या विपक्ष ही ठप्प नहीं कर रहा है?

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को किया सम्मानित



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हाजी वारिस अली शाह डिग्री कॉलेज बरौलिया में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों को ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सपा प्रदेश सचिव लक्ष्मण वर्मा,क्षेत्र पंचायत सदस्य एडवोकेट विजय यादव, पूर्व प्रमुख मौलाना असलम कासमी, पूर्व प्रधान अब्दुल रहीम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,हाजी मुस्ताक व सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष इन्तिखाब आलम नोमानी ने छात्र दिव्यांगजन का सम्मान करते हुए, कम्बल कापी पेन वितरित किया है। मंगलवार को क्षेत्र के हाजी वारिस मेमोरियल डिग्री कालेज पारिजात धाम बरोलिया के प्रबन्धक परवेज अहमद के संयोजन में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों दिव्यांग छात्र छात्राओं को कम्बल व कांपी पेन कम्बल वितरित किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि इस तरीके के कार्यक्रम आयोजित होने से दिव्यांग छात्र-छात्राओं के हौसले बढ़ेंगे बच्चों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि आप लोग पढ़ाई के माध्यम से ऐसे मुकाम पर पहुंचे जिससे आपको व आपके परिवार क्षेत्र को गर्व हो। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य ओमकुमार वर्मा, बलराम किशोर, रत्नेश कुमार पाण्डेय , मजाहिद हुसेन जैदी,पुतान सिंह, जियाउद्दीन मनोज कुमार यादव,पौव्वा वर्मा पूर्व प्रधान बरोलिया आदि अध्यापक गण मौजूद रहे।

## दिव्यांग दिवस पर ग्रामोदय विकास संस्थान ने आयोजित किया कार्यक्रम



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अंतरराष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्रामोदय विकास संस्थान द्वारा संचालित ग्रामोदय दिव्यांग स्कूल राष्ट्रीय न्यास दिशा विकास केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ सौरभ शुक्ला व जैन समाज के महादानी पवन जैन एवं गुरु परिवार वर्धमान जैन बाराबंकी की उपस्थिति में संपंन्न हुआ। जैन परिवार द्वारा सभी बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर प्रदान किए गए जैन परिवार द्वारा बच्चों को शुद्ध पेयजल हेतु एक वाटर कूलर भी विद्यालय को निशुल्क प्रदान किया गया। देवी प्रसाद एडवोकेट, संस्था के सचिव कुंवर बहादुर यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया एवं महादानी जैन परिवार का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की ओर से सभी दिव्यांग बच्चों को एवं समस्त स्टाफ को निशुल्क ड्रेस का वितरण किया गया स्पेशल टीचर श्री नासिर फिजियोथैरेपिस्ट विजयकुमार काउंसलर अजय यादव डांस टीचर अर्चना कश्यप दयाशंकर मिश्र संदीप श्रीवास्तव मयंक मिश्रा रविंद्र कुमार मोहिनी तिवारी अंजू पाठक मोहिनी मौर्य रेनू रावत अंजलि आलोक अमित विश्वकर्मा लवकेश शशिकांत मातादयाल चालक माता प्रसाद एवं समस्त बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## तहसीलदार कोर्ट जाने वाले अधिवक्ता दो वर्ष के लिए सदस्यता से निलंबित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

पिछले एक पखवाड़े से अधिवक्ताओं द्वारा तहसीलदार सीमा भारती के बहिष्कार के बीच एक अधिवक्ता ने उनके चेंबर में जाकर मुलाकात कर ली। जिसके बाद तहसील बार एशोसिएशन ने कार्यवाही करते हुए उक्त अधिवक्ता को 2 वर्ष के लिए बार की सदस्यता से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ तहसील बार ने तहसीलदार सीमा भारती का बहिष्कार कर रखा है और इस दौरान किसी भी वकील के उनसे मिलने पर 2 वर्ष के लिए निलंबित किए जाने का आदेश भी जारी कर दिया था। बताया जाता हैं कि मंगलवार की दोपहर वरिष्ठ अधिवक्ता रतीपाल तहसीलदार के चैम्बर में वार्ता कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही बार के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर उन्हें तहसीलदार से बात करते हुए देख लिया।इसके बाद अध्यक्ष राम प्रताप सिंह व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव की अगुवाई में बार भवन में कार्यकारिणी की आपात बैठक बुलाई गई।बैठक में आरोपित अधिवक्ता रतीपाल को दो वर्ष के लिए बार से निष्काषित कर दिया गया। ज्ञातव्य हो कि पिछले 15 दिनों से अधिवक्ता सीमा भारती की कार्यशैली का विरोध करते हुए उनके स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं और उनके न्यायालय का अनिश्चित-कालीन बहिष्कार कर रहे हैं।

# जीआईसी में छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा रही।जिन्होंने छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग के बारे में बताया तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों से दूर रहने को कहा। उन्होंने बताया कि छात्राओं को साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि छात्राओं को भरपूर मेहनत करनी चाहिए। आप सभी लड़कियों को तो दो परिवारों को संभालना रहता है। आप लोगों को खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। सभी छात्राओं को विद्यालय खाना खाकर ही आना चाहिए।

लड़कियां यदि ठान ली तो वह उच्च से उच्च पदों को प्राप्त कर सकती है। विद्यालय के प्राचार्य अनन्त कुमार यादव ने कहा कि छात्राओं को किसी प्रकार का संकोच करने की आवश्यकता नहीं है । यह एक शारीरिक क्रिया का अंग है जिससे हमारी बहन बेटियां माताएं रूबरू होती है।इस अवसर पर धीरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार कश्यप, चंद्रशेखर वर्मा, शुभम सहित शिक्षक छात्राएं उपस्थित रही।

## जादू के कार्यक्रम देखकर दर्शक रह गए दंग

**बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव में मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकार हृदयेश जादूगर द्वारा जादू के अनेक अजब गजब कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी जिसे देखकर दर्शक दंग रह गए।

उन्होंने जादू के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा आदि विषयों के प्रति जनमानस को जागरूकता का संदेश दिया। दर्शकों ने भी तालियां बजाकर हृदयेश जादूगर की खूब हौसलाआफजाई की।

## पंचायत कार्यालयों में शिविर लगाकर की जा रही फॉर्मर रजिस्ट्री

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के रसूलपुर सहित भैसुरिया, सिरौलीगौसपुर, सहित कई पंचायत भवनों में लेखपाल के नेतृव में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए कैम्प लगाए गए। रसूलपुर पंचायत भवन में लेखपाल सन्दीप वर्मा कृषि विभाग के अधिकारी व पँचायत सहायक रोजसेवक के नेतृव में कैम्प लगाया गया। जिसमें कल्लू ,चंदन, रामतेज, गीतादेवी अनुज सहित 20 किसानों के रजिस्ट्रेशन किये गए। लेखपाल सन्दीप वर्मा ने बताया कि रसूलपुर पंचायत भवन में कैम्प लगाया गया किसानों को रजिस्ट्रेशन के फायदे बताये गए और उनके रजिस्ट्रेशन किये गए कैम्प में 20 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। इस संबंध में तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया कि फ़ार्मर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए गांव में कैंप लगाएं जा रहे हैं। किसान कैंप में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले।

# खो-खो प्रतियोगिता में उपविजेता टीम का हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा सत्र 2024 -25 के लिए आयोजित अंतर महाविद्यालयी खो खो प्रतियोगिता में उपविजेता होकर लौटी महाविद्यालय की टीम का जोरदार स्वागत किया गया।

विजेता टीम का महाविद्यालय पहुंचने पर संरक्षक/संस्थापक पूर्व विधान परिषद सदस्य राम पाल वर्मा,प्रबंधक इंजीनियर रमेश कुमार वर्मा,प्राचार्य डॉ अमरेश सिंह श्रीनेत,बीएड एवम बी टी सी विभागाध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार वर्मा, डॉ प्रेम चंद्र पटेल, डॉ विजय वर्मा, डॉ मीनाक्षी श्रीवास्तव, सुश्री आरती मौर्या, डॉ रेखा श्रीवास्तव, डॉ दीपिका सचान,प्रवेश वर्मा, डॉ शिव कुमार मनन,विवेक वर्मा,जगतार कुमारी यादव, डॉ बृजेश वर्मा, डॉ बृजेश यादव, डॉ अनुज रंजन आनंद, डॉ सत्यानंद बाजपेई, डॉ मनीष गोंड, डॉ वंदना सिंह, डॉ नीलम सिंह, डॉ कंचनलता वर्मा, बृज पाल सिंह डॉ निशी वर्मा, डॉ रंजीत वर्मा सहित सभी विभागों के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम को अनंत हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों के समुज्वल



भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक ने विजेता बच्चियों को महाविद्यालय के आगामी वार्षिकोत्सव में पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि राम नगर पीजी कॉलेज के तत्वावधान में खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से श्री बैजनाथ शिवकला पी जी कॉलेज मंगलपुर बाराबंकी,विश्वविद्यालय परिसर ,साकेत महाविद्यालय अयोध्या,गणपत सहाय पी जी कॉलेज सुल्तानपुर, लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध महाविद्यालय फतेहपुर बाराबंकी सहित कुल 11 महाविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया था। खेल प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की होनहार छात्राओं कप्तान खुशबू, दीपाली वर्मा, विधी वर्मा,प्रियंका,दीपिका,प्रिया, सेजल,लक्ष्मी,सुनयना,क्रांति,सोनिया एवं शांति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उप विजेता का खिताब जीतकर न केवल कॉलेज का गौरव बढ़ाया बल्कि महाविद्यालय की खिलाड़ियों खुशबू,प्रियंका तथा विधी वर्मा का चयन अंतर्विश्वविधालयी टीम के लिए किया गई ।जिनकी प्रतियोगिता जालंधर पंजाब में आगामी दिनों में संपन्न होगी।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित होकर पलटी मारुति, बाल-बाल बचे सवार

**फतेहपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर सूरतगंज मार्ग पर स्थित जरखा पुरवा गांव के पास इसी गाँव के निवासी सागर अपनी निजी मारुति वैन में बिठाकर कर चार बच्चों को घुमाने ले गया थे घर वापस लौटते समय तेज रफ्तार मारुति वैन अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई और मौके पर ही पलट गई. घटना देख स्थानीय लोगों ने तुरंत दौड़कर कार का शीशा तोड़कर ड्राइवर सहित सभी बच्चों को गाड़ी में से बाहर निकाल कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। गनीमत की बात यह रही की घटना में किसी को कोई भी चोट नहीं आई है लेकिन गाड़ी पलटने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी में हैं एक मारुति वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है जिसमें बैठे सभी लोग सुरक्षित हैं किसी को कोई चोट नहीं आई है।

### अंतरराष्ट्रीय लोक गायिका के गीतों पर मुग्ध हुए श्रोता

**बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव के पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या में अंतरराष्ट्रीय लोक गायिका वंदना मिश्रा की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतरराष्ट्रीय लोक गायिका वंदना मिश्रा ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत, हे गंगा मैया! तोहे पियरी चढ़इकै भजन की प्रस्तुति से की। इसके बाद शिव स्तुति, जटाटविगलज्जल प्रवाह पावित स्थले इसके बाद, कंकर कंकर में है शंकर की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी इसके बाद गीत, कहे तोसे सजना, दिन भर चाहे जहाँ रहियो हमार पिया, पटना से बैदा बोलाई दा, बलम अंग्रेजी मिले, मारि-मारि के हो बलमा, के चला पटना बाजार आदि गीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### रजनी व अंकिता की जुगलबंदी ने लगाए चार चांद

**बाराबंकी।** सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना रजनी वर्मा व अंकिता सिंह के कथक नृत्य ने मंगलवार को महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक पंडाल में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। जिसके बाद शिव तांडव सहित मशहूर भजन गाइए गणपति जग वंदन पर नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। उनके नृत्य के भावों को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। फिर राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत नृत्यांगना रजनी वर्मा व अंकिता सिंह की जुगलबंदी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

### अधिवक्ता दिवस के रूप में मना प्रथम राष्ट्रपति का जन्मदिन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कर्तव्य निष्ठा ईमानदारी देश के प्रति सच्ची निष्ठा मेहनत के लिए अधिवक्ता जाना जाता है। ऐसे गुणों से परिपूर्ण देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद थे। इसलिए आज हम सभी लोग उनका जन्म दिवस अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाते है। यह बात ग्राम न्यायालय न्यायाधीश कमला कांत तिवारी ने तहसील सिरौलीगौसपुर बार एसोसिएशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही।उन्होंने कहा कि अधिवक्ता की ईमानदारी उसका आभूषण होता है। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि व्यक्ति को अध्यात्मिक होना जरूरी है, तभी वह चरित्रवान होगा। वकालत बहुत मेहनत का पेशा है और अधिवक्ता के दिवस के दिन अधिवक्ताओं को और ऊर्जा के साथ कार्य करना चाहिए।

# महादेवा महोत्सव जाह्नवी श्रीवास्तव ने बिखेरा अपने सुरों का जादू



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महादेवा महोत्सव में मंगलवार को लोक गायिका जाह्नवी श्रीवास्तव और उनके सहयोगी कलाकारों ने अपने सुरों से भक्ति और लोक संगीत का जादू बिखेरा। एक के बाद एक प्रस्तुत किए गए भजन और अवधी लोकगीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत जाह्नवी श्रीवास्तव ने गणेश वंदना, गौरी शंकर के अंगना मां नाचे गणेश, लाल-लाल फूलों से अंगना सजाया कार्तिक संग नाचे गणेश, से की। उनके सुरों ने जैसे ही मंच को सजाया, पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। इसके बाद, उन्होंने भगवान शिव की स्तुति, आशुतोष शशांक शेखर चंद्रमौली चिदंबरम कोटि-कोटि प्रणाम शंभू, कोटि नमन दिगंबरम, गाकर भक्तिमय माहौल को और गहरा कर दिया।

## गेस्ट हाउस के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चुरा ले गए चोर

**जालौन, उरई।** गेस्ट हाउस के बाहर खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित वाहन स्वामी ने ट्रैक्टर चोरी की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज देखकर चोर की तलाश कर रही है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मरोड़ा निवासी अमरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उरई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह था। जिसमें वह सामान लेकर अपने ट्रैक्टर से गेस्ट हाउस पहुंचे थे। सोमवार की रात उन्होंने गेस्ट हाउस के बाहर ट्रैक्टर खड़ा कर दिया और ठिलिया से समान उतारवाकर वह गेस्ट हाउस के अंदर रखवाने लगे। सामान रखने के बाद ट्रैक्टर बाहर खड़ा रहा। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो ट्रैक्टर गायब था। उन्होंने काफी तलाश की लेकिन ट्रैक्टर का कहीं पता नहीं चला।

# बाइक व एक लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को निकाला

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

▸ पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर, आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद व बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी नगमा ने पुलिस बताया कि उनके पिता समी ने ढाई वर्ष पूर्व उसकी शादी उरई निवासी सद्दाम के साथ की थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक तो सब ठीक ठाक रहा। इसके बाद ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये नकद व बाइक की मांग शुरू कर दी। उसके परिवार के लोग इतने सक्षम नहीं हैं कि शादी के बाद इस बोझ को वह उठा सकें। जब उसने वह बात ससुरालियों को बताई तो उन्होंने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार नाते रिश्तेदारों के समझाने के बाद भी उनकी समझ में नहीं आया और वह लगातार प्रताड़ित करते रहे। कुछ दिन पूर्व उन्होंने मात्र पहने हुए कपड़ों में उसे घर से निकाल दिया। तबसे वह पिता के यहां रह रही है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति सद्दाम, ससुर समशाद, सास किरन, देवर भूरेव अरबाज निवासी उरई के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिव्यांगजनों ने पेंशन बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री के नाम भेजा पत्र

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर उन्नति दिव्यांगजन विकास समिति ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र तहसीलदार को दिया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल गुल्लू ने साथी दिव्यांगों साथ तहसीलदार जितेंद्र सिंह को दिए पत्र में कहा कि प्रदेश भर में लाखों दिव्यांगजनों को जो मासिक पेंशन सरकार द्वारा दी जा रही है वह बढ़ती हुई मँहगाई में अपर्याप्त साबित हो रही है और दिव्यांगजनों को अपनी गृहस्थी चलानी भी मुशिकल हो रही है। इस स्थिति में मासिक पेंशन 60 से 100 प्रतिशत तक बढ़ाकर गंभीर रूप से दिव्यांगजनों की पेंशन राशि 5 हजार रुपये मासिक की जाये जिससे दिव्यांगजन आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

# एसएमजीआई जेनरो क्रिकेट टूर्नामेंट बीबीए ने जीता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

3 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जेनरो के अंतर्गत ज्योतिबा बाई फुले स्टेडियम में एसएमजीआई के जेनरो, के क्रिकेट मैच आयोजित किये गये। इस टूर्नामेन्ट में एसएमजीआई ग्रुप के सभी विभागों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच बी. फार्मा तृतीय वर्ष एवं बी.टी.सी. के मध्य खेला गया जिसमें बी. फार्मा तृतीय वर्ष ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बी.टी.सी. की टीम को 57 रनों का लक्ष्य दिया। बी.टी.सी. ने इस लक्ष्य को पीछे करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की जिसमें नवीन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष एवं बी.बी.ए. के बीच खेला गया जिसमें बी.बी.ए. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। यह मैच बी.बी.ए. ने 26 रनों से जीता जिसमें महेन्द्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया।





तीसरा मैच बी. फार्मा द्वितीय वर्ष एवं बी.सी.ए. के बीच खेला गया जिसमें बी.सी.ए. ने 57 रनों का लक्ष्य दिया। यह मैच बी.सी.ए. ने 14 रनों से जीता जिसमें मयंक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथा मैच डी. फार्मा तथा नर्सिंग टीम के बीच खेला गया जिसमें डी. फार्मा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 73 रनों का लक्ष्य दिया जिसमें नर्सिंग टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की जिसमें अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सेमी फाइनल का पहला मुकाबला बी.टी.सी. एवं बी.सी.ए. के बीच खेला गया जिसमें बी.सी.ए. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रनों का लक्ष्य दिया और यह मैच 48 रनों से जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। इस मैच में प्रांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द सीरीज़ मोहसिन को चुना गया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। इसी क्रम में विजेता तथा उपविजेता टीम को भी ट्राफी के साथ सभी विजेता,उपविजेता खिलाड़ियों को भी डा. विवेक यादव तथा डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये। टूर्नामेंट के दौरान एसएमजीआई के सभी शिक्षक,स्टाफ एवं छात्र मौजूद रहे।

## राशनकार्ड धारक 31 तक कराएं ई सत्यापन

**कालपी, उरई समृद्धि न्यूज।** राशन कार्ड धारकों ने अपना ई सत्यापन नहीं कराया तो उन्हें खाद्यान्न से हाथ धोना पड़ सकता है विभाग ने इसके लिए 31 दिसम्बर तक की तिथि निर्धारित की है।

विदित हो कि शासन ने अन्य सरकारी कामकाज के साथ वितरण व्यवस्था भी आनलाईन कर दी है जिसके चलते अब ईपाश मशीन से वितरण शुरू हो गया है इतना ही नही तौल मे गड़बड़ी न हो इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक काँटा को भी ईपाश मशीन से जोड दिया गया है लेकिन शासन का मानना है कि अभी भी बड़ी संख्या में बोगस यूनिट के सहारे खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी हो रही है जिस पर लगाम लगाने के लिए आपूर्ति विभाग ने बोगस यूनिट को खत्म करने का अभियान शुरू किया है जिसके चलते सभी राशन कार्ड धारकों को सभी यूनिट का ई सत्यापन कराने का फैसला किया है और यह अभियान कई महीनों से जारी है। एआरओ मनोज कुमार उत्तम के अनुसार विभाग के उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से चलाए जा रहे। इस कार्यक्रम में अभी तक कालपी नगर में 64 प्रतिशत कदौरा नगर में 60 महेवा ब्लाक में 62 तथा कदौरा ब्लाक में 64 प्रतिशत यूनिट का ई सत्यापन हो चुका है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बलीपुर विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/एसबीएम योजनान्तर्गत/ 2024-25 — दिनांक 03/12/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/एसबीएम/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलीपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 04/12/2024 से 10/12/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 10/12/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/12/2024 से 10/12/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | संविलिय विद्यालय बलीपुर जूनियर कक्ष में टायलीकरण | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2,23540 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | बरौनी कम्पोस्ट साकेट | एसबीएम | // // | 1,80000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मान सिंह के घर से कमेश के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | // // | 2.78 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | नेकराम के घर से अमित के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | // // | 4.80 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-ऋषि कुमार — ग्रा0पं0 बलीपुर वि0ख0 कमालगंज — सचिव- नीरू दीक्षित



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज,बहराइच।

पत्रांक- /आंकिक/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक-

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 1421/आंकिक /निविदा सूचना/2023-24 दिनांक 30.11.2024 द्वारा जारी निविदा पत्र में क्र.सं. 09 पर अंकित कार्य ग्राम पंचायत बालानगर कोड़री के मजरा भिट्ठी पुरवा में राजू पाण्डेय के घर के सामने से जीवन लाल पाण्डेय के खेत तक नाली निर्माण कार्य के स्थान पर ग्राम पंचायत बाला नगर कोड़री के मजरा धोबियन पुरवा में पिच रोड से कौशल के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य योजना पांचवा वित्त पढ़ा जाये। निविदा की नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विशेश्वरगंज, बहराइच।**


# मोबाइल व उपकरण के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

▸ एसएसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रूपये से किया पुरूस्कृत

चोरी के इरादे से मोबाइल छीनने वाले 03 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते हुये किया गया गिरफ्तार चोरों के कब्जे से चोरी किये गये मोबाइल एवं चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण और बाइक बरामद एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन में एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग के दौरान 03 मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों को सराय एसर और बच्चा जेल के बीच में बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार चोरों ने विभिन्न जगह पर मोबाइल चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। पुलिस ने रोहन राजपूत, अंकित राजपूत, जितेन्द्र राजपूत को गिरफ्त किया, तीनों चोर नेवरपुर थाना इकदिल की निवासी है निरी. जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी मय टीम और यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उनि सिपाही लाल और पुलिस टीम ने की कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा पुलिस टीम दस हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया।

# विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर आयोजित



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान/कार्ययोजना वर्ष-2024-25 के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर मंगलवार को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस'' पर कनीगंज स्थित अंध विद्यालय कनीगंज में किया गया। शिविर में पी.एल.वी प्रियंका त्रिपाठी,डॉ. गरिमा सिंह,डॉ. आशुतोष सिंह,सुश्री भारती सिंह, एकता टंडन,संजय महेन्द्रा, प्रतीक तथा गुड़िया मौर्या,पूनम शर्मा,आरती आदि उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु उन्हें जागरूक किया गया। बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस एक वैश्विक सेवा कार्यक्रम है जो पिछले 23 वर्षों से (1988 से) हर साल 03 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन,वैश्विक और स्थानीय स्तर पर तथा विभिन्न संगठन समाज के हर स्तर पर विकलांग लोगों के अधिकारों,सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाता है।

## किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले किसान फार्मर करा लें रजिस्ट्री

**कोंच,जालौन।** किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे किसान फार्मर रजिस्ट्री करा लें तभी उन्हें इसका लाभ मिल सकेगा। एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया है कि फार्मर रजिस्ट्री के बाद किसानों को कृषि व राजस्व विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले शिविरों में पहुंचना होगा जहाँ पर लेखपाल एप के जरिए उनकी जमीन का पूरा ब्योरा अपलोड कर सत्यापित किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान के पास जिस किसी भी जनपद में जमीन होगी उसका डिजिटल ब्योरा अपलोड हो जाएगा। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी उनको किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

# तालग्राम के छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

- बीडीओ व बीईओ ने पुरस्कार देकर किया उत्साहवर्धन
- जूनियर वर्ग में न्याय पंचायत पनगवां ने पाया प्रथम स्थान

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर न्याय पंचायत समधन व जूनियर स्तर पर न्याय पंचायत पनगवां के छात्र-छात्राओं ने जीत दर्ज की। मंगलवार को ग्राम तेराजाकेट स्थित पायका मैदान पर ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। न्याय पंचायत स्तर पर विजेता खिलाड़ियों द्वारा ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। बीडीओ व बीईओ संजय कुमार ने सभी विजेता व उपविजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। बीडीओ ने कहा कि खेल को अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। मंच का संचालन आशुतोष दुबे ने किया। इस दौरान अकादमिक रिसोर्स पर्सन अरविंद चौहान, डा. पंकज यादव, मलिखान सिंह, रेवती रमण सिंह, नोडल शिक्षक संकुल नवीन मिश्रा, संजीव कुमार, जयवीर सिंह, उमेश कुमार, आदित्य यादव, विवेक कटियार, सुभाष पाल, राकेश कुमार, गोपाल दत्त शर्मा, सुमित कुमार, विक्रम सिंह शाक्य आदि रहे।



सील्ड व प्रमाण के साथ मौजूद विजता छात्र-छात्राएं।


## संतवाणी मानव शरीर का सदुपयोग कर जीवन को बनाएं धन्य

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बाबा जय गुरुदेव उमाकांत महाराज हाथिन के आश्रम मे सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु सत्संग में शामिल हुए बाबा जयगुरुदेव उमाकांत महाराज हाथिन के आश्रम मैं सत्संग का आयोजन राजू भदोरिया राजवीर उपाध्याय त्रिमोहन चंद्रपाल सतीश राकेश ने किया सत्संग को संबोधित करते हुए संत ने कहा कि मानव शरीर के लिए देवता भी तरसते हैं लेकिन हम लोगों को मानव शरीर मिला है उसका सदुपयोग करें तृष्णा मांसाहार से बचे मानव शरीर का सदुपयोग कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## ढाई लाख से चमकाया जाएगा बाबा बगिया का हनुमान मंदिर

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सौरिख रोड से बहवलपुर संपर्क मार्ग पर बाबा की बगिया में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर और माधौनगर के आनंदी देवी मंदिर का विकास विभाग द्वारा सुंदरीकरण कराया जाएगा। पौराणिक स्थलों के सुंदरीकरण कराए जाने की योजना के तहत इस पर 2.55 लाख रुपये की लागत का स्टीमेट तैयार कराया गया है। क्षेत्र ही नहीं बल्कि आस पड़ोस के जनपदों में आस्था का केंद्र बन चुके बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का अब पौराणिक स्थलों के सुंदरीकरण योजना के तहत विकास विभाग द्वारा सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए विकास विभाग द्वारा योजना तैयार की गई है।



इस बारे में खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर पौराणिक स्थलों का सुंदरीकरण कराए जाने की योजना के तहत विकास खंड क्षेत्र के दो मंदिरों को चिन्हित किया गया है। जिसमें बाबा की बगिया स्थित हनुमान मंदिर और प्रेमपुर क्षेत्र के माधौनगर गांव स्थित आनंदीदेवी मंदिर को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राचीन हनुमान मंदिर का सुंदरीकरण 2.55 लाख से होगा।

## सामान खरीदने गई युवती से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दुकान पर सामान खरीदने गई युवती से वहां पहले से मौजूद लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। बीच बचाव में आए उसके परिवार के युवक को भी मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम भवरगाढा निवासिनी रामा शर्मा पुत्री सुभाष चंद्र ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते रविवार की शाम करीब सात बजे जब वह दुकान पर सामान खरीदने गयी थी। तभी वहां पहले से मौजूद गांव के अंशू, हिमांशू, गोलू, शनि ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी।

# सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के 11 छात्र सीआईएससीई में चयनित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के 11 मेधावी छात्रों ने 2024 की सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। सीआईएससीई (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) से मान्यता प्राप्त स्कूल भारत और विदेशों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए जाने जाते हैं। इस परीक्षा में श्रेष्ठता प्रमाणपत्र उन छात्रों को प्रदान किया जाता है, जो किसी विषय में शामिल सभी सफल परीक्षार्थियों में शीर्ष 0.1 प्रतिशत में स्थान पाते हैं। यह प्रमाणपत्र छात्रों की असाधारण मेहनत, प्रतिभा तथा शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन के फलस्वरूप, उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का प्रमाण है। आईसीएसई (कक्षा 10) में हिन्दी विषय में अव्या त्रिपाठी, आस्था शुक्ला, आयुषी गुप्ता, स्वाती राठौर, तान्या यादव, यति चतुर्वेदी, दीपेन्द्र सिंह और तंनवी शाक्या एवं कम्प्यूटर विषय में आयुषी गुप्ता व शौर्य दुबे ने यह सम्मान हासिल किया। आईएससी (कक्षा-12) में शारीरिक शिक्षा विषय से सुमित यादव को इस प्रमाणपत्र के लिए चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने छात्रों को बधाई देते हुए इसे विद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया।

सीईओ विश्वास प्रधान ने छात्रों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक सशक्त स्रोत बनेगी। यह उपलब्धि सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों की लगन का प्रमाण है।



परिवार परामर्श केंद्र में समझौता कराती निरीक्षक रंजना पांडेय

## दो परिवारों का समझौता कराकर पुलिस ने घर के लिए किया विदा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद के निर्देशन में शहर में परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना में आयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षक रंजना पांडेय, महिला आरक्षी अनामिका यादव और सीमा यादव की उपस्थिति में दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है।दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। परिवर परामर्श केन्द्र बिखरे परिवारों को बसाने में अहम भूमिका का निर्वाहन कर रही है।

# डीएम ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण, दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ने रैन बसेरा में ठंड से बचाव की तैयारियों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। जहां पर जिम्मेदार कर्मियों को व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। शहर में स्थापित रैन बसेरा का जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने औचक निरीक्षण कर समुचित साफ सफाई, शौचालय व स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में बने शहरी बेघरों हेतु आश्रय ग्रह में मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, पेयजल, बेड, कम्बल इत्यादि अन्य समस्त प्रकार की सभी व्यवस्थाओ हेतु स्थलीय निरीक्षण करते हुए उपस्थित समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुनिश्चित कराए कि रैन बसेरा में समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाओ की कोई कमी न रहे। रैन बसेरे में निःशुल्क ही संचालित हो उनके किसी भी व्यक्ति से कोई भी पैसा न लिया जाए। उन्होंने मरीजों को मिल रहे स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों एवं तामीरदारों के ठंड से बचाव की व्यवस्था, साफ- सफाई की व्यवस्था आदि का जायजा लिया।



रैन बसेरा का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर की टाली पलटी, बाल-बाल बचे सवार

**छिबरामऊ।** गदनपुर तुर्रा निवासी अन्नू दिवाकर पुत्र सर्वेश दिवाकर अपने मकान की स्टरिग विशुनगंढ रोड स्थित मिलन स्टरिग सेन्टर से ट्रैक्टर से स्टरिग लेकर जा रहे थे तभी जीटी रोड हाइवे पर फूटी मस्जिद के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ओवर टैक करते समय कट मार दिया जिससे ट्रैक्टर की टाली पलट गई और उसमे बैठे लोग बाल बाल बच गए। मौका पाकर ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। जिस कारण जीटी रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।

### वांछित 25 हजार का इनामिया अभियुक्त को भेजा जेल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय कुमार के मार्ग दर्शन मे क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सौरिख पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 25 हजार के इनामिया अभियुक्त नीरज कुमार दोहरे पुत्र स्व. श्री सुरेश चन्द निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम नगला हंसे रोड़ थाना सौरिख जनपद से पुरस्कार घोषित/वांछित अभियुक्त नीरज कुमार दोहरे उपरोक्त को जेल भेज दिया। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा 25 हजार का पारितोषिक घोषित किया अपराधी को पड़कर जेल भेजा गया।

### किसान सेवा समिति पर आयी 700 बोरी यूरिया वितरित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** किसान सेवा समिति पश्चिमी पर सोमवार को 700 बोरी यूरिया पहुंचते ही लेने वाले किसानो की भारी भीड लग गई और कुछ लोग जानकारी लेने के लिए पहुंच गई। बडे किसानो का कहना है कि एक किसान को पांच बोरी यूरिया का वितरण हो रहा है इससे कुछ काम नही हो पा रहा बल्कि किसानो को खेती के हिसाब से यूरिया मिलनी चाहिए। वही ग्राम प्रधान कुवंरपुर जंनू निवासी आलोक चर्तुवेदी ने बताया कि आलू किसान लगा चूका है और यूरिया मिल नही रही है। और आती भी है तो एक किसान को पांच बोरी ही यूरिया मिलती है ऐसे मे खेती कैसे हो सकती है।वही किसान राजेश चर्तुवेदी का कहना है कि अभी तक गेंहू का बीज नही आया है दिसंबर माह हो चूका है। गेंहू कब लगाए।

### भाई पर लगाया धमकी देने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भाई पर चोरी करने व लोगों से धोखाधड़ी कर परिवार को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्वा समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी मो.तस्लीम पुत्र गफ्फार ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका भाई चोरी आदि करता है। साथ ही लोगो से धोखाधड़ी कर पैसे ले लेता है। जिससे पूरा परिवार परेशान है। मना करने पर परिवार के लोगों से अभद्रता कर धमकी देता है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नियमों का पाठ पढ़ाकर, यातायात पुलिस ने किया जागरूक

- नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की चालान की कार्रवाई, बिना कागजात एक बाइक सीज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

यातायात पुलिस ने यातायात जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया।

यातायात प्रभारी आफाक खां ने अपनी टीम के साथ इंदरगढ़ कस्बा के पटेल तिराहा एवं हसेरन चौकी क्षेत्र में यातायात जागरूकता एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें पटेल तिराहे में कई बसों एवं ऑटो, टेंपो एवं बाइक सवारों के यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान किए गए। एक बिना कागजात के बाइक को इंदरगढ़ थाने में सीज़ किया गया। हसेरन चौकी क्षेत्र के आसपास जनपद औरैया के डग्गामार वाहन चलते हुए मिले। जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। कस्बे में अतिक्रमण को हटाने के संबंध में प्रभारी द्वारा पी ए सिस्टम के जरिए लोगों को समझाया गया। कई दुकानदारों द्वारा यातायात प्रभारी के समझाने पर अतिक्रमण को अपने आप ही हटा दिया गया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी अंकुर सांगवान मौजूद रहे।




बस चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी आफाक खां

# नहीं उठ रहा कूड़ा का ढेर दुर्गंध से फैल रही बीमारियां

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में पुरानी तहसील मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा पड़े कूड़े को नहीं उठाया जा रहा हैं। जिससे मोहल्ले के लोगों को दिक्कते उठानी पड़ रही है। तमाम शिकायतों के बावजूद भी नगर पंचायत के सफाई कर्मी डम्प कूड़े को नहीं उठा रहे हैं। जिससे दुर्गंध भी फैल रही है। पुरानी तहसील मार्ग पर कुछ महीनों से प्रताप भवन के निकट नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा कूड़े को डम्प किया जा रहा है। नगर पंचायत के सफाई कर्मियों द्वारा घरों के कूड़े को यहां डाला जाता है। अभी तक सफाई कर्मी कूड़े को उठा ले जाते थे। पिछले एक पखवारे से कूड़े का ढेर लगा हुआ है। दुर्गानगर मोहल्ले के सभासद सतेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि उन्होने कई बार नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी व चेयरमैन से कूड़े को उठाने की शिकायत की है। इसके बावजूद भी सफाई कर्मी कूड़े को नहीं उठा रहे हैं। फैल रही दुर्गंध से आसपास के लोग बीमार हो रहे हैं।



पुरानी तहसील मार्ग पर लगा कूड़ा का ढेर

## हाफिज फुरकान का इंतकाल होने से दौड़ी शोक की लहर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** अचानक ह्रदयगति रूकने हाफिज मोहम्मद फुरकान का इंतकाल हो गया जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मिट्टी को देख लोगों की आंखें नम हो गई। बड़ी संख्या में लोग जनाजे में सामिल हुए समधन नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी हाफिज मोहम्मद फुरकान का बीता सोमवार रात करीब एक बजे अचानक ह्रदयगति रूकने से इंतकाल हो गया परीजनों में चीख–पुकार मच गई रोते बिलखते परिवारजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे समधन चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, वसपा नेता व समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव (वटटू ), पूर्व चेयरमैन मोहम्मद नकीम खान, पूर्व चेयरमैन मुश्ताक अहमद भुट्टो,कनीशा कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक मोहम्मद नफीस बल्ले, इरफान गेस्ट हाउस के प्रबंधक फैसल हुसैन, पूर्व सभासद शाहवाज हुसैन आदि ने पहुंचकर रोते बिलखते परिवारजनों को ढांढस बंधाया गया।

## शिकायत पर महिला सहित तीन को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कम राशन मिलने का विरोध एक महिला से गांव के लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व उसके भतीजों को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम भवरगाढ़ा निवासिनी सीता देवी पत्नी रमेश चंद्र ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते रविवार की शाम करीब 08 बजे गांव के लोग आए और उसके साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी तथा बीच बचाव में आए उसके भतीजे हिमांशु व नारायण को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# नामधारी टमाटर की फसल उगाकर किसान हो रहे मालामाल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी किसानों की आय दोगुनी करने की योजना को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर बेजिटेबल कन्नौज महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इजरायल व भारतीय कृषि वैज्ञानिकों के सहयोग से इस संस्थान के जरिए कन्नौज के अलावा औरैया, हरदोई, इटावा, कानपुर देहात, मैनपुरी व फर्रुखाबाद के किसानों को तैयार पौध देकर उनकी फसलों के उत्पादन कई गुना बढ़ा रहा है। मौजूदा समय में इस संस्थान में नामधारी 4266 के टमाटरों की पौध से किसान बल्ले-बल्ले हो रहे हैं। इस पौध की फसल 40 दिनों में तैयार हो रही है। एक पौध से करीब 10 किलो टमाटर निकल रहे हैं। जिसे बाजारों में बेच किसान अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। सपा शासन के दौरान तिर्वा से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर इजरायल के सहयोग से सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई थी। भाजपा शासन के दौरान इसे बढ़ावा मिला। कन्नौज के अलावा निकटवर्ती कई जिलों के किसानों को यहां आधुनिक खेती करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस संस्थान में किसानों की आय बढ़ाने के लिए टमाटर के अलावा शिमला मिर्च, गोभी, ब्रोकली, पतली मिर्च, बैंगन व अन्य हरी सब्जियों का प्रशिक्षण व पौध उपलब्ध कराई जाती है। इस संस्थान में तैनात सहायक उद्यान निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि मौजूदा समय में किसानों को यहां से टमाटर की करीब डेढ़ लाख पौध किसानों को वितरित की गई है। जिससे हजारों किसान अपने खेतों में टमाटर की फसल उगाकर लाभ कमा रहे हैं।

उन्होने बताया कि सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के पॉलीहाउस में इसकी पौध तैयार हो रही है। अक्टूबर से अप्रैल तक इस टमाटर की पौध तैयार होती है। बताया कि नामधारी 4266 टमाटर की पौध से करीब 10 किलो टमाटर का उत्पादन होता है। एक टमाटर का वजन करीब 200 ग्राम होता है। टमाटर का बक्कल मजबूत होने से कई दिनों तक खराब नहीं होता है। साथ ही बाहर की मण्डियों में भेजने के लिए ट्रांसपोटेशन में भी दिक्कत नहीं आती है। हजारों किसान इसका उत्पादन कर लाभ कमा रहे हैं।



## रेलवे परिसर में मोबाइल व नगदी छीनी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दिल्ली जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर आए यात्री से दो अज्ञात लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। उसका मोबाइल व नगदी छीन ली। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ब्लाक जलालाबाद के ग्राम मसीटपूर्वा निवासी वीरपाल पुत्र रामनरेश ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते सोमवार की शाम करीब 8.15 बजे वह अपने घर से दिल्ली जाने के लिए रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा। तभी रेलवे परिसर में पहले से मौजूद दो अज्ञात लोगों ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल व लगभग 6570 रुपये छीन लिये।



## सीओ ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जामा मस्जिद सर्वे को लेकर संभल में हुई घटना से पुलिस प्रशासन सक्रिय है। जनपद में पुलिस प्रशासन पुलिस फ़ोर्स के साथ पैदल गश्त कर आम जन मानस को सुरक्षा का एहसास करा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिर्वा प्रियंका वाजपेयी द्वारा थाना ठठिया क्षेत्रान्तर्गत थाना प्रभारी ठठिया प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुलवीर सिंह मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। साथ ही जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। कहा कि सभी जागरूक और जिम्मेदार नागरिक है। इसलिए पुलिस से दूर नहीं बल्कि नजदीक आए अपने आस पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की खबर पुलिस को समय रहते दें। ताकि अपराधियों को पकड़कर जेल भेजा जा सके।


# कार्यालय नगर पंचायत समधन, कन्नौज

पत्रांक-234/न.पं.स./स्वकर निर्धारण सार्वजनिक सूचना/2024-25 दिनांक- 03.12.2024

## सार्वजनिक सूचना/ आपत्ति आमंत्रण

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना सं.-912/नौ-0-2024-85ज/05टी.सी.-01 लखनऊ, दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को अंतिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगी। उक्त नियमावली के नियम-5 (1) के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत समधन, जनपद कन्नौज की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखण्डों पर सम्पत्ति कर के आरोपण हेतु वार्ड की अवस्थिति भवन के निर्माण की प्रकृति, मार्ग की चौड़ाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है के कवर्ड ऐरिया प्रति वर्ग फुट किराये की न्यूनतम मासिक किराया दर का आवासीय सम्पत्ति के कर निर्धारण के निमित वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण कक्ष कर भवन कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए फर्शी क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट में) हेतु न्यूनतम मासिक किराया की दर या प्रत्येक भूमि समूह के लिए क्षेत्रफल की प्रति इकाई (वर्गफुट में) हेतु न्यूनतम मासिक किराये की दर निर्धारित करती है। नियमावली के नियम-7(1) के प्राविधानानुसार कर का निर्धारण वार्षिक मूल्य की गणना के अनुसार किया जायेगा। प्रास्ताविक न्यूनतम मासिक किराया दर जनसामान्य के अवनोकनार्थ एवं वार्डवार आपत्तियों प्राप्त करने हेतु प्रकाशित किया जाता है। प्रास्तावित नियमावली के सम्बन्ध में आपत्तियों नगर पंचायत समधन , जनपद कन्नौज के कार्यालय में व्यक्तिगत या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट या ई-मेल nagarpanchayatsamdhan@gmail.com के माध्यम से प्राकाशित किये जाने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर प्राप्त की जायेगी। प्राप्त आपत्तियों को अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्डवार निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात नगर पंचायत समधन द्वारा किसी की आपत्ति पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। न्यूनतम मासिक किराया दर (प्रति वर्गफुट में) की सूची निम्नवत है-

### प्रस्तावित वर्गवार/श्रेणीवार न्यूनतम मासिक किराये की दर प्रति वर्ग फुट

| | 09 मी. तक के चौड़ाई वाले मार्ग | | | 09 मी. से अधिक और 12 मी. तक चौड़ाई वाले मार्ग। | | | 12 मी. से अधिक और 24 मी. तक चौड़ाई वाले मार्ग। | | | 24 मी. से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग | | | भूमि के सम्बन्ध में | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| समस्त वार्ड पर लागू | पक्का भवन आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित (रू. में) | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | पक्का भवन आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित (रू. में) | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | पक्का भवन आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित (रू. में) | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | पक्का भवन आर.सी.सी. छत या आर.बी. छत सहित (रू. में) | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 09 मी. की चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि (रू. में) | 09 मी. से अधिक और 12 मी. तक के चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि (रू. में) | 12 मी. से अधिक और 24 मी. तक के चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि (रू. में) | 24 मी. से अधिक के चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भूमि (रू. में) |
| | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.80 | 0.70 | 0.50 | 1.00 | 0.80 | 0.60 | 0.20 | 0.30 | 0.40 | 0.50 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज।**

# मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुई फ्रेशर पार्टी

- चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन को किया गया सम्मानित
- छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को किया मंत्रमुग्ध, प्राचार्या ने जताया आभार



डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन के सम्मानित करते शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बेवर रोड स्थित मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में 2022 के द्वारा 2023 बैच के लिये फ्रेशर पार्टी का आयोजन कया गया। जिसकी थीम (स्वागत से परे एक अमिट छाप) सबसे पहले ढोल नगाड़े जाकर एवं तिलक लगाकर 2023 बैच के सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया और ऑडिटोरियम में सभी शिक्षकों का तिलक उपहार एवं मिठाई से स्वागत हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव एवं डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन का स्वागत एवं सम्मान अंगवस्त्र तथा उपहार के साथ किया गया। कार्यक्रम में अनेक रंगारग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को एंकर अंवतिका साहू और सबीना हामिद ने होस्ट किया। एक महिला सशक्तिकरण का रोंगटे खड़े कर देने वाला एक्ट ''मेरा अस्तित्व'' जिसका हिस्सा रहे आयुषी शुक्ला एवं ग्रुप ने किया। डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय ने वोट ऑफ थैंक्स देकर कार्यक्रम के विजेताओं की घोषणा की। जिसमें ऋतिक, आयुषी शुक्ला, प्रांजय, हिमादरी, मराठी मुल्गी, डायनामाइट क्रूज दीपशिखा, अंजेला और अनुराग कुमार तबलावादन में विजेता रहें। बेस्ट एक्ट में ''मेरा अस्तित्व'' और तीशा पटेल शायरी में बेस्ट ''परफॉर्मेंस ऑफ द डे'' का विजेता शिव शक्ति एक्ट रहा। मिस्टर और मिस फ्रेशर के द्वारा की गयी केक काटकर चेयरमैन और डायरेक्टर मैम ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं सदा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपना आशीर्वाद और स्नेह दिया। वहीं उपस्थित कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और सभी का मनोबल बढ़ाया। साथ ही राष्ट्रगान के साथ इस रोमांचक समारोह का समापन किया।

# यूजी/पीजी छात्र/छात्राओं के संक्रमणकालीन एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम का दूसरा दिन

- नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद के पठन पाठन के लिए किया गया प्रेरित


नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में आयोजित यू.जी. एवं पी.जी. 2024 बैच के छात्र/छात्राओं के संक्रमणकालीन एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन प्री-टेस्ट डॉ. कविता शर्मा तथा डॉ. पीयूष माधव ने सम्पन्न करवाया। इस परीक्षा में बी.ए.एम.एस. 2024 बैच की हृदयांशी यादव तथा आदर्श जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आज के दिन के मोटीवेशनल स्पीकर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय वाराणसी के संहिता सिद्धांत विभाग के एसो. प्रोफेसर डॉ. मनोहर राम ने नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद के पठन पाठन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आयुर्वेद में वर्णित संहिता के बारे में बताया तथा स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेद के महत्व का भी वर्णन किया। प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित तथा कार्यक्रम के इन्जार्ज डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. मधुरंजन तथा डॉ.शिल्पा ने अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय ने छात्र/छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया कि कैसे तथा किस प्रकार अपने व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है। डॉ. सुहेबा तथा डॉ. रसना ने नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए क्रियाकलाप (एक्टीविटी) करवायी। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अन्त में सभी विद्यार्थियों को ''नो मोर कैम्पस'' के तहत डॉ. अरीब की देखरेख में क्रिया शरीर विभाग का भ्रमण करवाया। इसी के साथ पी.जी. 2024 ओरियेन्टेशन (संस्कार) कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित किया तथा कॉलेज एवं पी.जी. के नियमों को बताया। डॉ. रीता सिंह ने पी.जी. स्टूडेन्ट्स के अधिकारों के बारे में बताया तथा डॉ. मधुरंजन ने एक्टीविटी करवायी।

## मकान के भीतर मिला युवक का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकान के अंदर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया तथा जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रीतम नगला पश्चिम निवासी 40 वर्षीय विक्की उर्फ रोहित पुत्र देवेन्द्र उर्फ पहाड़ी अपने बुआ के बेटे संजू उर्फ लक्ष्मण निवासी नानक नगला के मकान में रह रहा था। संजू परिवार के साथ दिल्ली में रह रहा है। मंगलवार को घर में टिफिन देने वाला पहुंचा, तो उसने बिक्की के ना आने की सूचना पड़ोसी को दी। मामले की जानकारी पुलिस को होने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो देखा कि घर के भीतर विक्की का शव पड़ा था। मृतक विक्की शराब पीने का आदी था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बारह दिन से लापता युवक का नाले में पड़ा मिला शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शव को देखते परिजन व मोहल्लेवासी

लापता युवक का शव नाले में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाया। शव देखते ही पत्नी, बच्चे दहाड़े मारमार रोने चिल्लाने लगे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ग्रानगंज निवासी रवि कुमार दिवाकर (37) 22 नवम्बर शाम को अचानक लापता हो गया था। परिजन रात भर खोजबीन करते रहे। पता ना चलने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार सुबह दुकानदारों ने नाले में शव पड़ा देखा। जानकारी होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना फतेहगढ़ पुलिस को दी गई। चौकी इंचार्ज रक्षा सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं और नाले से शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त नीलम ने पति के रूप में की। बताया जा रहा है कि युवक 22 नवंबर शाम को अचानक लापता हो गया था। जिसकी तलाश जारी थी। वह भाइयों में सबसे बड़ा था। जिसमें मृतक, धीरज, अजीत, अंकित, छोटे व बहन ज्योति, आरती, मां माया देवी आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एनडीपीएस के आरोपी को सात माह दस दिन का कारावास

- पांच हजार रुपये का लगाया गया अर्थदण्ड
- आरोपी के पास से 200 ग्राम सफेद पाउडर हुआ बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज कक्ष संख्या-7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने संदीप उर्फ बंटी पुत्र कायम सिंह निवासी पुराहर थाना अलीगंज एटा को दोषी करार देते हुए सात माह दस दिन के कारावास से दण्डित किया है।

बीते 15 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज के तत्कालीन उपनिरीक्षक रामचरण वर्मा मय हमराही शमशुल, रावेंद्र सिंह, अरविंद कुमार तलाश वंक्षित वास्ते ग्राम रिटौल पहुंचे। मुखबिर की सूचना मिली कि अलीगंज मोड़ पर दो मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहकों के इंतजार में खड़े हैं। हम लोगों ने उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम संदीप उर्फ बंटी बताया। उसके पास 200 ग्राम सफेद पाउडर बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने संदीप उर्फ बंटी को दोषी करार देते सात माह दस दिन का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## खबरें एक नजर में

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़क पर उतरे हिन्दू संगठन


आक्रोश जुलूस निकालते संतगण व हिन्दूवादी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू संगठनों ने सड़क पर उतारकर जमकर नारेबाजी की तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्यचार के विरोध में हिंद सगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को जिले के करीब एक दर्जनों हिंदु संगठनों ने हिंदू रक्षा समित के बैनर तले प्रदर्शन किया। साथ ही जय नरायण वर्मा रोड तिराहे पर एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट तक गये। वहां जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार ने गिरफ्तार कर हिंदुओ की आवाज को दबाने का प्रयास किया है। ज्ञापन में हिंदू सगठनों ने मांग की सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की तुरंत रिहाई की जाए और किसी भी हिन्दू नेता, हिन्दू पुजारी, हिन्दू संत, धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण से गिरफ्तार करने की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही बंद हो। इस दिशा में भारत सरकार की गम्भीर एवं प्रभावी पहल हेतु महामहिम का हस्तक्षेप एवं निर्देश अपेक्षित है। इस मौके पर विमलेश मिश्रा, मुकेश बाथम, अखिलेश मिश्रा, क्रांति पाठक, अंकित तिवारी सहित सैकड़ों हिन्दूवादी नेता व सन्यासी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित चार पहिया वाहन पलटा, तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव त्योरखास निवासी गाँधी दुबे पुत्र राकेश दुबे अपने गाँव के रमन दुबे पुत्र अबधेश के साथ चार पहिया वाहन द्वारा अपनी रिश्तेदारी अलीगंज जा रहे थे। रास्ते में चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ड्राइवर टोनी सहित गाँधी व रमन दब गये। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने तीनों को गाड़ी से बाहर निकालकर गाँधी सहित रमन को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### कूड़े के ढेर में आग लगा रहा युवक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला टीन निवासी अर्जुन उम्र 18 वर्षीय पुत्र दुर्वीन ग्राम घमघमा में मोटर साइकिल रिपेरिंग की दुकान पर काम करता है। आज सुबह उसने दुकान खोलकर उसकी साफ–सफाई कर कूड़े के ढेर को इकट्ठा करके उसमे जैसे ही आग लगा रहा था, तभी आग की तेज लपट की चपेट में आकर झुलस कर घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को किया गया जागरूक

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी शमसाबाद में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता कुंवरजीत रहे। मुख्य अतिथि का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सरवर इकबाल ने माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। साथ ही शाल उड़ाकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर दलवीर सिंह भी उपस्थित रहे। शिविर में लगभग एक सौ पचास मरीजों पहुंचे। जिसमें 7 मरीज विकलांग मानसिक रोग से पीड़ित थे। उन मरीजों को फल भी वितरित किए गए। 86 मरीजो के खून की जांच की गई। मानसिक स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर दीप्ति, डीपीएम कंचन वाला, मानसिक चिकित्सक ने मानसिक बीमारियों के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से अवगत कराकर आवश्यक जानकारियां दीं। साथ ही सचेत रहने की भी सलाह दी। कार्यक्रम में डॉक्टर, एएनम, आशा बहू सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### सत्यप्रकाश बने फतेहगढ़ के कोतवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने दो निरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने प्रभारी निरीक्षक फतेहगढ़ गोविन्द हरि वर्मा को प्रभारी मीडिया सेल बनाया है। वहीं प्रभारी मीडिया सेल सत्य प्रकाश को फतेहगढ़ कोतवाली का निरीक्षक बनाया है।

### बाइक की टक्कर से छात्र घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव छोटी खजुरिया निवासी अंशुल उम्र 14 वर्षीय पुत्र भगवानदास एसआर इन्टर कालेज सूखा नगला में कक्षा 7 का छात्र है। रोज की भांति अंशुल साईकिल द्वारा स्कूल पढ़ने जा रहा था। भुड़िया के निकट पहुँचते ही अज्ञात बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल अंशुल को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।


केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य फार्मासिस्ट

### केंद्रीय मंत्री से मिला फार्मासिस्टों का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से एक प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिड्यूल को समाप्त कराने, होलसेल मेडिकल पर भी फार्मासिस्ट की अनिवार्यता, नेशनल हेल्थ पॉलिसी 2017 के बिंदु 11.4 के तहत सीएचओ भर्ती के लिए फार्मासिस्ट को ब्रिज कोर्स के लिए अर्ह किए जाने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए जाने सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि फार्मासिस्टों के सभी मुद्दों पर अमल किया जायेगा। इस अवसर पर मोहित कुमार मंडल उपाध्यक्ष आगरा, सुभाष रायकवार बुलेंदखण्ड, आई.टी. सेल अध्यक्ष धीरज शर्मा, विनीत पुरोहित, नयन शर्मा, पंकज मिश्रा, वीरेन्द्र पुरोहित, धनंजय दुबे, सुरेंद्र पटेल, उत्कर्ष मिश्रा, सतेंद्र राजपूत, राजेन्द्र राजपूत, कृष्णकांत तिवारी, विक्रम चौबे, देशपत यादव, अनिकेश राजपूत, सत्यम झा, अनुराग सेन, विनय सेन, यश मालवीय आदि फार्मासिस्ट साथी उपस्थित रहे।

# एसडीएम का अतिक्रमणकारियों पर चला हंटर, दो दर्जन से वसूला जुर्माना

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते एसडीएम व नायब तहसीलदार आदि

शमशाबाद नगर में सड़क किनारे फुटपाथ पर एक लंबे समय से अतिक्रमण देखा जा रहा था।जिससे फुटपाथ गायब ही हो गया था। फुटपाथ के दोनों तरफ कस्बे के व्यापारीगण अपना-अपना व्यापारिक सामान सजाते थे। वहीं व्यापारियों द्वारा सजाया जाने वाला सामान सड़कों तक आ जाता। परिणामस्वरुप फुटपाथ लगभग गुम हो गया था और लोगों का पैदल चलना दुश्वार हो गया। इसके अलावा कई विक्रेता लकड़ी के खोखे रखे हुए हैं। छोटे-छोटे दुकानदार भी फुटपाथ को अपने घर परिवार के लिए रोजी-रोटी का सहारा बनाए हुए हैं। वाहनों की बढ़ती संख्या भी मुख्य मार्ग पर जाम का कारण बन रही थी। वर्तमान में गन्ने से भरे ट्रक भी नगर की सड़कों से गुजरकर समस्या को और गम्भीर बना रहे हैं। विगत दिनों पूर्व शमशाबाद के कुछ जनप्रतिनिधियो ने नगर में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर चिंता जताते हुए प्रशासनिक स्तर पर हटवाए जाने की मांग की थी। कई बार नगर पंचायत शमशाबाद तथा प्रशासन अधिकारियों ने अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी देते हुए तत्काल हटाए जाने के आदेश भी दिए थे, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया। मंगलवार को उप जिलाधिकारी कायमगंज रविंद्र कुमार ने नायब तहसीलदार कायमगंज अनवर हुसैन के साथ नगर पंचायतकर्मियों में बाबू पवन कुमार तथा अन्य कर्मचारियों के साथ अतिक्रमण हटवाए जाने की कार्यवाही शुरू की, तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने घूम-घूमकर अतिक्रमण साफ करवाया तथा अतिक्रमणकर्ताओं से नगर पंचायत शमशाबाद के कर्मचारियों ने पांच सौ रुपए का जुर्माना भी लगाकर अविलंब अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी कायमगंज ने व्यापारियों को चेताते हुए कहा आदेशों का पालन नहीं करने वाले व्यापारियों के खिलाफ अगली बार और भी अधिक जुर्माना लगाया जाएगा।

कई व्यापारियों द्वारा दुकानों के आगे फुटपाथ पर लोहे के जाल लगाए गए थे जिन्हें तत्काल हटा दिया गया। पटिया प्लान में दो दर्जन विक्रेताओं से पांच सौ रूपये जुर्माना लगाकर 12 हजार 500 रूपये की वसूली की गई।

# गृहकलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


गुमशुम बैठे मृतका के परिजन

गृहकलह के चलते महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अरियारा निवासी निधि राजपूत उम्र 26 वर्षीय पत्नी राहुल कुमार राजपूत अपने पति व बच्चे काव्या, अनुष्का सहित जेठानी रश्मी पत्नी गौतम अपने दो बच्चे कार्तिक, स्वतन्त्र के साथ एक ही घर में रहते है। घर पर अकेली निधि ने सदिग्ध परिस्थितियों में स्टाल से फांसी लगा ली। पड़ोसन सुनीता पत्नी सोवरन जब घर पर आयी, तो निधि को फांसी पर लटका देख उसकी चीख निकल गयी। उसने घटना की जानकारी निधि के ससुर सुरजीत को दी। दोनों ने मिलकर निधि के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। घटना की सूचना मृतका के मायके जलालाबाद के गांव बगापुर में दी गयी। सूचन मिलने पर मृतका के चाचा ब्रह्मपाल व अन्य परिवारीजनों ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया और ससुरालीजनों पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। घटना की सूचना पाते हल्का इन्चार्ज सुरजीत कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की तथा मृतका के शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चर्चा के अनुसार मृतका के पिता विश्राम सहित माँ, भाई शिवम की मौत हो चुकी है। गृह कलह के चलते निधि ने ढाईघाट में कूदने का प्रयास किया था। तब वहाँ पर मौजूद लोगों ने बचा लिया था। इससे पूर्व भी कई बार निधि आत्महत्या करने का प्रयास कर चुकी थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रास्ते में पड़ा मिला वृद्ध का शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


गमगीन बैठे मृतक के परिजन

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की पत्नी ने गांव के तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिजपुरा निवासी रामभजन जाटव उम्र 55 वर्षीय पुत्र देवीदयाल राजपूत बीती रात्रि को अपने रिश्तेदार अंकित निवासी फतेहपुर जनपद कासगंज की बारात छवी पुत्री दयाराम निवासी रायपुर खास थाना कायमगंज के यहाँ एसएस गार्डन में आई थी।

वहाँ शादी समारोह में शामिल होने रामभजन अपने बड़े बेटे विकास के साथ आये थे। खाना खाने के बाद विकास ने पिता से कहा घर चलो, तभी गाँव के तीन लोगों ने कहा आप घर जाओ राम भजन हमारे साथ घर आ जायेंगे। देर रात को विकास की मां सुलेखा जो कि बीते सात दिन पहले अपनी बेटी मोनी के यहाँ गई थी, वहाँ पर उनके पास बलवीर ने फोन किया कि तुम्हारे पति का एक्सीडेन्ट हो गया है। वहीं दूसरे व्यक्ति ने छोटे बेटे मोहित से कहा कि तुम्हारे पिता के सीने में दर्द हो रहा है। पिता को ले जाओ। जब आनन-फानन में मोहित मोटर साइकिल द्वारा रायपुर गेस्ट हाउस जा रहा था, तभी लड्डन की आरा मशीन के निकट राम भजन अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। मोहित ने पिता को अस्पताल ले जाने के लिए कहा, तभी गाँव के बलवीर ने कहा इन्हें घर ले चलो। घर ले जाने के बाद मोहित तुरन्त पिता को सरकारी अस्पताल लेकर पहुँचा। जहाँ डाक्टर अमित कुमार ने राम भजन को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की पत्नी सुलेखा देवी ने गांव के तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

# हत्या के मामले में तीन आरोपियों पर दोष सिद्ध

- सजा के बिन्दु पर 6 दिसम्बर की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज द्वितीय अभिनीतम उपाध्याय ने हत्या के मामले में अजय सक्सेना पुत्र स्व0 बालकराम निवासी ग्राटगंज, राजू वर्मा पुत्र स्व0 गंगाराम निवासी लालसराय, राज कपूर पुत्र स्व0 गंगाराम निवासी लालदरवाजा रेटगंज कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए सजा के बिंन्दु पर 6 सुनवाई के लिए दिसम्बर की तिथि नियत की है। बीते 21 वर्षों पूर्व कोतवाली के मोहल्ला पक्कापुल निवासी पप्पी पुत्र लाल बाथम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं अपने भाई अजय, बहन राखी, बहनोई विनोद, मोनू के साथ कचहरी फतेहगढ़ तारीख करने साथ गया था। उपरोक्त मुकदमे में मृतक की पत्नी कंचन देवी हम लोगों से रंजिश मानती थी। हम लोग तारीख करने के बाद शाम 5 बजे बस स्टैण्ड फर्रुखाबाद पर टेम्पो से उतरकर अपने भाई अजय व मोनू को बाहर जाने के लिए बस स्टैंड की ओर भेजा, तभी एक लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति जिसमें अजय अपने हाथ मे बंदूक लिये था तथा राजू अपने हाथ में बंदूक लिये था, जबकि राज कपूर मोटसाइकिल चला रहा था।

मोटसाइकिल को रोककर अजय को ललकारा आज साला बचकर न जाने पाये। सभी लोग दौड़ पड़े। राजकपूर ने गोट से रिवाल्वर निकाली और सभी लोग फतेहगढ़ की ओर भागने लगे। उन लोगो ने फायर किए। बद्री विशाल के पास गली में मेरे भाई के गोली लग गयी। जिससे वह गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर बद्री विशाल के पास खड़ी पुलिस ने हमलावरों को पकड़ लिया। हम अपने भाई को लोहिया अस्पताल ले गए। जहां उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनीतम उपाध्याय ने अजय सक्सेना, राजू वर्मा, राज कपूर को दोषी करार देते हुए सजा पर सुनवाई के लिए 6 दिसम्बर की तिथि नियतकी गयी है, जबकि साक्ष्य के अभाव से शेर मोहम्मद को दोष मुक्त कर दिया।

# छह सैकड़ा अग्निवीर राजपूत रेजीमेंट में हुए शामिल

- लेफ्टीनेंट जनरल ने परेड का निरीक्षण कर दी बधाई
- बेस्ट रिक्रूटों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


परेड का निरीक्षण करते ले. जनरल एचएस साही


बेस्ट रिक्रूटों को सम्मानित करते ले. जनरल

राजपूत रेजीमेंट सेंटर के करिअप्पा ट्रेनिंग ग्राउंड में शानदार पासिंग आउट परेड का प्रदर्शन कर चौथे चरण में 602 रिक्रूट राजपूत रेजीमेंट में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए।

इस अवसर पर परेड के मुख्य अतिथि ले. जनरल हरजीत सिंह साही का स्वागत आर.आर.सी. के कमांडेंट ब्रिगेडियर एच.एस.संधू ने किया। इसके पश्चात शानदार परेड की सलामी ले. जनरल हरजीत सिंह साही ने ली। राजपूत में शामिल होने पर इन अग्निवीरों को ले0 जनरल ने बधाई दी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्निवीर बजरंग सिंह, अभिनव कुमार, अंशुमन सिंह, शुभम तिवारी को पदक देकर सम्मानित किया गया। ब्रिगेडियर एच.एस. संधू ने करिअप्पा ग्राउंड पहुंचने पर ले0 जनरल एचएस साही का स्वागत किया। भव्य परेड को देखने के लिए सेंटर के अधिकारी अपने परिवार के साथ मौजूद रहे। अग्निवीरों के अभिभावक एवं परिवारीजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ब्रिगेडियर एचएस संधू की पत्नी एक परिवार कल्याण केंद्र की प्रेसिडेंट गुरुप्रीत कौर संधू ने अग्निवीरों की माताओं को गौरव पदक देकर मान बढ़ाया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट कर्नल रोहितपाल, सीओ ट्रेनिंग बटालियन कर्नल अंशुमन त्रिपाठी, ले. कर्नल अरुण कुमार मौर्या, मुकुल कुमार, सेंटर सूबेदार मेजर कल्यान सिंह, सूबेदार मेजर बजरंग सिंह, संजीव सिंह आदि मौजूद रहे। परेड के पश्चात अंतिम पग रस्म पार करने के बाद सभी आर.आर.सी. के अग्निवीर बने। ले. जनरल ने अपने उद्गार विजिटर बुक में लिखे।

### अब तक अग्निवीरों की भर्ती के हो चुके हैं चार चरण

अब तक अग्निवीरों की भर्ती के चार चरण हो चुके है। सन् 2023 से अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया आरम्भ हुई थी। जिसमें जनवरी 2023 में पहला बैच निकला था। राजपूत के 276 का पीओपी का था। दूसरा बैच आरआरसी 235 अग्निवीरों का था। नवम्बर में 965 अग्निवीरों का था। मंगलवार को 602 अग्निवीर राजपूत रेजीमेंट को मिले। यह जानकारी सूबेदार मेजर बजरंग सिंह ने दी है।

# संभल घटना को लेकर आजाद समाज पार्टी ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संभल घटना की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराये जाने की मांग को लेकर आजाद समाज पार्टी ने धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन में मांग की गई कि संभल जनपद में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान प्रदेश सरकार के अधिनस्थ प्रशासन के गलत मैनेजमेंट के कारण घोर अराजकत्ता एवं दंगा हुआ है। दंगे में चार युवकों की जान चली गई। कई आम नागरिक व पुलिस कर्मी घायल हुए है। आज तक लोग घर के बाहर निकल नहीं रहे है। पुलिस के अनुचित रवैये के कारण लोगों में भय है। अभी तक बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था है। बाहरी लोगों का आना-जाना बंद है। स्कूल, कॉलेज, बाजार बंद है। आम जनता परेशान है। पुलिस अज्ञात के नाम घरों में घुसकर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर रही है। आजाद समाज पार्टी मांग करती है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में करायी जाये और अज्ञात के नाम पर निर्दोषों को न फंसाया जाये। माहौल को शीघ्र ही भाईचारा का संदेश देकर शांति पूर्ण सद्भाव किया जाये और निर्दोष लोगों को छोड़ा जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष नितिन कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पुलिस ने बल पूर्वक अम्बेडकर प्रतिमा के पास आजाद पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को रोंका। इस दौरान आजाद पार्टी के कार्यकर्ताओं से पुलिस की नोकझोंक हुई। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व फतेहगढ़ कोतवाल सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा।



पुलिस से नोकझोंक करते आजाद समाज पार्टी के लोग

## श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान की बैठक में वार्षिक समारोह की रूपरेखा तैयार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान की बैठक संरक्षक विनय अग्रवाल की अध्यक्षता में नेहरु रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्व. राजेंद्र अग्रवाल सम्मान और श्रद्धा रानी स्मृति सम्मान चयनित साहित्यकारों को प्रदान किए जाएंगे। संस्थान के अध्यक्ष संजय गर्ग ने बताया कि किन्हीं कारणों से निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम नहीं हो सका, लेकिन वर्ष के अंत में इसे आयोजित करके इस परंपरा को बनाए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व दो कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कई प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी। बैठक में बरेली की समाजसेवी सिप्रा अग्रवाल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रीति पवन तिवारी, सुरेंद्र पांडेय, विवेक अग्रवाल, उपकार मणि उपकार, कृष्णा मिश्रा, श्याम गर्ग, रोहित शर्मा, संजू शर्मा, आशा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा जनपद के छह केंद्रों पर हुई सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के छह परीक्षा केंद्रों पर कराया गया। स्काउट गाइड में 1332 तथा कब बुलबुल में 19 छात्र-छात्रायें पंजीकृत थे। रामस्वरुप शहीद इंटर कालेज मेरापुर में पंजीकृत 136 में से 125, फिरोज गांधी इंटर कालेज कमालगंज में पंजीकृत 119 में से 103, राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर में पंजीकृत 145 में से 128, डीएबी इंटर कालेज रजलामई में पंजीकृत 201 में से 186, एसएनएस इंटर कालेज कायमगंज में पंजीकृत 240 में से 196, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में पंजीकृत 491 में से 380 छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कब/बुलबुल में पंजीकृत 19 छात्रों में अनुपस्थित शून्य रही। परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक के रुप में मेरापुर में गजेन्द्र सिंह, कमालगंज संगीता यादव, राजेपुर में चमन शुक्ला, कायमगंज में डा0 महेश चन्द्र राजपूत, रजलामई में रामदास तथा भारतीय पाठशाला में डॉ. बृजभूषण सिंह की देखरेख में केंद्रों पर नकल विहीन सुचिता पूर्वक परीक्षा सम्पन्न करायी गई। जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों तथा पर्यवेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



बीएसजी ज्ञान परीक्षा में भाग लेते परीक्षार्थी

# विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान ने दिव्यांगों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के पर जोगराज स्थित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के सभागार में दिव्यांग छात्रा वैष्णवी गोयल, इंतजार अली, आनंद कुमार, करुणेश कुमार, आशीष दुबे छोटू, डॉ. अमूल्य गंगवार को सम्मानित किया गया।

डॉ. अमूल्य गंगवार ने कहा कि हम सभी समाज के ही हिस्सा हैं। हमारी अपेक्षा है कि समाज हमें सम्मान की दृष्टि से देखें, क्योंकि हम भी आपकी ही तरह हैं।

दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे छोटू ने कहा कि सभी दिव्यांग अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़ते हुए हर बाधा को पर करें, हम किसी से कम नहीं है। समाज का कोई भी कार्य हम कर सकते हैं। करुणेश कुमार ने कहा कि हम शिक्षा और श्रम के बल पर प्रत्येक बाधा को पार करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। हमें भी समाज के सहयोग व स्नेह की आवश्यकता है। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस एक संयुक्त राष्ट्र दिवस है जो हर साल 3 दिसंबर को मनाया जाता है।

यह दिन समाज और विकास के हर स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के बारे में है। संस्थान समय समय पर दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस अवसर पर पूर्णिमा दीक्षित, रितिका मिश्रा, सुपर्णा मिश्रा, शैलेन्द्र, रक्षपाल कुशवाहा, अनुभव सारस्वत, उज्जवल पाण्डेय, आध्या दुबे आदि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में सम्मानित दिव्यांगजन

# परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता में 200 अंक पाकर बढ़पुर ब्लाक बना चैम्पियन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में जिलाधिकारी ने शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने 50 मीटर दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर प्रतियोगिता शुरु करायी। मुख्य अतिथि डीएम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

जनपद के सभी व्यायाम शिक्षकों ने व्यवस्था देखी। जिला क्रीड़ाधिकारी व डायट प्राचार्य व डीपीओ तथा सभी ब्लाकों के खण्ड शिक्षाधिकारी एवं ब्लाकों के व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार व दुर्गा वर्मा एवं व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव ने पुरुस्कृत किया। प्रतियोगिता में सभी विकास खण्डों की टीमों ने प्रतिभाग किया। बढ़पुर ब्लाक 200 अंक लेकर विजेता बना। 194 अंक के साथ राजेपुर उपविजेता रहा। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अभिजीत प्रथम, उत्सव द्वितीय, उदित तृतीय रहे। 50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में सुशीला प्रथम, आलिया द्वितीय, रिया तृतीय रही। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में जुबैर मंसूरी प्रथम, उत्सव द्वितीय, उदित तृतीय रहे। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में यश प्रथम, आदित्य द्वितीय, विशाल सिंह तृतीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में शिवांकी प्रथम, आस्था शुक्ला द्वितीय, वैष्णवी शर्मा तृतीय रही। 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में शिवांकी प्रथम, आकांक्षा द्वितीय, अम्रता तृतीय रही। 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में गुलबानो प्रथम, सुशीला द्वितीय, ज्योतिमा तृतीय रही। 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्रशांत प्रथम, प्रांशु द्वितीय, शैलेश तृतीय रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में गुलबानो प्रथम, नैन्सी द्वितीय, शिल्पी तृतीय रही।

400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्रशांत प्रथम, अमित द्वितीय, बॉबी तृतीय रहे। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में नैन्सी प्रथम, अंशिका वर्मा द्वितीय, प्रतिभा सिंह तृतीय रही। कबड्डी बालक वर्ग में राजेपुर विजेता, शमशाबाद उपविजेता रहा। कबड्डी बालिका वर्ग में राजेपुर विजेता, बढ़पुर उपविजेता रहा। जूनियर स्तर 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में दिव्यांश प्रथम, प्रियांशु द्वितीय, प्रांजुल तृतीय रहे। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में रमन प्रथम, आयुष द्वितीय, अंशुल तृतीय रहे। 400 मीटर बालिका वर्ग में सरस्वती प्रथम, आकांक्षा द्वितीय, काजल तृतीय रही। 600 मीटर बालक वर्ग दौड़ में यश प्रथम, सनी द्वितीय, अंशुल तृतीय रहे। 600 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में सरस्वती प्रथम, आस्था द्वितीय, नंदनी तृतीय रही। 4वाई100 मीटर रिले रेस बालक वर्ग में मोहम्मदाबाद विजेता, राजेपुर उपविजेता रहा। 4वाई100 रिले रेस बालिका वर्ग में मोहम्मदाबाद विजेता, राजेपुर उपविजेता रहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

## खबरें एक नजर में

### स्काउट गाइड की जनपदीय रैली की बीएसए ने दी जिम्मेदारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली में प्रतिभाग हेतु जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा, ब्लाक स्काउट मास्टर प्रदीप यादव, गौरव शाक्य, आशीष, पुष्कर मिश्रा, वैभव सोमवंशी, वहीं जिला गाइड कैप्टन भारती मिश्रा, ब्लाक गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह, बीना गौतम, हिमलेश शाक्य, ज्योति कुशवाहा, सीमा, आदि को आदेशित किया है कि स्काउट की जनपदीय रैली को सफल बनाये।

### बीवीडीसी में खेलकूद प्रतियोगितायें आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बद्री विशाल महाविद्यालय में 60 वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 4 दिसम्बर से 6 दिसम्बर के मध्य होगा। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, दौड़-कूद, भाला फेंक, गोला फेंक आदि प्रतियोगितायें होगीं। शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. सुरेन्द्र सिंह की देखरेख में प्रतियोगितायें सम्पन्न होगी। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने दी है।

### जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने बलिदानी खुदीराम बोस का मनाया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यालय पर खुदीराम बोस का जन्मदिन मनाया गया। सभी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। अध्यक्षता उत्तम कुमार मिश्रा ने की। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया। उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि खुदीराम बोस का जन्म आज के ही दिन हुआ था और 15 वर्ष की आयु में क्रांतिकारी गतिविधियों में हिस्सा लेने लगे। किशोरावस्था में अनुशासन समिति से जुड़कर अंग्रेज ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। 30 अप्रैल 1908 को प्रफुल्ल चन्द्र चाकी के साथ मिलकर बिहार के मुजफ्फरपुर में ब्रिटिश सरकार के मजिस्ट्रेट किंग्स फोर्ड की हत्या करने के लिए अंग्रेजी की बग्गी पर बम फेंक दिया। जिसमें दो ब्रिटिश महिलाओं की मौत हो गयी। उसी आरोप में उन्हे 18 वर्ष की आयु में फांसी दे दी गई। ऐसे बलिदानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर शिवाजी कटियार, पवन सिंह शाक्य, कृष्ण कुमार मिश्रा, कुलभूषण श्रीवास्तव, शिवकुमार वर्मा, पृथ्वीनारायन, भैरोनाथ त्रिवेदी, ओमप्रताप सिंह, शानू कुरैसी, कमलेन्द्र सिंह सिसौदिया, डॉ. मेहंदी हसन आदि लोग मौजूद रहे।

### गंगा में गिरने वाले नालों पर रोक लगाने की हिन्दू सेना ने उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपकर मांग की है कि गंगा जी स्थित बहादुरपुर में शमशान घाट पर गंगा जी में नाला का पानी आ रहा है। कच्ची घटिया व पराग डेयरी के सामने नाला का सीधा पानी गंगा जी में गिर रहा है। अमेठी कोहना में वॉटर शुद्धिकरण की व्यवस्था से जुड़वाने की मांग की है। जिला गंगा समिति व अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने चार सूत्रीय ज्ञापन में मांग की है कि पांचाल घाट पर बने शमशान घाट पर पराग डेयरी के सामने नाले का गंदा पानी सीधे गंगा जी में जा रहा है। घाटों का निर्माण हो रहा है। सभी को प्रदूषित जल को वाटर शुद्धिकरण इकाई से जोड़ा जाये। जिससे गंदा पानी गंगा में न जाये। फर्रुखाबाद को अपराकाशी कहते है, लोग कल्पवास करने आते है। पीडब्लूडी व एनएएचआई एक माह के लिए बंद हो, क्योंकि माघ मेले में लोग कल्पवास करने आ रहे है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा की दृष्टि से शुद्धता की दृष्टि से बनारस में होने वाले माघ मेले के कुम्भ की तर्ज पर खान-पान एवं वस्त्रों की दुकानें न लगवायी जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जितेन्द्र अग्रवाल, शिवम त्रिपाठी, बृजेन्द्र गुप्ता, मुकेश, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पारुल गुप्ता, कौशलेन्द्र द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुए खेलकूद प्रतियोगितायें व सांस्कृतिक कार्यक्रम

## डीएम व सीडीओ तथा बीएसए ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगितायें व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

प्रत्येक विकास खण्ड से दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद एवं बढ़पुर के अध्यापकों ने सुन्दर रंगोली बनायी।

जिसकी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशंसा की। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर के बच्चों द्वारा बैण्ड बाजे के साथ डीएम व सीडीओ का स्वागत किया। डीएम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं की खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर के छात्रों एवं कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय वाकूतगंज की छात्राओं ने प्रदर्शित पीटी तथा सम्पूर्ण आयोजन की डीएम ने सराहना करते हुये उपस्थित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक विकास हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी नितेशराज, जिला दिव्यांगजन अधिकारी अनिल चन्द्रा, जिला क्रीडा अधिकारी कर्मवीर, डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक (वा.शि.) नागेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक (समे0शि0), समस्त आई.टी. शिक्षक, जिला एवं विकास खण्ड के पीटीआई, जिला स्काउट मास्टर एवं विविध विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।



प्रतियोगिता में विजयी छात्रा को सम्मानित करते डीएम व मौजूद अधिकारीगण



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

## केडी बालिका डिग्री कालेज में स्टेफ्री सैनिटरी पैड्स जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्टेफ्री सैनिटरी पैड्स ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया। मुख्य आयोजक शिवानी वर्मा ने छात्राओं को जागरुक किया। कार्यक्रम का संचालन आदिती ने किया। कार्यक्रम में कृष्णा देवी डिग्री कॉलेज की लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षकों ने छात्राओं को जागरुक किया। डॉ. दया त्रिपाठी ने बालिकाओं को माहवारी से संबंधित विभिन्न समस्याओं से निपटने की जानकारी दी। हेल्दी पीरियड्स कैसे पाए जा सकते हैं इसके लिए क्या-क्या करना चाहिए आदि के बारे में स्टेफ्री सैनिटरी पैड्स की तरफ से भेजे गए डॉक्टर और कार्यकर्ताओं ने छात्राओं को विस्तार से समझाया। डॉ. दया त्रिपाठी ने छात्राओं से सुझाव लिये और बातचीत के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर दिये। इस दौरान शिक्षिकायें मौजूद रही।

# मण्डी में आलू की आमद बढ़ी, खरीददार बढ़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर आलू मण्डी में भाव अच्छा मिलने के कारण आलू की आमद दोगुनी हो गयी है। मंगलवार को लगभग 5 हजार पैकेट आलू की आमद रही। भाव में मामूली गिरावट के साथ निबल आलू 1001 रुपये से 1151 रुपये पैकेट आलू बिका। वहीं सुपर छट्टा आलू 1201 रुपये से 1271 रुपये पैकेट आलू का भाव रहा। जनपद के अलावा कानपुर व बिहार के भी व्यापारियों ने आकर आलू खरीदा।

बिहार में अभी भी नया आलू 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। जिस कारण बिहार के व्यापारी फर्रुखाबाद आलू मण्डी आकर आलू खरीदकर ले जा रहे है। शुरुआती आलू में किसानों को अच्छे दाम मिल रहे है। दिनों-दिन मण्डी में आलू की आमद बढ़ रही है। आलू आढ़तियों की दुकान पर आमद बढ़ने से रौनक लौट आयी है। पिछले एक सप्ताह से कई आढ़तियों की दुकानों पर आलू नहीं पहुंच रहा था। किसानों ने आलू की खुदाई का काम तेजी से शुरु कर दिया है। अब सभी आढ़तों पर आलू पहुंचने लगा है।



मण्डी में ट्राली से आलू उतारता किसान

# फतेहगढ़ में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, दो दुकानदारों का हुआ चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

व्यापारियों द्वारा दुकान के बाहर फुटपाथ पर सामान रख लेने से यातायात अवरुद्ध होने पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी की अगुवाई में फुटपाथ खाली कराये जाने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र छोटी जेल से पुलिस लाइन मार्ग पर स्थित दुकानदारों को फुटपाथ खाली करने की हिदायत दी और जो अवैध तरीके से अतिक्रमण दिखायी दिया उसे जेसीबी से हटवाया गया। इस दौरान कई व्यापारियों की नगर पालिका कर्मियों से नोकझोंक हुई। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने साफ तौर पर व्यापारियों से कह दिया कि आप जो भी व्यापार से संबंधित सामान है वह दुकान के अंदर रखे। फुटपाथ पर न लगाये। इसके लगा देने से यातायात अवरुद्ध हो जाता है कभी-कभी घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान नगर पालिका ने कुछ लोगों के चालान भी किये। जिसमें ग्रानगंज स्थित दुकानदार अनूप गुप्ता जिनकी दुकान में दोना पत्तल आदि सामान दिखायी दिया। वहीं ग्रानगंज स्थित दुकानदार कमल का भी चालान किया।

नगर पालिका की ओर से बताया गया कि प्रतिबंधित सामग्री विक्रेता के यहां मिलने पर उसका 10 हजार रुपये का व दूसरे का एक हजार रुपये का चालान किया गया और हिदायत दी गई कि आगे से वह यह न करें। इस दौरान नगर पालिका से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारी व नगर पालिका कर्मियों में होती नोकझोक

# कार्यकर्ताओं ने मनाया भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



केक काटते संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी चीफआजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का 38वां जन्मदिन पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। आजाद समाज पार्टी कानपुर मंडल उपाध्यक्ष नूर अहमद सिद्दीकी, भीम आर्मी मंडल सहसंयोजक अभिषेक राव बौद्ध, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष नितिन गौतम, जिला उपाध्यक्ष संजीव गौतम, जिला महामंत्री अतुल कठेरिया, सूरज, इशादहुसैन सिद्दीकी, विक्रांत गौतम, रविंद्र गौतम, प्रशांत गौतम, नन्हे दिवाकर, रामानंद दिवाकर, रवि गौतम, पंकज गौतम, शोभित, अंकित, दिलीप आदि मौजूद रहे।

# गाली देने का विरोध करने पर शराबी ने की फायरिंग

## पुलिस ने गाली-गलौज का बताया मामला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी बालकिशन पुत्र खंदारीलाल जाटव ने पुलिस को दी शिकायती पत्र में दर्शाया कि बीती शाम वह अपनी किराने की दुकान के बाहर खडा था, तभी गांव का ही ओमसिंह शाक्य पुत्र रघुनाथ शाक्य जो शराब के नशे में धुत था आया और अभद्रता करने लगा। जिसका मैने विरोध किया तो वह अपने परिजनों के साथ मेरे घर पर आया और जाति सूचक गाली-गलौज करने लगा। जिसका मैने विरोध किया तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर ग्रामीण आ गये। जिन्हे देखकर वह धमकी देकर भाग गया। इस दौरान दयाराम व नीलम देवी, कुसुमा देवी, रूवी मौजूद थी। इस घटना की सूचना पीड़ित बाल किशन ने 112 पर फोन करके पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की गाड़ी पहुंच गयी। पीड़ित द्वारा बतायी गई घटना की जांच पड़ताल की। इस दौरान पता चला कि आरोपी आये दिन शराब के नशे में ग्रामीणों से झगड़ा करता है और गाली-गलौज करता है। इस घटना के संबंध में कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने हमारे संवाददाता को बताया कि गाली-गलौज का मामला जांच में सामने आया है, फायरिंग जैसी कोई घटना घटित नहीं हुई है।



शिकायत करने के बाद जानकारी देते पीड़ित

# कृषक प्रशिक्षण में किसानों को दी गई जानकारी




कृषक प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी व किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल मिशन एडिविल आयल (आयल सीडस एवं टीवीओ योजना) के अन्तर्गत तिलहन की नवीनतम कृषि पौधागिकी का कृषकों को शीघ्र एवं प्रणाली हस्ताक्षर हेतु दो दिवसीय कृषकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। राजकीय बीज गोदाम परिसर बढ़पुर में कृषकों को तिलहन व बीज ग्राम योजना की विस्तार से जानकारी दी गई।

गोष्ठी में कृषि ज्ञान केंद्र जाजीपुर बाजरा के वैज्ञानिक महेन्द्र प्रसाद, संजय कुमार ने कृषकों को जानकारी दी। इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, प्रद्युम गंगवार, अमर सचान, निर्मल कुमार, रजनीश तिवारी, प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।





# दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण देना समाज की प्राथमिकता : राष्ट्रपति

**▸ वर्ष-2024 के लिए 22 व्यक्तियों व 11 संस्थानों को मिला सम्मान**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में वर्ष-2024 के लिए 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को दिव्यांगजनों को सहज और समान महसूस कराना चाहिए। उन्हें हर तरह से बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। सही मायनों में वही समाज संवेदनशील कहा जा सकता है, जिसमें दिव्यांगजनों को समान सुविधाएं और अवसर मिलें। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, उनके कौशल का विकास करना, रोजगार प्रदान करना, उनके उत्पादों की खरीद और विपणन सुविधाएं प्रदान करना उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांग होना किसी भी तरह की कमी नहीं है। यह एक विशेष स्थिति है। दिव्यांगजनों को सहानुभूति की जरूरत है, सहानुभूति की नहीं, उन्हें दया की नहीं, संवेदनशीलता की जरूरत है, उन्हें विशेष ध्यान की नहीं, बल्कि स्वाभाविक स्नेह की जरूरत है। समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिव्यांगजन समाज के अन्य सदस्यों के साथ समानता, गरिमा और सम्मान का अनुभव करें। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह काम करने का अवसर दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास और सार्थक जीवन जीने की भावना पैदा करता है। इस प्रकार, रोजगार, उद्यम और आर्थिक सशक्तीकरण के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## केरल सड़क दुर्घटना में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत

**अलपुझा।** केरल के अलपुझा जिले में सोमवार रात एक कार और राज्य परिवहन की बस की भिड़ंत में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के पांच छात्रों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में सवार 15 यात्री और कार में सवार छह छात्र भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कल रात उस समय हुई जब यहां भारी बारिश हो रही थी। गुरुवायुर-कायमकुलम फास्ट पैसेंजर बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 11 लोगों में से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य घायल हो गये। उन्हें वंदनम के टीडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में मलप्पुरम के कोट्टक्कल निवासी देवनाथन (19), पलक्कड़ के शेखरीपुरम निवासी श्रीदेव वाल्सन (19), कोट्टायम के चेन्नाडू निवासी आयुष शाजी (19), लक्षद्वीप के एंड्रोथ निवासी पीपी मोहम्मद इब्राहिम (19) और कन्नूर के पंड्याला निवासी मोहम्मद अब्दुल जब्बार (19) हैं।

# भारत को अमेरिका से एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ

**▸ इन उपकरणों की अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर**

एजेंसी




**वाशिंगटन।** आखिरकार संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत को एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने इनकी ब्रिकी के लिए हां कर दी। इन उपकरणों की अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। इस अहम फैसले का पूरा विवरण डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। पॉलिटिकल मिलेट्री अफेयर्स, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एजेंसी के विवरण को अपने एक्स हैंडल पर आज सुबह साझा किया।

डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने दो दिसंबर को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को एक अधिसूचना में बताया कि इन उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। महत्वपूर्ण यह है कि बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी।

पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अगले साल 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी की अधिसूचना के अनुसार, भारत ने 30 मल्टीफंक्शनल इन्फॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम-जॉइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम्स (एमआईडीएस-जेटीआरएस) खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इस बिक्री में मुख्य रूप से अनुबंध लॉकहीड मार्टिन रोटरी और मिशन सिस्टम के साथ होगा। इसके कार्यान्वयन में तकनीकी सहायता और प्रबंधन निरीक्षण के लिए अस्थायी आधार पर अमेरिकी सरकार के 20 या अनुबंध में शामिल कंपनियों के 25 प्रतिनिधियों की भारत की यात्रा की आवश्यकता होगी। बाइडेन प्रशासन का यह फैसला फैसला भारत के बेहद अहम माना जा रहा है। भारत को क्या-क्या मिलेगा 1-30 मल्टीफंक्शन इंफोर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ज्वाइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम। 2-उन्नत डेटा ट्रांसफर सिस्टम, बाहरी ईंधन टैंक, फॉरवर्ड लुकिंग इंफारेड सिस्टम। 3-ऑपरेटर मशीन इंटरफेस, अतिरिक्त कंटेनर आदि। 4-डिजाइन, निर्माण और परीक्षण में अमेरिकी मदद।

# कोलकाता इस्कॉन ने बांग्लादेश की सरकार से वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की

एजेंसी



**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) कोलकाता ने बांग्लादेश सरकार से अपील की है कि हिंदू संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास के मामले में वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यह अपील तब आई जब दास के वकील रमन रॉय के घर में इस्लामवादियों के एक समूह ने हमला किया।

इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने सोमवार को बताया कि रमन रॉय की केवल ÷गलती÷ यह थी कि उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का बचाव किया। इस हमले में रॉय गंभीर रूप से घायल हो गए और वे आईसीयू में जीवन संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नया वकील अभी तक उनका केस लड़ने के लिए सामने नहीं आया है। जो वकील लड़ना चाहते हैं, वे डरे हुए हैं कि उनके साथ भी वही हो सकता है जो रमन रॉय के साथ हुआ। दास ने बांग्लादेश सरकार से अपील की कि जो वकील यह केस लड़ने के लिए आगे आना चाहते हैं, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षित हमलों को सख्ती से रोका जाना चाहिए। यह स्थिति बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के न्याय की वकालत करने वालों के सामने खड़ी दुश्मनी को उजागर करती है। चिन्मय कृष्ण दास, जो बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता थे, उनको गत सप्ताह सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। वे चटगांव में एक रैली में भाग लेने जा रहे थे। उन्हें जमानत से इनकार कर जेल भेज दिया गया। बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर बात करते हुए दास ने कहा कि 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वहां हिंदुओं की आबादी लगभग 22 प्रतिशत थी।

## हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली जमानत

**ढाका।** बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय दास ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4ः30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। तब से वह जेल में हैं। बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी।

# भारतीय महिला हॉकी टीम जूनियर एशिया कप के लिए ओमान रवाना

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जूनियर एशिया कप 2024 में भाग लेने के लिए ओमान रवाना हुई।

सात से 15 दिसंबर को ओमान के मस्कट में होने वाला जूनियर एशिया कप एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। भारतीय टीम की अगुआई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है।

टीम को पूर्व भारतीय कप्तान तुषार खांडकर द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। ज्योति सिंह ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, ÷हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी और अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम ओमान के मस्कट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है। उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा, ÷यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय जूनियर पुरुष टीम नॉकआउट चरण में प्रवेश कर गई है और वे खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। हम उनके मैचों का अनुसरण कर रहे हैं और हम शेष मैचों में उनका उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद रहेंगे। हम भारतीय हॉकी प्रशंसकों से आग्रह करते हैं कि वे हमें खेलते हुए देखें और हमारा उत्साहवर्धन करें। मस्कट में भारतीयों का एक बड़ा समुदाय है, हमें उम्मीद है कि वे हमारा उत्साहवर्धन करने आएंगे।

# खबरें एक नजर में

## कारीगरी ने लॉन्च किया प्रोटीन से भरपूर न्यूट्रिशियस नो-मैदा चाप



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कारीगरी रेस्टोरेंट्स ने अपने नए और अनोखे नो-मैदा चाप मेन्यू के लॉन्च की घोषणा की है। हेल्दी सामग्री जैसे कटहल का आटा और शुद्ध प्लांट-बेस्ड प्रोटीन से तैयार यह चाप पारंपरिक व्यंजनों का नया रूप है, जिसमें स्वाद से कोई समझौता नहीं किया गया है। इन चाप को आधुनिक तकनीक का उपयोग करके बनाया गया है, जिसमें सोया प्रोटीन, गेहूं प्रोटीन, साइलियम हस्क फाइबर, प्लांट-बेस्ड स्टार्च और पानी का उपयोग किया जाता है, साथ ही कृत्रिम रसायनों और प्रिजर्वेटिव्स से बचा गया है। हर सर्विंग में 18त्न प्रोटीन की मात्रा के साथ, ये चाप किसी भी भोजन में पोषण का बेहतरीन विकल्प हैं। कारीगरी के नए मेन्यू में नो-मैदा चाप के कई स्वादिष्ट व्यंजन शामिल हैं, जैसे भरवां तंदूरी मलाई चाप, भरवां तंदूरी चाप, चाप टिक्के, नो मैदा चाप रोगनी और नो मैदा चाप टिक्का मसाला। ये व्यंजन प्रामाणिक स्वाद और पौष्टिक, प्लांट-बेस्ड सामग्री के साथ बनाए गए हैं, जो भोजन प्रेमियों और स्थिरता के समर्थकों के लिए एकदम सही हैं। कारीगरी के सह-संस्थापक, सीईओ योगेश शर्मा ने कहा- फ्रकारीगरी में, हम अपने नो मैदा चाप के जरिए खाने के अनुभव को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। कटहल के आटे से तैयार यह चाप न केवल हेल्दी है, बल्कि हाइजीन और क्वालिटी का भी ध्यान रखता है। पारंपरिक चाप, जो अक्सर मैदा और अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार होते हैं, के विपरीत हमारी इनोवेशन स्वाद, गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करता है। अब बेहतर और हेल्दी चाप का आनंद लें!

## सीमा पर पाक के चार ड्रोन दबोचे, एक किलोग्राम हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के चार ड्रोन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की। बीएसफ प्रवक्ता ने आज बताया कि तरनतारन व अमृतसर जिलों में अभियान चलाकर दो डीजेआई थ्री एस तथा दो डीजेआई माविक थ्री क्लासिक ड्रोन बरामद किए गए। प्रवक्ता के अनुसार, बरामद किए गए ड्रोन से क्रमशः 541 ग्राम तथा 570 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस बीच गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से एक व्यक्ति को दो किलो 193 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति पाकिस्तान से आए ड्रोन से गिराई गई हेरोइन को लेने सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचा था। बीएसएफ ने तस्कर को पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया है।

## पुलिस ने इनामी कमांडर सहित तीन नक्सलियों को पकड़ा

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना मिरतुर एवं नेलसनार की अलग-अलग कार्रवाई में 10 हजार के ईनामी नक्सली जनताना सरकार सदस्य एवं सीएनएम कमांडर सहित तीन नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक दिसंबर को थाना मिरतुर एवं 15/ई कंपनी छसबल चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोण्डा, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी और वापस लौटते समय पाटलीगुड़ा पुलिया के पास उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे।
उन्हें पकड़ लिया गया और जांच में, उनके पास से पांच किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया।

## त्रिपुरा पुलिस ने अखौरा एकीकृत चेक पोस्ट पर बढ़ाई सुरक्षा

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने मंगलवार को बांग्लादेश चलो अभियान रैली के मद्देनजर अगरतला के अखौरा एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। चेकपोस्ट पर बैरिकेडिंग की गई है। यह विरोध बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और इस्कॉन सदस्य चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी के खिलाफ किया जा रहा है। विरोध कार्यक्रम अगरतला में रवींद्र शाता बार्शिकी भवन के सामने शुरू हुआ। त्रिपुरा पुलिस ने कहा कि आज एक समूह ने बांग्लादेश चलो अभियान नामक विरोध रैली का आयोजन किया है। उन्होंने इसके लिए अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इसके लिए अगरतला-अखौरा एकीकृत चेक पोस्ट के पास अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और अगरतला के बीच यात्रा करने वाले यात्री बिना किसी परेशानी के आईसीपी का उपयोग कर रहे हैं। भारत सरकार ने सीमा पार व्यापार और यात्री आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एकीकृत चेक पोस्ट स्थापित किए हैं।

## ईडी का शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी केस में दूसरा समन

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पोर्नोग्राफी केस में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर चार दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सोमवार को भी कुंद्रा को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया था। मगर वह नहीं पहुंचे। कुंद्रा ने अपने वकील के माध्यम से ईडी से कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। ईडी ने सोमवार रात कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर पूछताछ के चार दिसंबर को उपस्थित रहने को कहा है। इस केस में ईडी का राज कुंद्रा के मुंबई के सांताक्रूज स्थित आवास पर छापा पड़ चुका है। ईडी ने कुंद्रा से जुड़े लोगों के करीब 15 ठिकानों पर भी छापा मारा था। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर अश्लील सामग्री तैयार कर उसे मोबाइल ऐप्स के माध्यम से वितरित करने का आरोप है। इस मामले में उन पर वित्तीय हेराफेरी का भी आरोप है। उल्लेखनीय है कि 2021 में चार फरवरी को मुंबई पुलिस ने मालाड के मालवणी स्थित एक बंगले पर छापा मारा था।

# रूस व यूक्रेन युद्ध के बीच किफायती दर पर भारत ने उपलब्ध कराया उर्वरक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल ही में उत्पन्न भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने आवश्यकता के आधार पर एनबीएस सब्सिडी दरों के अतिरिक्त विशेष पैकेज प्रदान करके किफायती मूल्यों पर उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की है। ताकि उर्वरकों का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर रहे और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम किया जा सके। सरकार ने रबी 2021-22 में दो बार, फिर खरीफ 2022, रबी 2022-23, खरीफ और रबी 2024 में एनबीएस दरों के अतिरिक्त विशेष/अतिरिक्त पैकेज प्रदान किए हैं।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि अपने स्रोतों में विविधता लाने के लिए भारत सरकार उर्वरक संसाधन संपन्न देशों के साथ संपर्क करती है और भारत को उर्वरकों, मध्यवर्ती पदार्थों और कच्चे माल की आपूर्ति के लिए भारतीय उर्वरक कंपनियों और संसाधन संपन्न देशों के आपूर्तिकर्ताओं के बीच दीर्घकालिक समझौतों पर हस्ताक्षर करने की सुविधा प्रदान करती है।

उन्होंने बताया कि किसानों को उत्पादन लागत की परवाह किए बिना वैधानिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर यूरिया उपलब्ध कराया जाता है। यूरिया के 45 किलोग्राम बैग का सब्सिडी वाला एमआरपी 242 रुपये (नीम कोटिंग और लागू करों के लिए शुल्क के अलावा) प्रति बैग है। यूरिया की खेत पर आपूर्ति की गई लागत और यूरिया इकाइयों द्वारा शुद्ध बाजार प्राप्ति के बीच का अंतर भारत सरकार द्वारा यूरिया निर्माता अथवा आयातकर्ता को सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।

# कवि सम्मेलन में लोगों ने लगाए ठहाके

**▸ हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव : अजल फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ कवि सम्मेलन**

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की पंद्रहवीं सांस्कृतिक संध्या पर कवियों ने जोरदार तरीके से प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवम गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर अजल फाउंडेशन के के संस्थापक सुनील कुमार मल्होत्रा एवं सह संस्थापक गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कविता पाठ पढ़ा गया। सर्वप्रथम सुनील कुमार मल्होत्रा ने ÷गुजरी बातों को छोड़ा न जाए। पुराने जख्मों को कुरेदा न जाए÷। वहीं गौरव गौरवान्वित द्वारा रचित पाठ प्रस्तुत किए जानें पर दर्शकों में जोश पूरे उत्साह से दिखा। कवियों एवं कवित्रियों में निर्भय निश्चल, सिराज खान, शशि नारायण त्रिपाठी, दीपक शर्मा सार्थक, कीर्ति शर्मा वाणी, अविरल शुक्ला, स्वप्निल शर्मा, कृपा संगम एवम विमलेश चौधरी मैं अपनी अपनी काव्य रचनाओं से दर्शकों को वाह वाह करने पर मजबूर किया और तालियां बजाकर कवियों/कवित्रियों का स्वागत किया। अविरल शुक्ला द्वारा कई घायल परिंदे भी गगन के पार उड़ जाते। निकम्मे लोग होते जो परों की बात करते हैं।। कविता पढ़कर दशकों में जोश भर दिया है। कवि सम्मेलन का कुशल संचालन निर्भय निश्चल ने किया। कार्यक्रम के अगले सोपान में विद्या नृत्यम फाउंडेशन से आद्या बिष्ट पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा वही अनीता मिश्रा हरे कृष्णा भजन गाकर पूरे पंडाल को कृष्ण के रस में डूबा।

महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बने झूले और राजस्थानी प्याज कचोरी, मूंगदाल कचोरी, मावा कचोरी स्वाद का लुत्फ लोग ले रहे है। वहीं फन जोन में झूलों की आकर्षक रेंज में नाव झूला, ज्वाइंट व्हील, ब्रेक डांस, भूत गुफा, टोरा- टोरा, ट्वाय ट्रेन, रेंजर, ट्वाय कार, ट्वाय जीप, ट्वाय हेलीकॉप्टर, ग्राइंड बेल व कोस्टर झूला शामिल है। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, भारती सिंह व मनोज सिंह चौहान उपस्थित रहे। महोत्सव के रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवम मनीष पंडित ने किया।

# एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन-5 में दिखा संस्कृति व उम्मीद का संगम

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** सफल और स्थायी मैराथनों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन-5 के लखनऊ संस्करण में संस्कृति और उम्मीद का अद्भुत संगम देखने को मिला। 1 दिसंबर 2024 की सर्द सुबह, लखनऊ शहर के लोग प्रतिष्ठित 1090 गोमती नगर में न केवल फिनिश लाइन पार करने के लिए, बल्कि उससे कहीं आगे जाने के लिए एकत्रित हुए।

लखनऊ के 4000 से अधिक प्रतिभागी इस खास मौके पर एकजुट हुए। इससे यह साबित हो गया कि लखनऊ के लोग अपने शहर से न केवल प्यार करते हैं, बल्कि एक स्थायी कल के लिए अपना योगदान देने के मामले में भी तत्पर हैं। एसबीआई और मिर्ची हमेशा से एक स्थायी मैराथन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर खरे उतरे हैं। इस दौड़ के लिए पंजीकरण के दौरान प्रतिभागियों को ऑर्गेनिक टी-शर्ट्स और पौधारोपण के लिए उपयोगी बिब्स प्रदान किए गए, ताकि शुरुआत से ही स्थिरता का संदेश दिया जा सके। दौड़ की श्रेणियों में 5 किमी, 10 किमी, और 21 किमी शामिल थीं, जिससे हर तरह के धावक, चाहे वे शुरुआती हों या विशेषज्ञ, भाग ले सकें। एसोसिएशन ऑफ़ इंटरनेशनल मैरथंस एंड डिस्टेंस रेसेस (एआईएमएस) द्वारा प्रमाणित होने से इसे वैश्विक मान्यता मिली, जिससे यह दौड़ वैश्विक अवसरों के लिए दरवाजे खोलती है। एसबीआई के प्रतिनिधि श्री अनिल कुमार-जीएम, एम.एल.वी.एस. प्रकाश-जीएम, कौशलेंद्र कुमार-जीएम, भजन लाल-जीएम और दीपक कुमार झा-जीएम के साथ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा एसएम वीएसएम - चीफ ऑफ स्टाफ सेंट्रल कमांड और आर्मी सर्विस कॉर्प्स के कर्नल कमांडेंट ने मैराथन का शुभारंभ किया।

# आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हराया, नॉकआउट चरण में पहुंचने में असफल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को चीन के चेंगदू में आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप 1 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हरा दिया। हालांकि जीत के बावजूद भारत नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

इससे पहले, भारत टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अमेरिका से 3-8 से और दूसरे मैच में चीन से 0-8 से हार गया था। कुल आठ गेम जीतने वाली पहली टीम मैच जीतती है। जहां चीन तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, वहीं अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत एक-एक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हालाँकि, जीते गए खेलों और हारे हुए खेलों के बेहतर अनुपात के कारण अमेरिकी दूसरे स्थान पर रहे और नॉकआउट के लिए योग्य रहे। भारत ने शरथ कमल, मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला जैसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के बिना टूर्नामेंट खेला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती मिश्रित युगल मैच में पृथा वर्तिकर और जीत चंद्रा को फिन लू और जियान फैंग ले के खिलाफ 2-1 (11-8, 11-3, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा।


महिला एकल में कॉन्स्टेंटिना साइहोगियोस ने यशस्विनी घोरपड़े को 2-1 (13-11, 10-12, 11-6) से हराया। इसके बाद स्नेहित सुरवज्जुला ने पुरुष एकल में निकोलस लुम को 2-1 (11-6, 9-11, 11-7) से हराकर भारतीय वापसी की शुरुआत की। सुरवाज्जुला और चंद्रा ने पुरुष युगल में लुउ और लुम को 2-1 (11-8, 10-12, 11-9) से हराया। निर्णायक महिला युगल में वर्तिकर और घोरपड़े ने साइहोगियोस और ले पर 2-0 (11-8, 11-7) की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। भारतीय टीम में मानुष शाह, मानव ठक्कर, पोयमंती बैस्या और सयाली वानी भी थे।

## हॉकी इंडिया लीग का रेडियो पार्टनर बना बिग एफएम

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख रेडियो नेटवर्कों में से एक, बिग एफएम ने 2024-25 सीज़न के लिए आधिकारिक रेडियो पार्टनर के रूप में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य हॉकी को लाखों प्रशंसकों के करीब लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि इंडियाकागेम की गूंज देश के हर कोने में हो। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर 2024 को शुरू होगी, जिसमें आठ पुरुष और चार महिला टीमों की रोमांचक लाइनअप राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेगी। विशेष रूप से, यह सीज़न महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो हॉकी इंडिया की समावेशिता और खेलों में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बिग एफएम के सीओओ सुनील कुमारन ने कहा, बिग एफएम को भारत की समृद्ध हॉकी विरासत का जश्न मनाने और बढ़ावा देने के लिए हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। हॉकी लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखती है, और यह सहयोग जागरूकता फैलाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खेल की विरासत और महत्व के बारे में, हमारा लक्ष्य हॉकी की अविश्वसनीय यात्रा पर प्रकाश डालना और पूरे देश में इस खेल के प्रति गहरी सराहना को प्रेरित करना है। सहयोग पर हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, रेडियो में देश के सुदूर कोनों में लोगों से जुड़ने की एक अद्वितीय क्षमता है, जो इसे एक आदर्श माध्यम बनाती है। हॉकी को बढ़ावा दें। बिग एफएम की आकर्षक सामग्री और देशव्यापी पहुंच के साथ, हमारा लक्ष्य हॉकी को घरेलू चर्चा बनाना है। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, बिग एफएम की मनमोहक कथा शैली और व्यापक पहुंच इसे हॉकी के प्रशंसक आधार को बढ़ाने के लिए एक आदर्श भागीदार बनाती है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने लॉन्च की नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है। काइलैक चार वेरिएंट में उपलब्ध होगी - क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर और प्रेस्टीज। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये है, जो काइलैक क्लासिक ट्रिम के लिए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपये होगी।

ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग आज शाम 4 बजे से शुरू हो रही है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। काइलैक को लॉन्च से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। काइलैक हैंड-रेज़र, काइलैक क्लब के सदस्य और डीलर पूछताछ के माध्यम से 1.6 लाख से अधिक लोगों ने अपनी रुचि दिखाई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरुआत का संकेत है। यह न केवल स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। खास बात यह है कि हमने पहले 33,333 ग्राहकों के लिए सेगमेंट में सबसे बेहतर स्वामित्व अनुभव देने की घोषणा की है। कायलाक ने 2024 में जोरदार उत्साह पैदा किया है और इसकी हर ओर चर्चा है। नवंबर में इसके वर्ल्ड प्रीमियर के समय से ही यह सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इस एसयूवी में शानदार ग्लोबल डिज़ाइन, बेहतरीन ड्राइविंग डायनैमिक्स, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और स्पिशियस एवं फंक्शनलनल इंटीरियर जैसे कई खासियतें हैं।